WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 332 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दोनों उप मुख्यमंत्रियों को कसौटी पर कसेंगे निकायों के चुनाव परिणाम

- राज्य के इतिहास में पहली बार एक साथ हो रहे निकाय और पंचायत चुनाव
- अरुण साव और विजय शर्मा के विभागों की रिपोर्ट कार्ड को लेकर चुनावी मैदान में उतरेगी भाजपा

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं। राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। इस चुनाव से पूर्व सरकार ने विधानसभा में कुछ संशोधन विधेयक पेश कर परम्परागत तरीकों को बदला हैं, जैसे अब निगम के महापौर और पालिका के अध्यक्ष को सीधे जनता चुनेगी। हालांकि पांच साल पहले भी जनता ही चुनती थी लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पार्षदों से महापौर चुनने का प्रावधान कर दिया था, जिसे भाजपा सरकार ने बदल दिया। इन चुनावों की समीक्षा करें तो बहुत से क्रियाकलाप पहली बार होंगे। जैसे कि पहली बार राज्य की किसी सरकार में दो उपमुख्यमंत्री हैं और दोनों के पास ऐसे विभाग है, जिसका सीधा असर इन चुनावों पर होना है। जैसे अरूण साव के पास यदि नगरीय निकाय है तो विजय शर्मा के पास भी पंचायत ग्रामीण विकास विभाग है। इन दोनों उपमुख्यमंत्रियों के विभागों का संबध सीधा जनता से है। यानी विधानसभा चुनाव के 6 महीने बाद लोकसभा और उपचुनाव में बम्पर जीत हासिल करने वाली भाजपा के लिए यह चुनाव साल भर के रिपोर्ट कार्ड से कम नहीं है। इसे साल भर बाद हो रहे मिनी विधानसभा चुनाव भी मान सकते हैं। चूंकि पहली बार दोनों स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ हो रहे हैं। इससे स्थानीय चुनाव आयोग की क्षमता भी कसौटी पर होगी। प्रदेश के 10 नगर निगमों के महापौर के अलावा पालिका के अध्यक्ष और नगर पंचयातों के अध्यक्षों को चुना शेष पृष्ठ 6 पर

ओबीसी आरक्षण पर अरुण साव का बड़ा काउंटर

पहली बार ऐसा होगा कि जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी का आरक्षण नहीं होगा। इसका कांग्रेस विरोध कर रही है तो पेशे से वकील उपमुख्यमंत्री अरूण साव अपना ही उदाहरण देकर कांग्रेस से सवाल करते हैं कि मैं ओबीसी हूं और मैने कौन सी आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा हैं। कांग्रेस को जवाब देने के लिए सत्ता और संगठन अरूण साव को मोर्चे पर लगा दिया है। लेकिन इससे इतर साल भर में नगरीय क्षेत्रों में हुए कामकाज असल चुनौती है। वहीं पंचायतों के हाल को दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भलीभांति जानते हैं, इन चुनावों में उनका भी साल भर का कार्यकाल ग्रामीण मतदाताओं की कसौटी पर है।

विकास कार्यों का हिसाब मांगेगी जनता

ऐसे में उनके विभाग संभालने के बाद छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में विकास के अधोसंरचना में कितने काम हुए हैं, यह जनता को बताना होगा। क्योंकि नगरीय क्षेत्र में आज भी लोगों द्वारा मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांगें खबरों में आती ही रहती हैं। अभी तक इन पर क्या कुछ हुआ है, जिसका हिसाब जनता मांग इस चुनाव में मांगेगी। ये दीगर है कि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि या विकास के कार्यों की मंजूरी गिनाए जाए। बहरहाल, अब इस स्थानीय निकायों के चुनाव में जनता को बताना ही होगा कि आने वाले 4 सालों में क्या करेंगे।

आज बेबाक

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में योगी सरकार के मंत्रियों ने संगम में डुबकी लगाई। इसके पूर्व वहां कैबिनेट की बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। इससे उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बडी पीड़ा हुई। उनका कहना है कि महाकुंभ में इस तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए जबकि खुद सपाइयों ने महाकुंभ स्थल पर स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करा रखी है। जहां सपाई उनकी पूजा अर्चना कर रहे हैं। लगता है सैफाई महोत्सव समर्थकों के लिए ही बना है यह गाना- वो करे तो रास लीला हम करें तो कैरेक्टर ढीला है।

छत्तीसगढ़ को मिले 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ में एफडीआई के खुले रास्ते, निवेशकों के लिए बिछाया रेड कारपेट : CM विष्णुदेव साय

- मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से किया संवाद

मुंबई /रायपुर/नवप्रदेश। मुंबई में हाल ही में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने नई उद्योग नीति के माध्यम से निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 शेष पृष्ठ 6 पर

ऊर्जा और खनिज उत्पादन में अग्रणी

मुख्यमंत्री ने बताया खनिज संसाधनों और विद्युत उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से हैं। जो कोर इंडस्ट्री के लिए सबसे जरूरी खनिज हैं, जैसे कोयला, लोहा और बाक्साइट आदि, यह छत्तीसगढ़ में प्रचुरता से है और स्वाभाविक रूप से हमारा प्रदेश स्टील, सीमेंट और एलुमीनियम आदि के उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से है। 25 हजार मेगावाट उत्पादन क्षमता के साथ छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट राज्य है। देश के 16 प्रतिशत स्टील और 15 प्रतिशत एल्यूमीनियम का उत्पादन छत्तीसगढ़ में होता है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो टिन का उत्पादन करता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में लीथियम जरूरी है। छत्तीसगढ़ में न केवल लीथियम के बड़े भंडार मिले हैं अपितु हम लीथियम ब्लाक की नीलामी करने वाले पहले राज्य हैं।

बिड़ला ग्रुप छत्तीसगढ़ में वस्त्र, पेंट और आभूषण के क्षेत्र में निवेश की सम्भावना

मीट के दौरान आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य में अपने उद्योगों के विस्तार के बारे में चर्चा की। आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ में वस्त्र, पेंट और आभूषण के क्षेत्र में निवेश की सम्भावना जताई है। वहीं गोदरेज समूह की कार्यकारी निदेशक तान्या डुबाश ने भी छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरक, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ मोल्डेड फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में निवेश की संभावना व्यक्त की है। ऊर्जा, इस्पात, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी एस्सार ग्रुप के वरिष्ठ सलाहकार डॉ हसीब द्रबू ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, इस्पात और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं जताई हैं। वहीं, क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संतोष कटारिया ने मुलाकात के दौरान कहा खनिज संसाधन और सुलभ कुशल श्रमिक को राज्य में वस्त्र उद्योग के लिए अच्छी संभावनाएं हैं।

कई प्रमुख उद्योग समूहों ने राज्य में निवेश के दिए प्रस्ताव

इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड ने राज्य में 2367 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की घोषणा की। वहीं बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट ने राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की इच्छा जताई है, जिसके लिए उन्होंने 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नया रायपुर में अस्पताल की स्थापना से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्लास्टिक और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अग्रणी वेलस्पन ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना साझा की है। वहीं ड्रूल्स कंपनी ने पालतू जानवरों के आहार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में 625 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही क्रिटेक टेक्नोलॉजीज ने राज्य में आईटी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। नन्टेक्स मशीनरी ने 45 करोड़ और नन्टेक्स इंडस्ट्रीज ने 39.50 करोड़ तथा पिडिलाइट इंडस्ट्रीज 80 करोड़ व विजन प्लस सिक्योरिटी ने 50 करोड़ के निवेश की योजना साझा की है। इन सबके साथ ही अन्य कंपनियों को मिलकर कुल 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को मिले हैं।

सीएम विष्णुदेव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत से की मुलाकात

मुबंई(ए.)। सीएम विष्णुदेव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी से मुलाकात की। आज सीएम विष्णुदेव साय मुंबई में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उद्योगपतियों से मुलाकात की। प्रदेश की नई औद्योगिक विकास नीति पर चर्चा हुई। साथ ही औद्योगिक विकास के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

सीएम साय ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि समाज में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने और उनके साथ होने वाले भेदभाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। साय ने कहा कि बालिकाएं देश-प्रदेश, समाज और परिवार की शान, मान और अभिमान होती हैं। उन्हें सशक्त बनाने के लिए सुरक्षित और सहज माहौल देने की जरूरत है। इसके लिए समाज को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सम्मान की परंपरा रही है।

महापौर प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति लगाएगी मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। निगम चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख पार्टियों की बैठक का सिलसिला जारी है। वहीं प्रत्याशियों के चयन को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल यानी शुक्रवार को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे।निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल बढ़ गई हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल होने वाली बैठक में महापौर प्रत्याशियों पर चर्चा कर पार्टी फैसला करेगी।

सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ:शाह

27 को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने महाकुंभ में आएंगे

अहमदाबाद (ए.)। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है, उसे देखकर दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित हैं। इतना ही नहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने उनसे निमंत्रण कार्ड के लिए अनुरोध किया। इस पर शाह ने कहा कि मैंने उन्हें बताया कि इसके लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं है, क्योंकि करोड़ों लोग ग्रहों की स्थिति के अनुसार एक विशिष्ट समय पर एकत्र होते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं। शाह ने कहा कि मेरे बताने पर वे लोग भरोसा नहीं कर रहे कि 40 करोड़ लोग बिना किसी निमंत्रण के एक जगह एकत्र होते हैं। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि कुंभ सद्भाव और एकता का संदेश देता है क्योंकि वहां कोई किसी से नहीं पूछता कि आप किस धर्म, संप्रदाय या जाति से हैं। आपको बिना किसी भेदभाव के वहा भोजन मिलेगा और पवित्र डुबकी लगाने के बाद घर वापस जाएंगे। दुनिया में कोई भी अन्य घटना इससे अच्छा शेष पृष्ठ 6 पर

फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर बनें आयुष्मान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) फ्रेम्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए प्रतिष्ठित फिक्की फ्रेम्स इस साल अपनी 25वीं सालगिरह का जश्न मनाने जा रहा है। इस खास मौके पर बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया है। आयुष्मान खुराना अब भारतीय मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के चेहरे के रूप में इस आयोजन से जुड़े हैं। इस साल के खास संस्करण का थीम राईस : रिडिफायनिंग इनोवेशन , सस्टेनेबिलिटी, एंड एक्सीलेंस है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि फिक्की फ्रेम्स ने किस प्रकार नैरेटिव्स को आकार देने, क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने और मीडिया व एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के विकास में योगदान दिया है।हर साल मुंबई में आयोजित होने वाला यह इवेंट दुनिया भर के प्रभावशाली व्यक्तित्वों, क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाता है। इसमें उभरते ट्रेंड्स, नई तकनीकों, और मनोरंजन जगत की प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा होती है। आयुष्मान खुराना ने कहा, फिक्की फ्रेम्स के पहले ब्रांड एंबेसडर के रूप में सिल्वर जुबली वर्ष में चुना जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। एक ऐसे इंसान के रूप में, जो चंडीगढ़ से मुंबई केवल सपने लेकर आया था, मैंने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि मेरी यात्रा

विकसित भारत के लिए एकजुट रहें

नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने आमजन से किया आह्वान

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोगों से विकसित भारत के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोडऩे की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे-पीएम

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि नेताजी ने आराम के दायरे से बाहर निकलकर देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। पीएम ने आगे कहा, वे कभी भी आराम के दायरे में नहीं फंसे। इसी तरह, हम सभी को एक विकसित भारत बनाने के लिए अपने आराम के दायरे से बाहर निकलना होगा। हमें खुद को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना होगा। हमें उत्कृष्टता को चुनना होगा और दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। प्रधानमंत्री ने बोस के नाम पर अंडमान में द्वीपों का नामकरण, इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना जैसे कई फैसलों का हवाला दिया, जो उनकी विरासत को बढ़ावा देने के लिए उनके काम पर जोर देने के लिए उनकी सरकार की तरफ से लिए गए थे। उन्होंने कहा कि बोस को भारत की विरासत पर गर्व था। उन्होंने कहा कि विकास की तेज गति लोगों की प्रगति, सशस्त्र बलों को मजबूत करने और समग्र विकास के साथ-साथ चलती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, आधुनिक बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जा रहा है और सशस्त्र बलों की ताकत अभूतपूर्व तरीके से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आवाज के रूप में उभरा है।

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो साझा करते हुए लिखा- आज पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे।

गरमा-गरम

दुल्लेड़-मेटागुड़ा जंगल

सीआरपीएफ के जवानों की बड़ी छापेमारी

जवानों को मिला भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामान

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने बड़ी छापेमारी की है। दुल्लेड़ और मेटागुड़ा के बीच जंगल में नक्सलियों का डंप यार्ड मिला है। यहां से जवानों ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और उपकरण बरामद किया है। कोबरा की 203 और सीआरपीएफ की 131वीं बटालियन के जवानों ने कार्रवाई करते हुए नक्सलियों का डंप बरामद किया । जवानों ने डंप से जनरेटर से लेकर विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद किया। इस दौरान ये भी सामने आया कि नक्सली बरामद किए गए उपकरणों का इस्तमाल कर बीजीएल सेल्स बनाते थे।

50 किलो आईईडी निष्क्रिय

बीजापुर में नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर सुरक्षा बलों ने पानी फेर दिया है. बासागुड़ा थाना क्षेत्र के डीआरजी, बीडीएस, सीआरपीएफ 168 बटालियन की टीम ने दुर्गा मंदिर के लगभग 50 किलो का आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से बासागुड़ा- तिम्मापुर रोड़ पर 50 किलो का आईईडी लगा रखा था। सुरक्षा बलों के जवानों ने सूझबूझ तरीके से आईईडी को बरामद कर सुरक्षित स्थान पर निष्क्रिय किया।

2 किलो का आईईडी और एक डमी आईईडी बरामद

अरनपुर क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों ने 02 किलो का आईईडी और एक डमी आईईडी बरामद किया है। नुकसान पहुंचाने की नीयत से माओवादियों ने आईईडी लगाई थी। सर्चिंग के दौरान अरनपुर मुख्य मार्ग से लगभग 5 किमी की दूरी पर ग्राम समेली से बर्रेम जाने के रास्ते में जवानों ने दो किलो का प्रेशर आईईडी बम बरामद किया। दंतेवाड़ा की संयुक्त ने कार्यवाही करते हुए आईईडी को सुरक्षित निष्क्रिय किया।

गणतंत्र दिवस की झांकियों में गीता, महाकुंभ और संविधान की झलक

बिहार की झांकी में स्वर्णिम भारत, मध्य प्रदेश की झांकी में कुनो राष्ट्रीय उद्यान, त्रिपुरा की झांकी में दिखेगा शाश्वत श्रद्धा

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली झांकियों में इस वर्ष भगवत गीता, महाकुंभ 2025, नालंदा विश्वविद्यालय और संविधान के 75 वर्ष की झलक देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की परेड होगी। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह की थीम 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' है।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान इस थीम पर 16 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के 10 मंत्रालयों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। झांकियां भारत की विविध शक्तियों और इसके निरंतर विकसित होते सांस्कृतिक समावेश को प्रदर्शित करेंगी। भाग लेने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में गोवा, उत्तराखंड, हरियाणा, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक गोवा की झांकी में गोवा की सांस्कृतिक विरासत को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड की झांकी में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और साहसिक खेल देखने को मिलेंगे। हरियाणा भगवत गीता का प्रदर्शन करेगा।

झारखंड 'स्वर्णिम झारखंड : विरासत और प्रगति की विरासत' को अपनी झांकी में दर्शाएगा।

गुजरात की झांकी में 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' की झलक मिलेगी। आंध्र प्रदेश की झांकी में 'एटिकोप्पका बोम्मलु - पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के खिलौने' दर्शाए जाएंगे। पंजाब अपनी झांकी में 'पंजाब ज्ञान और बुद्धि की भूमि है' बताएगा। उत्तर प्रदेश की झांकी में 'महाकुंभ 2025 - स्वर्णिम भारत विरासत और विकास' के दर्शन होंगे।

बिहार की झांकी में 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास (नालंदा विश्वविद्यालय)' दिखाया जाएगा। मध्य प्रदेश की झांकी में 'मध्य प्रदेश का गौरव : कुनो राष्ट्रीय उद्यान - चीतों की भूमि' होगा। त्रिपुरा 'शाश्वत श्रद्धा : त्रिपुरा में 14 देवताओं की पूजा-खर्ची पूजा' अपनी झांकी में दर्शाएगा।

दिल्ली की झांकी में 'गुणवत्ता की शिक्षा': दिल्ली की झांकी में 'गुणवत्ता की शिक्षा' दिखाई जाएगी। दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव की झांकी 'कुकरी मेमोरियल के साथ दमन एवियरी बर्ड पार्क - भारतीय नौसेना के बहादुर नाविकों को श्रद्धांजलि' पर आधारित है।

केंद्र सरकार का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग 'भारत का संविधान हमारी विरासत, विकास और पथ-प्रदर्शक की आधारशिला है' विषय पर झांकी प्रस्तुत करेगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय गौरव वर्ष पर 'महिला एवं बाल विकास मंत्रालय - मंत्रालय की व्यापक योजनाओं के अंतर्गत पोषित महिलाओं और बच्चों की बहुमुखी यात्रा' पर झांकी प्रस्तुत करेगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की झांकी में 'लखपति दीदी'

ग्रामीण विकास मंत्रालय की झांकी में 'लखपति दीदी' को दिखाया जाएगा। पशुपालन और डेयरी विभाग की झांकी 'भारत की देशी गोजातीय नस्लों को सतत ग्रामीण विकास के प्रतीक के रूप में सम्मानित करता है' पर आधारित होगी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग 'फूलों की झांकी' के माध्यम से भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाली झांकी लेकर गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होगा।

तमिलनाडु की झांकी में 'लक्कुंडी

पत्थर शिल्प का उद्गम स्थल' देखने को मिलेगा। पश्चिम बंगाल की झांकी 'लक्ष्मी भंडार' और 'लोक प्रसार प्रकल्प'-बंगाल में जीवन को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना' विषय पर आधारित है। चंडीगढ़ की झांकी 'चंडीगढ़ : विरासत, नवाचार और स्थिरता का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण' पर आधारित है।

ट्रम्प ने हूती को फिर से आतंकवादी संगठन घोषित किया

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यमन स्थित आतंकवादी समूह हूती को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफ्टीओ) के रूप में फिर से नामित करने के लिए बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक फैक्ट शीट के अनुसार, श्री ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने चार साल पहले जो बाइडेन द्वारा जारी किए गए आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें हूती को एफ्टीओ सूची से हटा दिया गया था। उन्होंने अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में जारी किए गए आदेश को पूर्ववत कर दिया।

तालिबान ने कैदी अदला-बदली समझौते के तहत अमेरिकी नागरिकों की रिहाई

काबुल(वार्ता)। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने अमेरिका के साथ कैदी अदला-बदली समझौते के तहत हिरासत में लिए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। अल जज़ीरा ने बताया कि काबुल में तालिबान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी नागरिकों का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि उन्हें खान मोहम्मद की रिहाई के बदले रिहा किया जा रहा है। खान मोहम्मद को दो दशक पहले पूर्वी अफगान प्रांत नंगरहार में गिरफ्तार किया गया था और वह कैलिफोर्निया जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

द. कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने राष्ट्रपति के खिलाफ विद्रोह

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उसने गिरफ्तार राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफविद्रोह के मामले को अभियोजन पक्ष को सौंपने का फैसला किया है। दक्षिण कोरिया के कई मीडिया आउटलेट्स ने यह जानकारी दी है। उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने मामले को सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट प्रॉसिक्यूटर्स ऑफिस को सौंपने का फैसला किया, जिसमें श्री योल के खिलाफ अभियोग लगाने की मांग की गई क्योंकि सीआईओ को राष्ट्रपति पर अभियोग लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया में आग लगने से एकी की मौत

सिडनी, 23 जनवरी(वार्ता) ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया प्रांत की राजधानी मेलबर्न के पश्चिमी उपनगर में मकान में आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई जबकि एक अन्य झुलस गया। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य मेलबर्न से 16 किलोमिटर पश्चिम में स्थित डियर पार्क के पास एक घर में आग लग गयी। घटना की सूचना मिलते पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को मौके पर रवाना किया गया।

कम्बोडिया में अफरातफरी तीन की मौत

नोम पेन्ह (वार्ता)। कम्बोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में गुरुवार को एक स्थानीय व्यवसायी की ओर से आयोजित समारोह में लाल पैकेट बांटने के दौरान एकत्रित समूह में अफरा-तफरी के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.00 बजे उस समय हुई , जब डुआन पेन्ह जिले के नोरोडोम बुलेवार्ड पर स्थित उद्योगपति सोक कोंग के आवास पर उनकी ओर से दिए गए लाल लिफाफों के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे।

भिड़े मस्क और ऑल्टमैन

सैन फ्रांसिस्को, (वार्ता)। एक्स एआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन अमेरिका भर में ओपनएआई के लिए डेटा सेंटर बनाने की विशाल बुनियादी ढांचा परियोजना 'स्टारगेट' को लेकर 'एक्स' पर भिड़ गये हैं। ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लिए कई डेटा केंद्र बनाने की बाबत सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर काम करेगा। कंपनियों को शुरुआत में स्टारगेट को एक अरब अमेरिकी डॉलर देने और अगले चार वर्षों में उद्यम में पांच अरब डॉलर का निवेश करने की उम्मीद है।

जलगांव ट्रेन हादसा, कर्नाटक एक्सप्रेस

बच सकती थी 13 लोगों की जान? क्या घुमावदार पटरिया बनीं हादसे की वजह

मुंबई/ए.। कर्नाटक एक्सप्रेस की दृश्यता प्रथम दृष्टया घुमावदार पटरियों के कारण प्रभावित हुई, जिसकी चपेट में आने से महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार शाम कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जलगांव जिले में एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतरे कुछ यात्री विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

'फ्लैशर लाइट सिग्नल' को देखने के बाद ब्रेक लगाए

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दोनों रेलगाड़ियों के चालकों ने दिशानिर्देश (प्रोटोकॉल) का पालन किया और दुर्घटना को टालने की पूरी कोशिश की । मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के चालक ने नियम के अनुसार 'फ्लैशर लाइट' चालू कर दी थी, जब ट्रेन मुंबई से करीब 400 किलोमीटर दूर माहेजी और परधाडे स्टेशनों के बीच रुकी। कर्नाटक एक्सप्रेस के चालक ने पुष्पक एक्सप्रेस के 'फ्लैशर लाइट सिग्नल' को देखने के बाद ब्रेक लगाए। उन्होंने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा, ''हालांकि, पटरियों के घुमावदार होने के कारण ट्रेन (कर्नाटक एक्सप्रेस) की दृश्यता और इसके ब्रेक लगने की दूरी प्रभावित हुई।

100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलती

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस खंड पर ट्रेन 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलती हैं। सीआरएस (सेंट्रल सर्किल) मनोज अरोड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई से 400 किलोमीटर दूर पचोरा के निकट परधाडे और माहेजी रेलवे स्टेशनों के बीच दुर्घटना स्थल पर पहुंचेंगे। अरोड़ा ने कहा कि यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

कैसे हुआ हादसा?

- पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी
- पुष्पक एक्सप्रेस परांडा रेलवे स्टेशन के पास पहुंची
- तभी ट्रेन के मोटरमैन ने ब्रेक लगाया तो पहियों से चिंगारियां निकलने लगी
- पहले पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई
- आग लगने की अफवाह के कारण किसी ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई
- अफवाह के बाद ट्रेन में सवार यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे
- बीच सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई लोगों को रौंद दिया

13 लोगों की मौत हो गई

सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ डॉ। स्वनिल के अनुसार, पुष्पक एक्सप्रेस जो लखनऊ से मुंबई आ रही थी। इसी दौरान कुछ यात्री ट्रैक पर उतर गए थे। इस दौरान, दूसरी दिशा से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में कुछ यात्री आ गए। ट्रेन में 'ष्टक्क' यानी अलार्म चेन पुलिंग भी की गई थी। लेकिन चेन पुलिंग के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। रेलवे अधिकारियों से इस बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

रेलवे अधिकारी ने क्या कहा?

रेलवे अधिकारी ने कहा कि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। एसीपी हुआ और लोग ट्रैक पर आ गए। तभी कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया। यह आग थी या कोई अन्य अफवाह, हम जांच इसकी जांत रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि ट्रेन में कोई आग नहीं थी।

कपिल शर्मा, राजपाल यादव सहित चार कलाकारों को मिली धमकी

पाकिस्तान से किया गया ईमेल

मुंबई/ए.। कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत बॉलीवुड के तीन कलाकारों को ईमेल कर धमकी देने का एक मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार कपिल शर्मा के अलावा जिन कलाकारों को धमकी दी गई है उनमें राजपाल यादव, रेमो डिसूजा और सुगंधा मिश्रा शामिल हैं।

कलाकारों को मिली धमकी को लेकर मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी जांच भी शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजपाल यादव और सुगंधा मिश्रा ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है जबकि रेमो डिसूजा ने भी शिकायत दी है। सूत्रों के मुताबिक सभी कलाकारों को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली है और ईमेल के अंत में बिश्नोई नाम लिखा हुआ है। सूत्रों ने दावा किया है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ईमेल पाकिस्तान से किया गया था। इस मामले में फिलहाल आगे जांच की जा रही है।

तीनों के भेजा गया ये ईमेल -

तीनों को जो धमकी वाला ईमेल भेजा गया है उसमें लिखा है, हम आपकी ताजा गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और हमारा मानना है कि यह जरूरी है कि हम एक संवेदनशील मामले को आपके ध्यान में लाएं। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस मैसेज को गंभीरता और गोपनीयता के साथ लें। ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं जो आपके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। हम आपसे अगले 8 घंटों के भीतर त्वरित प्रतिक्रिया की अपेक्षा करते हैं। यदि हमें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, और हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

महाकुम्भ के दौरान संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

महाकुम्भ (वार्ता)। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है।

नगर के विकास हेतु सटीक निर्णय लेने का समय : डॉ पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। शांतिकुंज परिवार ने नगर निकाय चुनाव में उत्साहपूर्वक अपने नागरिक कर्त्तव्य का निर्वहन किया। शांतिकुंज कार्यकर्त्ताओं ने जय देवसिंह संस्कृत महाविद्यालय सप्तऋषि व अक्षरधाम पहुँचकर अपना मतदान किया। अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या जी एवं श्रद्धेया शैल दीदी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने नगर के विकास के लिए सटीक निर्णय लें और अपने वोट से समाज के लिए अच्छे नेतृत्व का चयन करें। शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी, गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मण्डल प्रमुख शैफाली पण्ड्या सहित शांतिकुंज परिवार ने अपना मतदान किया।

महाकुंभः 25 सेक्टरों के सफाई कर्मियों को ध्यान, प्राणायाम से तनावमुक्ति की सौगात

■ श्री श्री रवि शंकर की संस्था कर रही है निःशुल्क नवचेतना शिविर का आयोजन

प्रयागराज/नवप्रदेश। महाकुम्भ में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के मार्गदर्शन में उनकी संस्था आर्ट ऑफलिविंग, कुम्भ क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के लिए निःशुल्क नवचेतना शिविर का आयोजन कर रही है। यह शिविर 21 जनवरी से 26 फरवरी तक की अवधि में कुम्भ नगर क्षेत्र के सभी 25 सेक्टरों के सफाई कर्मियों के लिए निःशुल्क आयोजित किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रदेश स्तर के निदेशक एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रदीप पाठक ने जानकारी देते हुए बताया, नवचेतना शिविर कार्यक्रम, सफाई कर्मियों के मानसिक और शारीरिक सशक्तिकरण के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के 60 से 70 अनुभवी प्रशिक्षक प्राणायाम, ध्यान, नशामुक्ति और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सफाई कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रत्येक शिविर तीन दिनों तक, प्रतिदिन लगभग 2 से 2.30 घंटे तक चलेगा। बतौर प्रदीप पाठक आर्ट ऑफ लिविंग के नवचेतना शिविर में आर्थिक रूप से कमज़ोर समुदायों को निःशुल्क ध्यान, प्राणायाम के साथ-साथ भीतरी और बाहरी स्वच्छता और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता शामिल है। इसके साथ ही उन्हें समुदाय के साथ मिलकर समाज में कुछ बड़ा और सकारात्मक करने के लिए आवश्यक ज्ञान और तकनीकें सिखाई जाती हैं जिससे उनके भीतर आत्मविश्वास, मानसिक स्पष्टता और जिम्मेदारी लेने की भावना का संचार होता है।

इंसानियत शर्मसार | *एक पूर्व सैनिक पर पत्नी की हत्या का आरोप लगा*

शादी, तकरार और हत्या, पत्नी की लाश के टुकड़े कर प्रेशर कुकर में डाला और फिर पका दिया

हैदराबाद/ए.। हत्या कर लाश के टुकड़े कर देने की घटनाएं जैसे आम होने लगी हैं। श्रद्धा मर्डर केस के बाद से इस तरह की कई घटनाएं अब तक सामने आ चुकी हैं, जब महिला की हत्या कर उसकी लाश के टुकड़े कर दिए गए हों।

अब एक बार फिर ऐसा मामला देखने को मिला है। हैदराबाद में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक पूर्व सैनिक पर पत्नी की हत्या का आरोप लगा है। इतना ही नहीं उस पर आरोप है कि उसने पत्नी के शरीर के छोटे-छोटे टुकड़े किए और उनको ठिकाने लगाने के लिए इन टुकड़ों को प्रेशर कुकर में डालकर पका दिया। आरोपी ने लाश के टुकड़ों के पकाने के बाद मीरपेट झील में फेंक दिया। कहा जा रहा है कि उसने ये सब इसलिए किया ताकि मृत शरीर को ठिकाने लगाना आसान हो और किसी को उस पर शक भी न हो। हालांकि पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है।

पत्नी की लाश के टुकड़े कर पकाने का आरोप

मृतक महिला का नाम वेंकट माधवी है। परिवार का कहना है कि वह 16 जनवरी को लापता हो गई थी, जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक, दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहे थे। आरोपी डीआरडीओ में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता है। इस कपल के दो बच्चे भी हैं।

मुंबई में लाश को मिक्सी में पीसने की घटना

इसी तरह की एक घटना साल 2023 में मुंबई के पास मीरा रोड से भी सामने आई थी। वहां पर एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर को पहले बेरहमी से मारा और फिर उसके शव के टुकड़े कर दिए थे। जानकारी के मुताबिक लाश को ठिकाने लगाने के लिए कटर मशीन से लाश के टुकड़े किए गए थे और फिर इन टुकड़ों को मिक्सर ग्राइंडर में पीस कर प्रेशर कुकर में पका दिया था। यह घटना दिल दहला देने वाली थी।

लाश के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाला

अब इसी तरह की घटना एक बार फिर से हैदराबाद से सामने आई है। यहां पर एक शख्स पर अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव के टुकड़े कर प्रेशर कुकर में उबालने का आरोप है। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है और सच्चाई का पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है।

चोरी के शक में महिला और तीन बेटियों का मुंह काला कर घुमाया

लुधियाना। लुधियाना के बहादुरके रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक महिला और उसकी तीन बेटियों के चेहरे काले करके तथा उनके गले में तख्तियां लटकाकर घुमाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तख्तियों पर लिखा था कि 'मैं चोर हूं'। पुलिस अधिकारियों कि महिलाओं को इस संदेह पर 'दंडित' किया गया कि उन्होंने उस कारखाने से कपड़े चुराए हैं। जहां वे काम करती थीं। उन्होंने बताया कि कारखाने के मालिक, उसके प्रबंधक और घटना का वीडियो बनाने वाले एक अन्य व्यक्ति के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने महिलाओं को कारखाना परिसर में बंधक बनाकर रखा, उनके चेहरे पर कालिख पोत दी और उन्हें तख्तियां पहना दीं, जिन पर लिखा थाः 'मैं चोर हूं। मैं अपनी गलती स्वीकार करती हूं।' घटना का वीडियो ऑनलाइन सामने आने के बाद काफी आक्रोश फैल गया और पुलिस ने मामला दर्ज किया। सहायक पुलिस आयुक्त दविंदर चौधरी ने बताया कि कारखाने के मालिक परविंदर सिंह, प्रबंधक मनप्रीत सिंह और इस कृत्य का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने वाले मुहम्मद कैश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पिस्टल रखने वाले को पुलिस ने आजाद चौक से दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। देशी पिस्टल रखने वाला गुण्डा गिरफ्तार हो गया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई और सोशल मीडिया से जानकारी मिली थी कि थाना आजाद चौक के गुण्डा बदमाश अरूण यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 29 साल पता शिव नगर हाण्डीपारा रायपुर अपने पास अवैध रूप से देशी पिस्टल रखा है। बदमाश द्वारा अपराध घटित करने की आशंका पर थाना आजाद चौक पुलिस त्वरित रवाना हुई तथा घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ा गया। बदमाश के कब्जे से एक देशी पिस्टल चालू हालत में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। बाद आरोपी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 23/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करते हुए जप्त पिस्टल के संबंध में अग्रिम जानकारी एवं पूछताछ हेतु पुलिस रिमाण्ड लिया गया है। बता दें कि उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) दौलतराम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा (भापुसे) के मार्गदर्शन में लगातार सक्रिय बदमाशो एवं अपराधिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है।

प्रत्याशी चयन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

■ निकाय चुनाव 2025: उम्मीदवारों के नामों पर जल्द लग सकती है मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस पार्टी की रायपुर जिला की चयन समिति आज बैठक हुई। इस बैठक में प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा की गई, कांग्रेस जिला कार्यालय गांधी मैदान में बैठक में चुनाव जितने की रणनीति पर जोर दिया गया। जिसमें पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे और महापौर ऐजाज ढेबर मौजूद थे। एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय ने कहा बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद हैं. जिला स्तर पर रिपोर्ट बनाकर पीसीसी को सौंपेंगे। पीसीसी को रिपोर्ट बनाकर भेजेंगे और चर्चा करेंगे। ब्लॉक, प्रभारियों की बैठक के बाद जिला स्तर पर बैठक हो रही है। दावेदारों के नामों को शॉर्टलिस्ट किया जा रहा है। नाम जोड़ने का भी काम जिला की बैठक में हो रहा है। दावेदारों के गुण दोष के आधार पर चर्चा हो रही है। भाजपा को टक्कर देने के लिए पूरे प्रदेश में कांग्रेस जिताऊ और जनाधार वाले नेता को प्रत्याशी बनाने पर फैसला लिया जा सकता है।

रायपुर के कांग्रेस नेता का दीपक बैज को पत्र, ये सब मिले हुए है भाजपा से

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर जारी बैठकों के बीच भितरघात के आरोपों ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। राजधानी रायपुर में अरविंद दिक्षित ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने पीसीसी अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर भितरघातियों की दावेदारी पर विचार न करने का आग्रह किया है? इस पत्र के बाद कांग्रेस में खलबली मच गई है। नवीन चंद्राकर ने अपने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा कि 2019 में सदर बाजार वार्ड से उनकी पत्नी दीपा चंद्राकर को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूर्व पार्षद मनोज कंदोई ने भितरघात किया था. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने पीसीसी अध्यक्ष से साफ तौर पर कहा कि मनोज कंदोई और सतीश जैन को इस बार प्रत्याशी न बनाया जाए. साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन दोनों के अलावा किसी और को प्रत्याशी बनाया गया, तो उसे जीत दिलाना उनकी जिम्मेदारी होगी। नवीन चंद्राकर ने पत्र में यह आरोप भी लगाया कि 2019 में टिकट नहीं मिलने पर मनोज कंदोई ने

सीजीपीएससी मामला: उद्योगपति श्रवण गोयल को नहीं मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती गड़बड़ी मामले में न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल में बंद आरोपी श्रवण कुमार गोयल की जमानत याचिका खारिज हो गई है। दो दिन चली इस सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलील पेश की। वहीं बुधवार को कोर्ट ने जमानत याचिका निरस्त कर दी है।सुनवाई के दौरान श्रवण गोयल के वकील फैजल रिजवी ने सीबीआई की चार्जशीट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने ने कोर्ट में कहा कि जो पेपर लीक का आरोप लगाया गया है वह गलत है। सीबीआई ने पेपर लीक की कहानी बनाई है। वहीं सीबीआइ के वकील ने अपनी दलील में श्रवण गोयल की भूमिका पर अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों के दलील सुनने के बाद कोर्ट ने श्रवण कुमार गोयल अपराध में संलिप्तता को देखते हुए अपना फैसला सुनाया और जमानत आवेदन खारिज कर दिया।15 जनवरी को हुई पेशी के दौरान रायपुर के स्पेशल कोर्ट ने 7 लोगों को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इनमें टामन सोनवानी, एसके गोयल, टामन के बेटे नीतेश सोनवानी, भतीजे साहिल सोनवानी, उद्योगपति श्रवण गोयल के बेटे और बहू शशांक गोयल और भूमिका कटियार समेत तत्कालीन डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर जेल में है।

निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी में सिख समाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 20 जनवरी से आचार संहिता लागू हो गई है। रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग के प्रमुख अजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके बाद अब सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी बीच अब निकाय चुनाव को लेकर सिख समाज भी सामने आया है। इस संबंध में सिख समाज ने एक पोस्टर भी जारी किया है। समें समाज ने दावेदारों को बायोडाटा भेजने का आग्रह किया है। जारी पोस्टर में समाज ने कहा कि 'समूचे छत्तीसगढ़ में निवास कर रहे सिख समाज के जो नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद, महापौर, अध्यक्ष या जो भी चुनाव राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी से दावेदार कर रहे हो, हमें अपना बायोडाटा 24 जनवरी तक भेजें। सिख समाज का उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर दावेदारों की सूची सौंपकर समाज के दावेदारों की टिकिट देने का आग्रह करेगा।

हाईवा ने मासूम को कुचला, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना तिल्दा-सिमगा मार्ग पर ग्राम बिलाड़ी के पास की है। मृतक की पहचान मयंक यादव के रूप में हुई है, जो हरीश यदु का पुत्र था। दुर्घटना उस समय हुई जब मयंक अपनी दादी के साथ खेत से घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने हाइवा को रोक लिया और आक्रोश में सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। तलाश जारी है।

ठंड की विदाई, गर्मी बढ़ने के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की तो बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से प्रदेश में गर्मी बढ़ने लगी है। नमी की वजह से दिन का पारा सामान्य से अधिक देखने को मिली। प्रदेश में अब गर्मी बढ़ने लगी है। रायपुर-बिलासपुर में रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। दुर्ग-अंबिकापुर में रात को हल्की ठंड का एहसास हुआ। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार है। उत्तर भारत में मौसम लगातार बदल रहा है. यहां कभी कोहरा, कभी बारिश तो कभी शीतलहर से परेशान हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बारिश-बर्फबारी का असर देखने को मिल रहा है। दिल्ली एनसीआर में पिछले चार दिनों से मार्च की तरह गर्मी का एहसास हुआ। दिनभर तेज धूप होने से अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक था। लेकिन, बुधवार रात पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाने की वजह से दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई।

लाभांडी में 2 एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने लिया एक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देष पर नगर निगम जोन 9 की टीम ने जोन कमिष्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं मार्गदर्षन में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के तहत आने वाले लाभांडी में खसरा नंबर 1280 में अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगभग 2 एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग और उसमें प्रगतिरत सीसी रोड निर्माण कार्य को वहां पहुंचकर सीसी रोड को तोडने की कार्यवाही कर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी।

निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित

नगरीय निकाय चुनाव 2025

घोषणा पत्र के लिए जनता के बीच जाने से क्यों डरी कांग्रेस?

■ प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपा ने 2023 में जनता से सुझाव मांगा

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव 2025 का बिगुल बज चुका है। चुनाव के मुद्दों से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक राजनीतिक दलों में मंथन का दौर जारी है। घोषणा पत्र तैयार करने कांग्रेस-भाजपा में जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस बीच भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव नहीं मांगे।

दीपक बैज बताए जनता से इतना क्यों डर रहे हैं? मेयर और पार्षद प्रत्याशियों के नाम तय! रायपुर कांग्रेस की हुई बैठक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ एक पोस्टर भी जारी किया। इसके एक हिस्से में पूर्व सीएम भूपेश बघेल और दीपक बैज नजर आ रहे हैं। जिसके निचे लिखा है कि कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं से मांगा सुझाव। वहीं दूसरी ओर सीएम साय समेत भाजपा के नेता लोगों के बीच सुझाव मांग रहे हैं। इसके निचे लिखा है कि भाजपा ने जनता से मांगा सुझाव। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ने 2023 में जनता से सुझाव मांगा था। जनता के सुझावों से अपना संकल्प पत्र बनाया और 1 साल में उसे पूरा भी किया। भाजपा अब फिर जनता के बीच जा रही है और कल इसके लिए नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल भी जारी किया है।

बीजेपी से महापौर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन कल

रायपुर/नवप्रदेश। निकाय चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल बढ़ गई हैं। प्रत्याशियों के चयन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल यानी शुक्रवार को भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है. इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन शामिल होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कल होने वाली बैठक में महापौर प्रत्याशियों पर चर्चा कर पार्टी फैसला करेगी। प्रत्याशी के चयन की प्रक्रिया संभागीय समिति और प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद होगी. प्रत्याशियों पर भाजपा चुनाव समिति अंतिम फैसला लेगी।

अटकलें है कि 25 जनवरी तक नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों के प्रत्याशी का ऐलान हो सकता है।

रविवार को भी खुलेगा रायपुर निगम दफ्तर

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा ने जानकारी दी है कि रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के कक्ष क्रमांक 217 और नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु समस्त प्रकार के कर बकाया के सम्बन्ध में निर्वाचन अदेय प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों को जारी करने हेतु कुल 11 काउंटर खोले गए हैं. इनमें से किसी भो काउंटर में सम्पर्क कर इच्छुक जनप्रतिनिधि सम्पर्क कर अदेय प्रमाणपत्र प्राप्त करने अपना आवेदन दे सकते हैं. चूंकि दिनांक 28 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु नामांकन दाखिल करने की अंतिम निर्धारित तिथि है। इसलिए इच्छुक जनप्रतिनिधिगण से निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र प्राप्त करने दिनांक 27 जनवरी 2025 को पूर्वांह 10 बजे तक नगर निगम रायपुर के 11 में से किसी भी काउंटर में अपना आवेदन देने की अपील नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा की गयी है , ताकि उन्हें नियत समय के पूर्व नियमानुसार अदेय प्रमाण पत्र निर्वाचन हेतु नगर निगम द्वारा जारी किया जा सके। अंतिम दिन की संभावित भीड़ की असुविधा से बचने तत्काल अदेय प्रमाणपत्र हेतु अपने आवेदन इच्छुक जनप्रतिनिधिगण दे सकते हैं। शनिवार दिनांक 25 जनवरी एवं रविवार दिनांक 26 जनवरी के शासकीय अवकाश दिवस पर भी नगर निगम मुख्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 217 एवं सभी 10 जोन कार्यालय में सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक कार्यालय खुले रहेंगे एवं निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र हेतु आवेदन लिए जायेंगे. समस्त प्रकार के बकाया करों की पूर्ण अदायगी के पश्चात ही नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निर्वाचन अदेय प्रमाणपत्र जारी किये जायेंगे।

आमासिवनी ने मनाई नेताजी सुभाष चंद बोस की 128 वीं जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। सुधा ओपन स्कूल आमासिवनी रायपुर ने पराक्रम दिवस के अवसर पर अपने छात्र और सामाज के लोगो के साथ नेताजी सुभाष चंद बोस की 128 वी जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी रक्त दान दाता नवनीत झा मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। 1964 में जन्मे झा जी अब तक 173 बार रक्त दान कर चुके है और इसका उन्होने एक रिकॉर्ड बनया है ।सुधा संस्था के चेयरमैन जी के भटनागर ने मुख्य अतिथि का स्वागत काफ़ी मग देकर किया और कहा कि हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मौके पर पराक्रम दिवस मनाते हैं। जो देश भक्ति और पराक्रम के विचारो से हमे प्रेरित कर ते है। नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की स्थापन की और अंग्रेजी शासन की चैन छील ली थी। पढ़ाई में वे बहुत मेधावी छात्र थे और उन्होंने सरकारी आईएएस की नौकरी छोड़ कर देश सेवा में लग गए। आज हम सब भारतवासी उनके बलिदान को सदा याद करते रहेगे और देश सेवा का संकल्प ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुधा की अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति गोयल ने कहा कि नेताजी सच्चे देशभक्त थे उन्होंने द्धह्न की स्थापना की। उन् के नारे, जैसे दिल्ली चलो और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने भारतीय राष्ट्रीय सेना के सैनिकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हनुमान जी को महापौर पद की दावेदारी का पर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 21 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस दौरान महापौर पद की दावेदारी को लेकर हलचल काफी तेज हो गई है। महापौर पद की दावेदारी कर रहे नेता वरिष्ठ नेताओं के साथ ही अब भगवान से भी टिकट दिलाने की आस लगा रहे हैं। रायपुर पार्षद सरिता वर्मा ने संकट मोचन हनुमान मंदिर में अर्जी लगाई है. उन्होंने लिखित पत्र में हनुमान जी से महापौर पद के लिए बीजेपी से टिकट दिलाने की लगाई है. बता दें कि सरिता वर्मा वार्ड क्रमांक 65, महामाया मंदिर वार्ड की पार्षद हैं।

अफसरों की बारी अब, ड्यूटी पर लेट पहुंचे तो खैर नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। 5 डे वर्किंग वीक के बाद भी मंत्रालय से तहसील आफिस के लेट लतीफ अमले पर कसावट का बड़ा असर नजर आ रहा है। न्यू ईयर रेजुलुशन के तहत ठीक 10 बजे शासकीय कामकाज शुरू करने के सीएम विष्णु साय के निर्देशों के बाद राज्य के मंत्रालय पटरी पर आया है। प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के मुताबिक विभागों का बड़ा अमला सुबह 10बजे से पहले ही पहुंचने लगा है। पुराने शहर से सभी स्टाफ बसे 9.50-9.55 तक गेट नंबर 4 आने लगी है। और जो कर्मचारी देर से आ रहे उन्हें सुरक्षा कार्यालय में रखे लेट कमर्स रजिस्टर मे देरी का कारण लिखना पड़ रहा है। ऐसे स्टाफ के लिए जीएडी की तरफ से कुछ नए निर्देश दिए जाने की चर्चा है । कोई अधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है।चर्चा यह है कि लगातार तीन दिन 10.15 बजे आने वाले कर्मचारी अधिकारियों के नाम विभाग प्रमुख को भेजकर ,एक सीएल की कटौती कर दी जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि आफिस ञ्च10 और लेट कमर्स पर सीएल कटिंग को नियम से आला अफसर को छूट दिए जाना उचित नहीं है। जबकि बहुतायत अफसरों का देर से आने का क्रम जारी है।

कार्यक्रम | **जिले के लगभग 25000 पालकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग**

आंगनवाड़ी केंद्रों में ईसीसीई दिवस का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर छत्तीसगढ़ और सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन द्वारा जिले में चलाई जा रही 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट के तहत आज, 22 जनवरी, 2025 को ' जिले के सभी केंद्रों में ECCE दिवस का पुन~ से सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पालकों को आँगनवाड़ी केंद्रों से जोड़कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बच्चों को घर पर गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन में रायपुर जिले के लगभग 25000 पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस माह के ईसीसीई दिवस का के तहत प्रमुख विषय सामाजिक और भावनात्मक विकास' का महत्व रहा। इस अवसर पर पालकों को बच्चों के विकास में सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं की भूमिका के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। पालकों और बच्चों ने एक दूसरे के बारे में सकारात्मक बातें साझा की, एक दूसरे के साथ मिलकर चित्र बनाए और आँगनवाड़ी सुविधादाता ने पालकों के साथ घर में की जाने वाली गतिविधियाँ साझा की। रायपुर जिले के सभी केंद्रों में प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को विभिन्न थीम के आधार पर ईसीसीई दिवस का निरंतर आयोजन किया जाएगा। आँगनवाड़ी केंद्र मोहदी-4 की पालक, मंजू लता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'ईसीसीई कार्यक्रम में भाग लेकर और गतिविधियों में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हुई। मैं आगे भी आयोजित होने वाले ईसीसीई दिवस में अवश्य भाग लूंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर के मार्गदर्शन में ECCE दिवस का सफल आयोजन में जिले के सभी परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पालकों तथा 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट, एडुवीव फाउंडेशन के टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जेल में बंद सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली

रायपुर/नवप्रदेश। कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम की उप सचिव सौम्या चौरसिया ने एक याचिका वापस ली है। यह याचिकी आय से अधिक संपत्ति के एक पुराने मामले की थी। जिसे वापस ले ली है। यह मामला पहले एसीबी कोर्ट में चल रहा था। जहां से उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी थी। जमानत मिलने के बाद, इस मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बता दें कि ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से च ल - अ च ल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि ये स्कैम करीब 500 करोड़ रुपए का था।

सुविचार

कोई आपके रास्ते में गड्ढा खोदे तो उससे नाराज न हों क्योंकि ऐसे लोग ही आपको छलांग लगाना सिखाते हैं। अज्ञात

दिलचस्प होता दिल्ली का चुनावी दंगल

नई दिल्ली विधानसभा का चुनावी दंगल दिलचस्प होता जा रहा है। सत्तारूढ़ आम आमदी पार्टी और भाजपा के साथ ही कांग्रेस ने भी अपने अपने चुनावी घोषणा पत्रों में मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली घोषणाओं की भरमार कर दी है। वहीं तीनों ही पार्टियों के नेता एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी ने मीडिल क्लास के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है और केन्द्र सरकार के सामने 7 मांगे रखी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ने मीडिल क्लास को अपना एटीएम बनाकर रखा है। जिनके टैक्स के पैसों से सरकार खजाना भरता है लेकिन केन्द्र सरकार इस मीडिल क्लास के लिए कुछ नहीं करती। उन्होंने मांग की है कि मीडिल क्लास के बच्चों के लिए भी निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराई जानी चाहिए। साथ ही इनकम टैक्स की सीमा में छूट को 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया जाना चाहिए और आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाई जानी चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने मीडिल क्लास के वोटों को साधने के लिए घोषणा की है कि उनकी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मीडिल क्लास की आवाज को बुलन्द करेगी। गौरतलब है कि सभी राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी घोषणापत्रों में गरीबों को ही रियायत देने वाली घोषणाएं करती हैं। मीडिल क्लास की कोई सुध नहीं लेता। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मीडिल क्लास की चिंता कर नया दांव चला है। इससे उन्हें मीडिल क्लास का कितना समर्थन मिल पाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएग। इधर आम आदमी पार्टी की रेवड़ी बांटने वाली योजनाओं पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है और कहा है कि दिल्ली के दंगल में अपनी हार से डरी हुई आम आदमी पार्टी नित नई घोषणाएं कर रही है। जबकि उसने आयुषमान जैसी केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के बाशिंदों को वंचित रखने का पाप किया है। कांग्रेस पार्टी भी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी अब नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में सक्रिय हो गये हैं और रैली करके आम आदमी पार्टी तथा भाजपा दोनों पर ही निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस बार जिस मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही है उससे आम आदमी पार्टी बौखला गई है। अरविंद केजरीवाल ने तो यह आरोप लगा दिया है कि कांग्रेस पार्टी जितने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है बल्कि आम आदमी पार्टी के वोट काटकर भाजपा को जिताना चाहती है। उनके इस बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने उनसे सवाल किया है कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में क्यूं चुनाव लड़ा था, वहां भी वह एक भी सीट नहीं जीत पाई थी तो क्या यह माना जाये कि आम आदमी पार्टी ने जीतने के लिए हरियाणा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था और उसका मकसद कांग्रेस के वोटे काटकर भाजपा को जिताना था। गौरतलब है कि जब से नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ सीटों पर बंटवारा न कर अकेले अपने दम पर चुनाव लड़नी की घोषणा की है। तभी से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग हो रही है। जो दिन ब दिन तेज होती जा रही है। अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि नई दिल्ली के दंगल में त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। कांग्रेस जिस गंभीरता से यह चुनाव लड़ रही है, उससे आम आदमी पार्टी की चिंता बढ़ रही है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने पिछले एक दशक से कांग्रेस के ही वोट बैंक पर कब्जा किया हुआ है। अब उसे अपने वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा नजर आ रहा है। इसीलिए आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर बीजेपी की बी टीम होने का निराधार आरोप लगाने में लगी है, कुल मिलाकर नई दिल्ली का चुनावी दंगल दिलचस्प होता जा रहा है।

आग लगने की अफवाह के चलते दुखद हादसा

अफवाहें जिनका न तो सिर होता है न ही पैर लेकिन वे इतनी तेजी से फैलती हैं कि उसकी वजह से लोग बेमौत मारे जाते हैं। महाराष्ट्र के जलगांव में भी ऐसी ही एक अफवाह 12 लोगों के असमय ही मौत का कारण बन गई। पुष्पक ऐक्सप्रेस में आग लगनी की अफवाह ऐसी फैली की उस ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। जिसकी वजह से कई लोग चलती ट्रेन से बाहर कूदने लगे और दूसरी ट्रैक से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस दुखद दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। महाराष्ट्र सरकार और केन्द्र सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। वहीं घायलों के निःशुल्क उपचार की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल मंत्रालय ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस तरह का हादसा यह बताता है कि अफवाह कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। कोई बड़ी बात नहीं की ऐसी घातक अफवाह उड़ाने के पीछे किसी अराजकतत्व का हाथ हो। गौरतलब है कि पूर्व में रेल पटरियों पर पत्थर, बोल्डर और गैस सिलेन्डर आदि रखकर ट्रेनों को पलटाने की असफल कोशिशें की गई थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने रेल पटरियों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया था। इसके बाद से रेल पलटाने की घटनाओं पर विराम लग गया है। ऐसे ही अराजकतत्व अब ट्रेन में अफवाह फैलाकर ऐसी दुखद घटनाओं को अंजाम देने की साजिश कर रहे हों तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। बहरहाल घटना की उच्चस्तरीय जांच के बाद इस दुर्घटना के कारण का खुलासा हो पाएगा।

रमेश सर्राफ

बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिए सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिए। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिलें। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।

24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिंता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गई है।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है, जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा।

ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देंगे। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पाएगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिए लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकाएं भी हैं, जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है।

इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकाएं कहीं भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेड़िये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है, नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पाएंगी। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए। इसमें बालिकाएं खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पाएगी, तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1857 में 24 जनवरी के दिन ही भारत के कोलकाता शहर में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता की स्थापना की गई थी। 1859 में आज ही के दिन 230 मीटर गहराई तक तेल के लिए खोदे गए कुएं से पहली बार तेल निकला था। 1862 में 24 जनवरी के दिन ही बुखारेस्ट को रोमानिया की राजधानी बनाया गया था। 1950 में आज ही के दिन संविधान सभा ने राजेंद्र प्रसाद को देश का पहला राष्ट्रपति चुना था। 1950 में 24 जनवरी के दिन ही जन-गण-मन को भारत के राष्ट्रगान का दर्जा मिला था। 1951 में आज ही के दिन प्रेम माथुर भारत की पहली महिला कमर्शियल पायलट बनीं थीं। 1952 में 24 जनवरी के दिन ही बंबई में पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन हुआ था। 1979 में आज ही के दिन नेवादा में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया था। 1990 में 24 जनवरी के दिन ही जापान ने पहला लूनर प्रोब लॉन्च किया था। 1993 में आज ही के दिन सोयूज टी.एम. 16 प्रक्षेपित किया गया था। 1996 में 24 जनवरी के दन ही अमेरिका के इतिहास में पहली बार देश की प्रथम महिला हिलेरी क्लिंटन को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आरती करते

आरती करते अचानक मन किया कल शाम को स्नान कर आऊँ महाकुंभ रख हृदय में राम को ले लिया मैंने टिकट परिवार का भी साथ में जा रहा मैं स्नान करने अब तो संगम धाम को

– संजय कुमार गिरि

पान मसाला मुझे

पान मसाला मुझे ऐसे लगता है हमारे देश की 40% जनता खाती ही होगी मेरे पास कोई पान मसाला खा कर खड़ा हो तो सर (चढ़) भारी हो जाता है मन अजीब सा होता है सोचती हूं कि लोग खाते ही क्यों हैं शरीर का नुकसान और तो और पैसे का भी नुकसान।

– सुनिता पुष्पराज पांडेय

खास पाती | जेकर संग कोस भर अड़कट्टा दउँड़

जेकर संग कोस भर अड़कट्टा दउँड़ देवन खँड़ भर नदिया ल एकसँस्सू तउर देवन वो संगी के अब कुछू सोर नइ मिलत हे कोन मेर लथर के परे हँफरत हे सिरतोन उमर संगी अब उहू झरत हे सुरता हे मोला वो मँझनिया भर किंजरना ए खार ले वो खार बमरी पेंड़ म लासा हुदरना कोस भर बजार जाके वोला तउलना अउ बेंचना फेर उही संगी अब अपटे धरत हे पाँव के पनही घलो वोला गरू लगत हे. सिरतोन उमर संग अब उहू झरत हे.. मुचमुची गोठ अउ मया के पाती बदला म एकर वो अब बीमा के नवा योजना पढ़त हे जमा-पूंजी के सरेखा संग बेटा-बेटी के सपना गढ़त हे नोनी के बिदा ले उबरिस त बाबू खातिर अँगरी के पोर गनत हे सिरतोन उमर संग अब उहू झरत हे... **– कवि सुशील भोले**

रोजी-रोटी की हुई, जबसे पूर्ण तलाश

रोजी-रोटी की हुई, जबसे पूर्ण तलाश। दिल उछले है बल्लियों,मुट्ठी में आकाश।। मुट्ठी में आकाश ,मगर है चिंता भारी। जाना घर से दूर ,खेलनी नूतन पारी। बहुत बड़ी है बात ,नहीं ये छोटी-मोटी। छूट गया परिवार,मिली बस रोजी-रोटी।। **– डॉ बिपिन पाण्डेय**

लुक छुप के देखने का, अन्दाज़ दो मुझे

लुक छुप के देखने का, अन्दाज़ दो मुझे तुम मैं रागिनी तुम्हारी, अब साज़ दो मुझे तुम मुझको है ये पता तुम, मुझको ही चाहते हो खोलो न पंख अपने, परवाज़ दो मुझे तुम सारी झिझक मिटा कर, दुनिया के सामने अब,अपना कहो मुझे तुम, आवाज़ दो मुझे तुम आवाज़ दो मुझे तुम... आवाज़ दो मुझे तुम

–ममता लड़ीवाल

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है, एक झोंका आस का मन में जगा जाती तो है। टूटते तटबंध देखें बढ़ रही है टीस भी, यूँ उमंगों से भरी बल हर लहर खाती तो है। ये निशां कुछ दिख रहें हैं रेत में जो धँस गये, सीपियों से अंक भर के खूब इतराती तो है । कौन कहता सागरों में डूबकर खो जायेगी, खूबियाँ हर रहगुजर को देख इठलाती तो है। जिंदगी का है सफ़र ये नीर की गगरी भरी, ये छलक कर रोज ही कुछ गीत लिखवाती तो है। **- सुमन ओमानिया**

ख्वाबों की कहीं कोई कभी सूरत नहीं होती

ख्वाबों की कहीं कोई कभी सूरत नहीं होती। हकीकत में क्यों जीने की आदत नहीं होती।। मसला है जिन्दगी तो हौसले भी साथ हो। गैरों से तो खुद की कभी बरकत नहीं होती।। पत्थर महज पत्थर है मुरत बन नहीं सकता। चोट खाने की गर उसमें ताकत नहीं होती।। ये जिन्दगी रोज खेल खुशी गम का कमल। होता है कहीं कुछ भी अब हैरत नहीं होती।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो - **कमलकांत डोंगरे**

तेरे शाने पे रखा हुआ मेरा यह सर हो,

तेरे शाने पे रखा हुआ मेरा यह सर हो, ऐसी भी कभी काश कोई शाम बसर हो, तुम्हारे पास जाने के तो बहाने बहुत हैं , मैं आऊं तेरे घर ,कोई बहाना अगर हो, कुछ तो गुज़र चुकी है अब तक तुम्हारे बिन, बाकी भी यूँ ही काट लूँ मुझमें जो सबर हो, मंजिल की नहीं मुझको तो रस्तों की तलब है, चलता ही जाऊँ यूं ही जो तू हमसफ़र हो दिन गुज़र ही जाता है ÷इंदु÷किसी तरह रात भी कट जाये ,तेरा साथ अगर हो

- अनु मित्तल

प्रेरक प्रसंग

मृतक को दाह-संस्कार के लिए जाते देख एवं जरा-व्याधि से ग्रस्त व्यक्ति को पीड़ा पाते देख, राजकुमार सिद्धार्थ के मन में वैराग्य का जन्म हुआ। उन्होंने वैराग्य के उन्हीं क्षणों में राजमहल को छोड़ने की तैयारी कर ली। उनके राजमहल छोड़ते समय उनका बालसखा और सहायक चन्ना भी उनके साथ था। सिद्धार्थ व चन्ना दो अश्व लेकर राज्य की सीमा तक पहुँचे। वहाँ पहुँचकर सिद्धार्थ ने तलवार से अपने केश काटे और चन्ना को वापस लौट जाने का आदेश दिया। इसके बाद सिद्धार्थ वन प्रदेश में चले गए, जहाँ उन्हें एक शिकारी मिला। उन्होंने शिकारी से अपने वस्त्रों का आदान-प्रदान करने को कहा, जिसके लिए वह सहर्ष तैयार हो गया। सिद्धार्थ को राजसी वस्त्रों को यों त्यागते देख शिकारी ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो सिद्धार्थ बोले- "मित्र ! जब मैं संन्यास-पथ पर बढ़ चला हूँ तो मुझे उसी के अनुरूप वस्त्र धारण करने चाहिए। कार्य के अनुरूप परिधान होने से मन-मस्तिष्क पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

QUIZ TIME

1) हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफइंडिया किस देश में यूपीआई विकसित करेगा?

2) अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिनटमैन-3 किस देश ने विकसित की है?

3) भारतीय मूल के उस लेखक का क्या नाम है जिसके उपन्यास द इनहेरिटेन्स ऑफ लॉस को मैन बुकर पुरस्कार मिला है?

4) जापान में पाया गया युशो रोग किसके कारण प्रदूषण से संबंधित है?

5) हाल ही में हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार किसे दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पेरू (2) अमेरिका (3) किरण देसाई (4) पीसीबी (5) कृष्ण प्रकाश

आज का पंचांग



सूर्योदय : 07:10, :सूर्यास्तः 18:08, :चन्द्रोदयः 26:27,:चन्द्रास्तः 12:40, :अयन उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण,: तिथि : दशमी, नक्षत्र : अनुराधा, योग : वृद्धि, प्रथम करण : गर (17:37 तक), द्वितीय करण : वणिज (30:26+ तक)।

॥गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मकर, चंद्र : तुला, मंगलः मिथुन (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र :कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), : राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:17 से 13:01, अमृत काल : 19:24 से 11:10, सर्वार्थ सिद्धि योग : 29:08+ से 31:09+, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त :18:06 से 18:32, सायाह्न सन्ध्या : 18:08 से 19:26, निशिता मुहूर्त : 24:13+ से 25:05+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:17+, राहुकाल : 13:30 से 15:00, गुलिक काल : 09:54 से 11:17, यमगण्ड : 07:10 से 08:32, दुर्मुहूर्त : 10:48 से 11:33, वर्ज्य 08:46 से 10:32, भद्रा 30:36+ से 31:09+, :विंछुड़ो 22:32 से 31:09+, आडल योग : 07:10 से 29:08, विडाल योग : 29:08+ से 31:09+।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण लाभ लेकर आने वाला है।

वृषः आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है।

कर्कःआज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान को किसी नई नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जो लोग सिंगल हैं, उनके जीवन में खुशियां आ सकती हैं।

सिंह : आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलती दिख रही है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों को घर में ही सुलझाने की आवश्यकता है।

धनुः आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको किसी जोखिम भरे काम को कल पर टालने से बचना होगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आपको समस्या नहीं आएंगी। पारिवारिक जरूरतों पर आप पूरा ध्यान दें।

कुंभः आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 305 का हल

न्यूज गैलरी

गणतंत्र दिवस समारोह में डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

दुर्ग। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला मुख्यालय के भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के प्रथम बटालियन में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह मुख्य समारोह में सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे।

निगम में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

दुर्ग। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को नगर निगम मुख्यालय में कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी ध्वजारोहण करेंगी। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया जाएगा। निगम मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त सभी भवनों पर रोशनी किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

गणतंत्र दिवस पर 26 को बनेगा एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड

भिलाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रोफेशनल कैरियर एवं कम्प्यूटर्स द्वारा विशेष अंदाज में मानव श्रृंखला बनाकर भारत लिखा जाएगा। इसके लिये

तिरंगे के तीन रंगो की वेशभूषा में मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। साथ ही 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन राज्यों के परिधान में लोग उपस्थित होंगे। मानव श्रृंखला में 20 शिक्षकों समेत 300 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे कान्हा जी और देवा जी महाराज के मंत्रोच्चार से प्रारंभ होगी। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के अवलोकन के लिए एडजूकेटर के रूप में कृष्ण कुमार गुप्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. संतोष राय ने बताया कि भिलाई के लिए यह एक एतिहासिक क्षण होगा।

26 से श्रीराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

भिलाई। संजय नगर दशहरा मैदन में श्रीराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 26 जनवरी से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक मैच 8 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता का सेमी फायनल और फायनल मुकाबला 12 ओवर के होगे। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को मैन आफद मैच के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की एंट्री फीस 2100 रुपए है और अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार और तृतीय पुरस्कार 7 हजार रुपए है वहीं अंपायर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। आयोजनकर्ता राजा सिंह व मुकेश गिरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले 3 वर्षों से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह एक अच्छा मंच है।

तीन अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन, कांग्रेस-भाजपा में बढ़ी गहमागहमी

अध्यक्ष/महापौर के 5 व पार्षद के 92 अभ्यर्थियों ने खरीदा नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव-2025 के अंतर्गत नामांकन जमा करने के दूसरे दिन पार्षद के तीन नामांकन भरे गए। आज दिनभर कलेक्ट्रेट परिसर में भारी गहमागहमी रही। कांग्रेस, भाजपा के दावेदारों के अलावा निर्दलीय अभ्यर्थी बड़ी संख्या में नामांकन फार्म लेने पहुंचे। आज अध्यक्ष/महापौर के 5 और पार्षद के 92 नामांकन पत्र खरीदे गए। आज नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत पार्षद के लिए 57, नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिये 1 और पार्षद के 5 नामांकन खरीदे गए। नगर पालिका परिषद अहिवारा के अंतर्गत अध्यक्ष के लिये 2 और पार्षद के लिये 7 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। नगर पंचायत धमधा के अंतर्गत अध्यक्ष के 1, नगर पंचायत पाटन के अंतर्गत पार्षद के लिये 15 और नगर पंचायत उतई के अंतर्गत अध्यक्ष हेतु 1 और पार्षद के लिये 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदा। आज दुर्ग निगम में पार्षद के लिए वार्ड 50 बोरसीभाठा से लता यादव, वार्ड 2 हरीश सिन्हा और वार्ड 7 से आनंद कपूर ताम्रकार ने नामांकन भरा।

कांग्रेस की बैठक में पैनल तैयार

आज वोरा निवास में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई जिसमें 60 वार्डों के पार्षद के लिए प्रत्याशी चयन पर मंथन किया गया। जानकारी के अनुसार पांचों ब्लॉक अध्यक्षों समेत प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने पैनल तैयार कर लिया है। पैनल को आज ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दिया गया है। दुर्ग के एक प्रमुख कांग्रेस नेता के अनुसार कल शाम तक महापौर और सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

भाजपा की बैठक में मंथन

इधर राजधानी रायपुर में भाजपा की बैठक चल रही है जिसमें दुर्ग नगर निगम के महापौर प्रत्याशी समेत वार्ड पार्षद प्रत्याशी चयन के लिए मंथन किया गया। दो दिन पहले दुर्ग जिला भाजपा मुख्यालय में पैनल तैयार करने का काम पहले ही हो चुका है।

सेक्टर अधिकारियों की बैठक

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सेक्टर अधिकारियों की बैठक हुई। निगम के रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम अरविन्द एक्का की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेक्टर अधिकारियों से मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। क्षेत्रांतर्गत 265 बूथों का निरीक्षण कर संबंधित सेक्टर अधिकारियों को समुचित प्रबंध करने कहा। सभी अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए तत्पर रहने की अपील की।

भारी पड़ा सरकारी वाहन का दुरुपयोग, राजस्व उप निरीक्षक निलंबित

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने देर शाम सरकारी वाहन दुरपयोग करने के मामले में राजस्व उपनिरीक्षक को निलबिंत कर दिया है। विनोद शुक्ला निलंबन अवधि में आयुक्त कार्यालय में सेवाएं देंगे। इसके पहले वे राजस्व विभाग के रोका छेका प्रभारी थे। उल्लेखनीय है कि बीते दिन सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें काऊ केचर वाहन में खाद लदा हुआ था। साथ ही निगम के श्रमिक खेत में काम करते नजर आ रहे थे। आयुक्त वर्मा ने इसे गंभीर प्रकरण मानते हुए पहले विनोद शुक्ला को निलंबित किया। विनोद शुक्ला के खिलाफ पूर्व में भी शिकायत आई थी। तब तत्कालीन आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कार्य में लापरवाही न बरतने कहा था। आयुक्त वर्मा ने कहा कि विनोद शुक्ला निलंबन अवधि में आयुक्त कार्यालय में सेवाएं देंगे।

युवक का अपहरण कर मारपीट के मामले में कार्रवाई

पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर उससे मारपीट के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनका जुलूस निकाला। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत के आदेश पर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जामुल थाने में विश्व बैंक कालोनी कुरुद निवासी प्रभजोत सिंह ने 21 जनवरी को अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वो शाम करीब 4 बजे कालेज से घर जा रहा था। उसी समय पीछे से राहुल सिंह अपने दोस्तों के साथ आया और रास्ता रोककर उसकी बाईक की चाबी निकाल ली। प्रभजोत ने उनका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। उन्होंने कहा कि वो अपने दोस्त शशांक को यहां बुलाए। जब प्रभजोत ने मना किया तो उन लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। अपनी गाड़ी में बैठाकर सेक्टर 7 भिलाई ले गए। उसके साथ लगातार मारपीट की गई।

अपहरण करने वालों का निकाला जुलूस

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने के बाद आरोपी राहुल सिंह, वंश कुमार प्रसाद, प्रिंस सिंह, अंतिम कुमार ठाकुर, प्रिंस पाल और लक्की भट्ट को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी भिलाई सेक्टर 7 के निवासी हैं। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों का जुलूस निकाला।

दोस्त से विवाद के चलते किया अपहरण

आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया। उन्होंने बताया कि प्रभजोत सिंह का दोस्त शशांक सिंह है। शशांक और राहुल का पहले से विवाद था। इसके चलते उन लोगों ने प्रभजोत सिंह से फोन करवाकर उसे बुलाना चाहा, लेकिन जब उसने मना किया तो उन लोगों ने उसे कार में बैठाया और सेक्टर 7 ले जाकर उसके साथ मारपीट की।

गणतंत्र दिवस पर 76 फीट लंबा तिरंगा लेकर यात्रा निकालेगी एनएसयूआई

भिलाई। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 10.30 बजे एनएसयूआई के पदाधिकारी 76 फीट लंबा तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकालेंगे। एनएसयूआई ने तिरंगा पैदल यात्रा में सभी लोगों से शामिल होने का आह्वान किया है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कन्नौजिया ने बताया कि तिरंगा यात्रा का आयोजन कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा एनएसयूआई प्रभारी सौरभ मिश्रा के सहयोग से किया जा रहा हैं। सौरभ मिश्रा ने बताया कि भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की प्रेरणा से तिरंगा यात्रा हर साल निकाली जाती है। पिछले साल भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इस बार उनकी गैर मौजूदगी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 76 फीट लंबा तिरंगा के साथ पैदल यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा सुबह 10.30 बजे ग्लोब चौक से पुष्प वर्षा के साथ प्रारंभ होगी। देश भक्ति के गीतों के साथ टाउनशिप के अलग-अलग मार्गों से होते हुए शहीद पार्क सेक्टर 5 में यात्रा समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा पहुंचने से पहले छात्रों द्वारा शहीद पार्क मेंदेशभक्ति से ओतप्रोत रंगोली भी बनाई जाएगी।

मतदाताओं को जागरुक करने देंगे संदेश

देशभक्ति से ओतप्रोत गीत संगीत का आयोजन 25 को

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुराना बस स्टैंड परिसर में देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम ऐ मेरे वतन के लोगों का आयोजन किया गया है। इस दौरान मतदाताओं को भी जागरूक किया जाएगा। निगम के सहयोग से छत्तीसगढ़ मंच व शहर के गायक कलाकारों द्वारा शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक देशभक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी व गुलाब चौहान ने बताया कि पिछले 4 वर्षों से स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम दुर्ग के सहयोग से देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस वर्ष भी इस परंपरा को बनाए रखने की सहमति दी है। आचार संहिता लागू होने के कारण कार्यक्रम रात 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका पूर्वा श्रीवास्तव, पीयूष मनहरे, शारिक अली, गुलाबचौहान, हाजी मिर्जा साजिद बेग, जाहिद अली, हरीश सोनी, संजय लारोकर, संजय दुबे, मदन डोंगरे, दुर्गा भाई, मतीन भाई सहित अन्य गायक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन शम्सुद्दीन थारानी करेंगे। मंच के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, त्रिलोक सोनी, संजय खंडेलवाल ने शहर के समस्त संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

बीएसपी में गणतंत्र दिवस समारोह :निदेशक प्रभारी जयंती स्टेडियम में फहरायेंगे तिरंगा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा समारोह का आयोजन किया गया है। 26 जनवरी को जयंती स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दास गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड की सलामी लेंगे और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे।

सुबह 8 बजे संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक प्रभारी (वर्क्स), संयंत्र के इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), रिफ्रेक्ट्री स्टोर में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन), एल एंड डी सेंटर में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा, सीईजेड कॉम्पलेक्स में कार्यपालक निदेशक (खदान), एक्सपांशन भवन में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट) द्वारा, नगर सेवाएं विभाग में मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। अन्य सभी विभागों में विभाग प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस्पात क्लबों में संबंधित क्लब के अध्यक्षों द्वारा और विद्यालयों में विद्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। संयंत्र के सभी खदानों में संबंधित खदान प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में ध्वजारोहण व मरीजों को फल वितरण भिलाई महिला समाज द्वारा किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जयंती स्टेडियम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एनसीसी, गाईड द्वारा मार्च पास्ट व अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया जाएगा। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा डेमो व डॉग शो और शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

65 कर्मचारी लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड - सेल के स्थापना दिवस 24 जनवरी को सेल की सभी इकाइयों में वृहद रूप से मनाया जाता है। 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बीएसपी के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी दीर्घ सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष कुल 65 कर्मचारियों को दीर्घ सेवा सम्मान दिया जाएगा, जिन्होंने पिछले 25 वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर अपनी सेवा दी है।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

भिलाई। ज्येष्ठ नागरिक मंत्र नेहरू नगर द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, ओल्ड नेहरूनगर पार्क में किया गया। एक दिन महिला क्रिकेट खेला गया और दूसरे दिन पुरुष क्रिकेट मैच के बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शॉट पुट, डिसकस थ्रो आदि खेल कराए गए। इस प्रतियोगिता में 60 वर्ष से लेकर के 85 वर्ष तक की महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। अंत में स्वल्पाहार और पारितोषिक वितरण किया गया।

निगम आयुक्त ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड व 35 शारदा पारा केम्प-2 में उपचुनाव होना है। यहां शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल हाउसिंग बोर्ड काली बाड़ी के पास 8 बूथ और वार्ड 35 शारदा पारा में जनता स्कूल में 5 और दुर्गा पारा शासकीय स्कूल में 2 बूथ पर मतदान होगा। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज सभी बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सतीश यादव के साथ सुबह 9 बजे पहुंचे। आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विशेष रूप से साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, प्रवेश/निकासी द्वार, दिव्यांग बुजुर्गों के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था बेहतर बनाने कहा। कमिश्नर ने कहा कि पर्याप्त लाईट व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, बोरिंग में पानी की व्यवस्था होनी चाहिये। मतदान दल और मतदाताओं को परेशानी न होने देने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, विनोद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

एमपी की हाईरेंज की शराब भारी मात्रा में जप्त, परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री की खबर मिलने पर एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़कर गिरफ्तार किया गया है। 22 जनवरी को रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग दुर्ग के अफसरों ने अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने पर कैम्प 2 क्षेत्र, भिलाई में आरोपी संजय कुमार सैनी के कब्जे से मध्यप्रदेश की हाई रेंज की शराब जब्त की। आरोपी द्वारा ज्यूपिटर स्कूटी दो पहिया वाहन क्रमांक सीजी 07 बीबी 2947 में कार्रवाई के दौरान 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 12 बोतल ब्लैक व्हाइट का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा वृत्त भिलाई 2 द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। जानकारी के अनुसार कुल 26 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड व 12 बोतल ब्लैक एंड व्हाइट शराब का बाजार मूल्य लगभग 63440 रुपये है। परिवहन में प्रयुक्त दो पहिया वाहन की कीमत लगभग 20000 रुपये है। इस प्रकार जप्त सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 83440 रुपये है।

इस प्रकरण मे जिला दुर्ग आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल, भूपेंद्र नेताम, प्रियांक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, देव प्रसाद पटेल, खुलदीप यादव, अशोक वर्मा व वाहन चालक दीपक राजू, दुर्गा साहू और धनराज का योगदान रहा।

जैव उर्वरकों का प्रदर्शन | **आईओटी आधारित गृह उपयोगी स्वचलित तंत्र का मॉडल प्रस्तुत**

युवा महोत्सव में साइंस कालेज ने किया वर्किंग व स्टेटिक मॉडल का प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छ. ग. राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण द्वारा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय छ. ग. युवा महोत्सव में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के रसायन, भौतिकी एवं माइक्रोबायलॉजी विभाग द्वारा वर्किंग एवं स्टेटिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय में निर्मित बायो उर्वरक माइक्रोराइजा का प्रदर्शन व विक्रय भी किया गया। रसायन विभाग द्वारा गोमूत्र के उपयोग से विषाक्त रंजकों युक्त जल के शुध्दिकरण और उपयोग हेतु जल में परिवर्तन कर जल संरक्षण का मॉडल प्रस्तुत किया गया। भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा स्मार्ट जीवन हेतु आईओटी आधारित गृह उपयोगी स्वचलित तंत्र का मॉडल प्रस्तुत किया गया। सौर ऊर्जा से चलने वाले कीट ट्रैपर और अल्ट्रा सोनिक स्पर्श रहित प्रकाश नियंत्रण दर्शाने वाला मॉडल भी प्रदर्शित किया गया।

माइकोबॉयोलाजी विभाग द्वारा पैदावार बढ़ाने के लिये उपयोगी तत्व के अवशोषण में वृध्दि करने वाले जैव उर्वरकों का प्रदर्शन व विक्रय का स्टॉल लगाया गया। दर्शकों को इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। तेल अपशिष्टों के उपचार में सूक्ष्मजीवों की भूमिका से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किया। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत लगाए गये स्टॉल में महाविद्यालय के एमएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। युवा महोत्सव के अंतिम दिन छ.ग. राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने स्टॉल का निरीक्षण किया। राज्योत्सव में 23 विद्यार्थी और 6 सहायक प्राध्यापक शामिल हुए। महाविद्यालय द्वारा युवा महोत्सव में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह व नोडल अधिकारी डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने किया।

स्त्री स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता पर व्याख्यान

महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्त्री स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं फाग्सी प्रेसीडेन्ट डॉ. संगीता सिन्हा ने अपने व्याख्यान में स्त्री स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देते हुए स्वच्छता पर जोर दिया। डॉ. सिन्हा ने मासिक धर्म स्वच्छता व यूरिनल स्वच्छता पर जोर दिया। उन्होंने कहा संक्रमण से बचाव के लिए समय-समय पर चेकअप कराना चाहिये। डॉ. संगीता सिन्हा ने पंपुलेमा वैक्सीन कार्यक्रम की जानकारी दी। सरवाइकल कैंसर और पंपुलेमा के बीच खास संबंध है। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने स्वागत भाषण दिया।

संगीत महाविद्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। संगीत महाविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस मौके पर नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया और देशभक्ति गीतों के माध्यम से उन्हें याद किया गया। प्राचार्य डा ऋचा ठाकुर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र ने न केवल स्वतंत्रता की मशाल प्रज्ज्वलित की, बल्कि देश के युवाओं में भी स्वतंत्रता के लिये जोशभर दिया। महाविद्यालय गायन विभाग अतिथि प्राध्यापक गजेंद्र यादव ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत गाकर नेताजी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। संगीता चौबे ने नेताजी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विद्यार्थियों में बीपीए द्वितीय की छात्रा राधा ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू, धनराज भोयर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता व आभार प्रदर्शन सर्वजीत बाम्बेश्वर ने किया।

निधन : मदनलाल छाजेड़

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलगांव चौक स्थित मधुबन मच्छरदानी फर्म

संचालक मदनलाल छाजेड़ का निधन हो गया। अंतिम यात्रा में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे एवंता, टीकम छाजेड़ के पिता थे।

न्यूज गैलरी

मतदान प्रक्रिया और आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तार से दी गई जानकारी

जांजगीर-चांपा /नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत ई.व्ही.एम. तथा मतपत्र से मतदान कराने, मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों के रवाना होने से लेकर मतदान प्रक्रिया, सीलिंग प्रक्रिया, मतगणना के संबंध में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर , अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार, सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मतदान केन्द्रवार चुनाव संबंधी सामग्री वितरण, मतदान दल का मतदान केन्द्र पर पहुंचे, मतदान प्रारंभ होने के साथ ही संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्टिंग करना, निर्धारित प्रपत्रों को सही तरीके से भरना, चुनाव कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को

जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 के अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जांजगीर-चांपा की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से ऑडिटोरियम जिला पंचायत के पास जांजगीर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से नाबालिग कन्या का विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम जूनाडीह (बलौदा) थाना व तह. बलौदा में बालिका के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की जहां बालिका की उम्र 17 वर्ष 02 माह होना पाया गया। साथ ही बालिका के भाई का साथ में विवाह कार्यक्रम होने पर उसके भाई के भी उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची की जांच की गई, जिसमें उसकी उम्र 20 वर्ष 06 माह पाया गया। जोकि विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम था। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा बालिकों एवं उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया।

बीएसएफ जवानों ने समय रहते पहुंचाया अस्पताल

अंतागढ़/नवप्रदेश। हायर सेकेंडरी स्कूल, तालाबेडा स्कूल के एक छात्र के लिए 129वीं बीएसएफ व सीओबी एफ कंपनी वरदान साबित हुआ मानवता का परिचय देते हुए उस छात्र को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए कंपनी कमांडर तुरंत स्कूल पहुंचे तथा एम्बुलेंस के लिए वाहिनी मुख्यालय को सूचित किया। 129 वीं वाहिनी मुख्यालय सारंगीपाल से एम्बुलेंस के साथ नर्सिंग सहायक कुछ ही समय में स्कूल पहुंच गए जहां उन्होंने छात्र को प्राथमिक उपचार दिया और उनके रिश्तेदार और स्कूल के एक प्रतिनिधि के साथ स्वर्गीय बद्रीनाथ जिला अस्पताल, नारायणपुर के लिए रवाना हो गए जहां छात्र को भर्ती कर चिकित्सा दी गई एवं अभी उसकी हालत स्थिर है। 129 बटालियन

बीएसएफके द्वारा किए गए इस त्वरित सहायता की बदौलत एक होनहार छात्र को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी और उसका जीवन बचाया जा सका उनकी स्कूल का बारहवीं कक्षा का छात्र चमन लाल देहारी पुत्र श्री कमलेश देहारी, गांव-कोलार, बेहोश हो गया था और उसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी वही लगभग 1500 मीटर की दूरी पर बीएसएफ और सीओबी 129वी बटालियन कंपनी तैनात है करीब 12 बज के 45 मिनट पर स्कूल के प्रिंसिपल एस आर देहारी ने ने बारहवीं के छात्र चमन लाल देहारी की बेहोश होने की खबर 129वीं बटालियन बीएसएफ कंपनी में दी जहां एसी कंपनी कमांडर सुभाष चंद्र झा आए और तुरंत वाहिनी मुख्यालय सरगीपाल को एंबुलेंस के लिए सूचित किया जिससे एम्बुलेंस के साथ नर्सिंग सहायक कुछ ही समय में स्कूल पहुंच गए और प्राथमिक उपचार किया इस नेक कार्य के लिए स्कूल के शिक्षको, ग्रामीणों, छात्र के रिश्तेदारों और स्कूली छात्रों ने 129 बटालियन बीएसएफ द्वारा किए गए कार्य व सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत सदस्य के लिए द्रुपत सिंह राय की मजबूत दावेदारी

बिलाईगढ़-सारंगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ जिला के जिला पंचायत क्षेत्र क्र मांक 11 से अनुसूचित जनजाति के लिए मुक्त सीट के लिए धनसीर के निवासी द्रुपत सिंह राय ने दावेदारी की है।द्रुपत सिंह राय क्षेत्र में आदिवासियों के मजबूत एवं सशक्त चेहरे के रूप में पहचाने जाते हैं।बिलाईगढ़ क्षेत्र में लोगों की मदद के लिए पहचाने जाते हैं श्री राय के जुझारपन के कारण ये हर वर्ग चाहे महिला,पुरुष या युवा सभी के चहेते हैं जिला पंचायत सदस्य के लिए उनकी दावेदारी से इस क्षेत्र में नया राजनीतिक समीकरण बनने लगा है चूंकि श्री राय ग्राम पटेल एवम वन प्रबंधन समिति से जुड़े है इस कारण प्रत्येक गांव के ग्राम पटेल से एवम इस क्षेत्र के लगभग 17 वन प्रबंधन समिति के सदस्यों से सीधा संपर्क में है जो इनकी जीत के लिये मजबूत आधार तैयार करती है।वर्तमान में श्री राय की पत्नी श्रीमति उमा राय जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के क्षेत्र क्रमांक 9 से जनपद सदस्य है। चूंकि आदिवासियों के लिए इस क्षेत्र में यह एकमात्र रिजर्व सीट है वर्तमान में इस सीट से वर्तमान में ग्राम किसड़ा निवासी ईश्वर सिंह सिदार जिला पंचायत सदस्य है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

दोनों उप मुख्यमंत्रियों ..

जाना है। और कितने जिला पंचायत के लिए साल भर में इस विभाग ने क्या किया क्या नहीं और आगे क्या करना है। ऐसे में भाजपा को शहरी और गारंमीण जनता के बीच इन उपमुख्मंत्रियों के विभागों का लेखा जोखा को लेकर जाना हैं। पहले उपमुख्यमंत्री अरूण साव के पास नगरी निकाय विभाग है।

दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सामने भी चुनौती, पर पीएम आवास का पिटारा

ऐसे में दूसरे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सामने भी चुनौतियां हैं। क्योंकि इनके पास पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की कमान है। अगर देखा जाए तो पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास देने में रिकार्ड कायम करते दिख रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि इसका चुनाव पर कितना असर होता है।

कांग्रेस की राहें आसान नहीं, चुनौतियों की भरमार

वैसे देखा जाए तो कांग्रेस के समाने भी चुनौतियां कम नहीं है। क्योंकि जहां कांग्रेस यह बताने की कोशिश करेगी की ओबीसी आरक्षण नहीं मिला। इधर, भाजपा कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में पीएम आवास योजना पर रोक लगने के मुद्दे पर पलटवार करते हुए ग्रामीण वोटरों को साधने की कोशिश करेगी।

छत्तीसगढ़ को मिले 6000 करोड़ ...

की खूबियों को साझा करते हुए कहा कि निवेशकों की पसंदीदा नीति बनाने के लिये हमने ÷न्यूनतम शासन-अधिकतम प्रोत्साहन÷ को सूत्रवाक्य के रुप में अपनाया है। इसके अंतर्गत हमने एनओसी की प्रक्रिया को बेहद आसान कर दिया है। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब क्लियरेंस हो रहे हैं। इससे निवेशकों को खासी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा नई उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है। इस नीति में 30 से 50 प्रतिशत तक एवं 200 से 450 करोड़ रुपए तक स्थायी पूंजी निवेश का प्रावधान किया गया है। 5 से 12 वर्ष तक नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार एवं ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रावधान किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया नये जमाने के उद्योगों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आकर्षक प्रावधान रखे गये हैं। नवा रायपुर में हम डाटा सेंटर भी आरंभ कर रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं और यहां आईटी कंपनियों ने काम करना आरंभ कर दिया है।

नवा रायपुर आधुनिक सुविधापूर्ण और व्यवस्थित शहर है साथ ही ग्रीनफील्ड शहर भी हैं जिससे आईटी इंडस्ट्री के विकास के लिए यहां भरपूर संभावनाएं हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा, टैक्सटाइल, फूड एंड एग्रो प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में भी विशेष रियायत दी गई है। हम नवा रायपुर में फार्मास्यूटिकल पार्क भी स्थापित कर रहे हैं जो सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल पार्क होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास ग्राम नियानार में हम 118 एकड़ में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने जा रहे हैं इससे यहां बड़े पैमाने पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को स्थापना के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया बस्तर और सरगुजा को हमने सर्वाधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में रखा है। यहां कोर सेक्टर प्रोत्साहन, आयरन और कोल रायल्टी में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट है। सेस की प्रतिपूर्ति 150 प्रतिशत तक किये जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन्वेस्टर कनेक्ट मीट के दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल श्री माइक हैंकी व रूस के काउंसल जनरल इवान फेटिसोव से मुलाकात की। इस दौरान काउंसल जनरल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस मीट में उद्योग विभाग के मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर सुश्री ऋतु सैन और सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं।

आधारभूत संरचना निवेशकों के अनुकूलः मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि नवा रायपुर में 1.6 बिलियन डालर का निवेश किया गया है जिससे यहां की अधोसंरचना देश के सबसे शानदार शहरों जैसी है। यही नहीं अगले पांच वर्षों में यहां 2.1 बिलियन डालर की नई परियोजनाएं भी आरंभ की जाएंगी। छत्तीसगढ़ में आईआईटी भी हैं, आईआईएम भी हैं तो स्वाभाविक रूप से इंडस्ट्री के लिए सक्षम तकनीकी लोग यहां उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी शानदार है। रांची, विशाखापट्नम तथा हैदराबाद के लिए एक्सप्रेसवे तैयार किये जा रहे हैं जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगे। रेल, रोड तथा एयर कनेक्टिविटी छत्तीसगढ़ में शानदार है। सबसे ज्यादा निवेश रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे कनेक्टिविटी के लिए किया गया है। इससे यहां के उद्योग जगत को माल ढुलाई में बड़ा लाभ होगा।

सद्भाव और एकता का सशक्त...

संदेश नहीं देती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतने विशाल जनसमूह में होने के बाद भी कोई होटल में नहीं रहता है क्योंकि सभी को गंगा के तट पर टेंट में रहने की सुविधा मिलती है। इस दौरान उन्होंने गुजरात के लोगों खासतौर पर युवाओं से महाकुंभ में जाने का आग्रह किया। शाह ने इस दौरान यह भी बताया कि वे खुद 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे।

आगे बोलते हुए शाह ने मोदी सरकार के कार्यकाल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में स्थिति बदल गई है। अब, हमारी विचारधारा के अनुसार लगभग सभी लंबित कार्य पूरे हो चुके हैं, चाहे वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, तीन तलाक को खत्म करना या यूसीसी का कार्यान्वयन हो। अब भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल में इसी रास्ते पर आगे बढ़ेगी। शाह ने आगे बोलते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जहां इन अधूरे कामों को दस साल में पूरा किया, वहीं पिछली सरकारों ने 70 साल तक इन अधूरे कामों को नहीं छुआ।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

-: शपथ पत्र :-

मैं शपशकर्ती वर्षा देवी (VARSHA DEVI) पति श्री अखिलेश गोंड़ (AKHILESH GOND) उम्र 31 वर्ष निवासी ई.डब्ल्यू.एस.-1519 हाउसिंग बोर्ड कालोनी इंडस्ट्रीयल ऐरिया, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी तथा स्कूल रिकार्ड में पुत्र का नाम अंकुश कुमार गोंड़ (ANKUSH KUMAR GOND) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम जिगर कुमार (JIGAR KUMAR) दर्ज है।
4. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम अंकुश गोंड़ (NAKUSH GOND) दर्ज है।
5. यह कि मेरे पुत्र का नाम अंकुश कुमार गोंड़ व जिगर कुमार व अंकुश गोंड़ तीनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे पुत्र का ही नाम है जबकि सही नाम एवं वास्वविक नाम अंकुश गोंड़ है।
6. यह कि मैं अपने पुत्र के कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी तथा स्कूल रिकार्ड व आधार कार्ड में उसका सही नाम एवं वास्तविक नाम अंकुश गोंड़ (ANKUSH GOND) दर्ज करवाना चाहती हूं जिस हेतु यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन के लिए श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि कुल कंडिका 01 से 06 तक दिए गए सभी जानकारी मेरे निजी ज्ञान से सही एवं सत्य है आज दिनांक 22.01.2025 को मुकाम दुर्ग में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर दी।

शपथकर्ती

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501101000042
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पुष्पा बाई पति स्व. विक्की सिंह निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 75/12 रकबा 0.020 हे. भूमि आवेदक के सास नेमिन बाई आ. बुधु जांगड़े के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती प्रीति राजपूत उम्र 39 वर्ष पति श्री कमलेश सिंह राजपूत, वर्तमान निवासी एलआईजी 10 न्यू दीनदयाल कालोनी, जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थायी निवासी ठाकुरपारा बेरला भरचट्टी जिला बेमेतरा (छ.ग.) जो कि निम्न कथन प्रस्तुत करती हूं कि :-
01. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूं।
02, यह कि मेरा पुत्र शुभ सिंह राजपूत पिता श्री कमलेश सिंह राजपुत, माता का नाम प्रीति राजपूत (SHUBH SINGH RAJPUT S/O KAMLESH SINGH RAJPUT, MOTHER'S NAME PRITI RAJPUT) जो कि स्कूल 15227 श्री शंकराविद्यालय सेक्टर 10 भिलाइ जिला दुर्ग में कक्षा 11वीं में अध्ययरत है।
03. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा 10वीं के अंकसूची जिसका रोल नम्बर-12110232 में माता का अंग्रेजी शब्द में (PREETI RAJPUT) दर्ज है जो कि पूर्णत गलत है।
04. यह कि माता का सही व वास्तविक नाम प्रीति राजपूत (PRITI RAJPUT) है जो कि माता के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। तथा मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व स्कूल दाखिला खारिज में भी माता की सही नाम प्रीति राजपूत (PRITI RAJPUT) दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है।
05. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा 10वीं के अंकसूची में दर्ज माता का नाम (PREETI RAJPUT) एवं माता के अन्य दस्तावेजों में दर्ज प्रीति राजपूत (PRITI RAJPUT) ये दोनों नाम मेरा ही स्वयं का नाम है ये दोनों नाम किसी अन्य महिला का नाम नहीं है।
06. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र शुभ राजपूत के कक्षा 10वीं के अंकसूची में दर्ज शुभ सिंह राजपूत पिता श्री कमलेश सिंह राजपूत, माता का नाम प्रीति राजपूत (SHUBH SINGH RAJPUT S/O KAMLESH SINGH RAJPUR, MOTHER'S NAME PREETI RAJPUT) के स्थान पर शुभ सिंह राजपूत पिता श्री कमलेश सिंह राजपूत, माता का नाम प्रीति राजपूत (SHUBH SINGH RAJPUT S/O KAMLESH SINGH RAJPUT, MOTHER'S NAME PRITI RAJPUT) दर्ज किए जाने एवं राजपत्र में गजट प्रकाशन करने हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय भिलाई नगर जिला दुर्ग छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत करती हूं।

शपथकर्ती

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412102700029
ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुग्रीव साहू पिता जनक साहू निवासी ग्राम पुरदा तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पुरवा प.ह.नं.-7 रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी जिला दुर्ग में उनके पुत्र लेमन साहू का जन्म दिनांक 24/11/2007 को होने के कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, पुलिस जांच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को उनके पुत्र का उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत स्थान पर स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 18/02/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17664 दिनांक 23.01.2025
वार्ड का नाम- 42- पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-42 स्थित भवन/ भूमि RPR565F00176 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती 1. LAXMI SONI 2. JASRAJ SONI, 3. MAHESH SONI, 4. SARITA SONI पिता/पति LATE RAVAL CHAND SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PARAMILA DEVI SAHU पिता/पति JAGDEV SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**, रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर, जोन (5), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17755 दिनांक 2201.2025
वार्ड का नाम- 20- रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802D00268 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती S. Madhvi पिता/पति श्री/श्रीमती S,M.M. Raju के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. Parmanand Dhiwar S/O Premnath Dhiwar S/O Parmanand Dhiwar पिता/पति श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर), जोन (8), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/प्र. 1 अति.तह./2024
भिलाई नगर, दिनांक 19/11/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शुभम यादव आ. मनीराम यादव साकिन कुरूद रोड जामुल द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 847, 857 रकबा कुल 0.2000 हे. भू.रा. 0.10 रुपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24/01/2025 तक या उसके पूर्व या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला क्रमांक 202412100700092
विषय अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व सन 2024-2025
करहीडीह (प.ह.नं. 00015)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - मुकेश कुमार, मनीष कुमार यादव
अनावेदक पक्षकार- मानबाई जौ. जिवधन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मुकेश कुमार पिता स्व. पुनीताराम यादव, मनीष कुमार यादव पिता मनसा राम यादव निवासी म.नं.-257 , वार्ड नं. 57 बजरंग नगर, नदी रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम करहीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 67/1, 69/1 रकबा क्रमशः 0.430, 0.620 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती मानबाई पति जीवधन के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती मानबाई पति जीवधन के द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 22/02/2018 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/12/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202501101000059
विषय -ब-121 मामले की श्रेणी राजस्व सन 2024-2025
सुपेला प.ह.नं. 00047 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- प्रमोद बोरकर
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक प्रमोद बोरकर पिता/पति/ विभाग स्व. परमानंद बोरकर पता-सुपेला भिलाई द्वारा अपने पिता परमानंद की मृत्यु दिनांक 03.10.2022 को भीमनगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बोरी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202412102700029
ब-121/सन -2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुग्रीव साहू पिता जनक साहू निवास को न पुरदा, तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि निवासी ग्राम 04 नं. 7 रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी जिला दुर्ग में अपने पुत्र लेमन साहू का जन्म दिनांक 24/11/2007 को होने के कारण उनका जन्म प्रमाण पत्र, आदेश प्रदाय किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, पुलिस जांच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न पेश किया गया है. जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को उनके पुत्र का उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 23/01/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, बोरी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विवेक कुमार मानकर (Vivek Kumar Manker) पिता तिलक राम मानकर (Tilak Kumar Manker) उम्र 22 वर्ष निवासी मकान नं. 79/बी1 डब्ल्यू.ए. टाईप वार्ड क्रमांक 22 जैन मंदिर वार्ड दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) का हूं, मेरे कुछ दस्तावेजों में विवेक कुमार मानकर (Vivek Kumar Manker) पिता टी.आर. मानर (T.R. Manker) का नाम दर्ज है। मैंने अपने पिता के लघु नाम पूर्ण नाम पर विवेक कुमार मानकर (Vivek Kumar Manker) पिता तिलक राम मानकर (Tilak Ram Manker) करवाना चाहता हूं तथा इसी नाम से जाना, पहचाना, एवं पुकारा जाता हूं।

अतः मेरे समस्त शैक्षणिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेखों/दस्तावेजों में मेरे पिता के लघुनाम सुधार कर पूर्ण नाम विवेक कुमार मानकर (Vivek Kumar Manker) पिता तिलक राम मानकर (Tilak Ram Manker) से जाना, पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावे।

स्थान- दल्लीराजहरा
दिनांक - 22.01.2025

विवेक कुमार मानकर (Vivek Kumar Manker)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पक्षकार का नाम - श्रीमती हेमा बाई साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202501100400422

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमा बाई साहू पति श्री दुष्यंत साहू निवासी उजाला चौक उरला जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम- उरला प.ह.न 16 तह.व जिला दुर्ग	326/22	0.0096हे. /1030 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला-दुर्ग

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता जानी मोहम्मद (JANI MOHAMMAD) पिता चाऊस मोहम्मद (CHAOOS MOHAMMAD) उम्र 35 वर्ष निवासी मकान नं. 285, ग्राम थनौद तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-
यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
यह कि मेरी पुत्री जखिया शेख के कक्षा 5वीं अंकसूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम जानी शेख मोहम्मद दर्ज है।
यह कि मेरा नाम जानी मोहम्मद एवं जानी शेख मोहम्मद दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे स्वयं का ही नाम है जबकि सही एवं वास्तविक नाम जानी मोहम्मद है।
यह कि मैं अपने पुत्र के कक्षा 5वीं अंकसूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में तथा भविष्य के दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक नाम जानी मोहम्मद को दर्ज करवाना चाहता हूं जिस हेतु यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन के लिए श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता मो. सोयब (MD. SOYAB) पिता मो. शमीम अंसारी (MD. SHAMIM ANSARI) उम्र 20 वर्ष निवासी ब्लाक नं. 1 क्वा. नं. 4, वार्ड नं. 22, अटल आवास सुंदर विहार, कुरूद भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-
यह कि मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं व मेरी जन्म तिथि 08/04/2005 है।
यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2880 7918 1147 में मेरा नाम मो. सोयब (MD SOYAB) पिता मो. समीम अंसारी (MD. SAMIM ANSARI) अंकित है एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक RWGPS8152G में मेरा MD SOYAB पिता MD SHAMIM ANSARI अंकित है।
यह कि मेरे दाखिल पंजी एवं अंकसूची में मेरा नाम मो. सोयब पिता मो. शमीम अंसारी अंकित है। एवं कुछ शैक्षणिक अंकसूची मे मेरा नाम MD SOYAB पिता MO. SHAMIM ANSARI अंकित है एवं मेरे अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम MD SOYAB पिता MD SHAMIM ANSARI अंकित है।
यह कि मेरे सही व वास्तविक नाम मो. सोयब (MD SOYAB) पिता मो. शमीम अंसारी (MD SHAMIM ANSARI) का शासकीय राजपत्र गजट में प्रकाशन करवाने एवं शैक्षणिक अंकसूची, आधार वार्ड एवं शासकीय-अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में तथा अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत इंद्रावती कालोनी, राजा तालाब रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-06 श्रीमती मंजू चौधरी पति स्व. श्री सुभाषचन्द्र चौधरी, को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 15100 दिनांक 12.12.1974 के माध्यम से आबंटित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 29.12.2023 को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्रीमती मंजू चौधरी पति स्व. श्री सुभाष चन्द्र चौधरी निवासी पी.-1601 रेनबो विसतास एट राक गार्डन ग्रीन हिल्स रोड, मूसापेट, हैदराबाद के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता 1. श्री संजय कुमार पिता स्व. श्री टी.सी. पंडित, 2. श्री संतोष कुमार पिता स्व. टी.सी. पंडित निवासी दुर्गा मंदिर के पास नेताजी चौक न्यू शांति नगर शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यता बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17811 दिनांक 23.01.2025
वार्ड का नाम- 19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802A00599 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती VIKRAM SINGH RAJPUT पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MOHAN SINGH RAJPUT के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Krishna kant Rai पिता/पति श्री/श्रीमती Anand Rai ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर), जोन (8), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425430104600054

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटिलाकला के वर्तमान भूमिस्वामी पुष्कर दास वैष्णव पिता/पति रामानुज दास वैष्णव पता- म.नं. 590 शंकर नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसका क्रमांक 111/49 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता उत्तरादास वैष्णव पिता/पति पुष्कर दास वैष्णव पता- न्यू आदर्श नगर दुर्ग, विवेक वैष्णव पिता/पति पुष्करदास वैष्णव पता- न्यू आदर्श नगर दुर्ग, प्रियंका पटेल पिता/पति पुष्करदास वैष्णव पता- न्यू आदर्श नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/02/2025 को सयम सुबह 11 बजे न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मैं तरंग कुमार शर्मा पिता श्री नूतन प्रसाद शर्मा उम्र लगभग 36 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड नं. 10 कोबिया, तहसील व जिला बेमेतरा छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं कि -
1. यह कि मैं उपर दर्शित पते का निवसी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम अंश शर्मा गलत रूप से अंकित हो गया है अर्थात सही नाम नहीं है, अन्य समस्त शासकीय दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम अबीर शर्मा है जो सही नाम है सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा पी.पी. 1 से कक्षा 4 वीं के मार्कशीट/ अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम अबीर शर्मा पिता तरंग कुमार शर्मा लिखा है, केवल आधार कार्ड में नाम त्रुटि है जिसे सुधार किया जाना आवश्यक है।
4. यह कि इस संबंध में आम सूचना का प्रकाशन दिनांक को किया गया था। जिस पर किसी व्यक्ति या संस्था के किसी भी प्रकार से कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है।
5. यह कि मेरे पुत्र वास्तविक/ असल नाम अबीर शर्मा पिता तरंग कुमार शर्मा है, जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
6. यह कि मेरे द्वारा राजपत्र में नाम संशोधन किए जाने हेतु आवेदन पत्र, क्षेत्रीय मुद्राणालय राजनांदगांव में प्रस्तुत करना जिसे संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं तरंग कुमार शर्मा पिता श्री नूतन प्रसाद शर्मा उम्र लगभग 36 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड 10 कोबिया तहसील व जिला बेमेतरा, छ.ग. का सत्यापित करता हू कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक के कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व ही है, जिसे आज दिनांक 23.01.2025 को स्थान बेमेतरा में पढ़कर, समझकर , हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

■ न्यूज गैलरी

बेन्द्रीडीह में राज्य स्तरीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 1 फरवरी को

खैरागढ़ /नवप्रदेश। ग्राम बेन्दरीडीह मे राज्य स्तरीय एक दिवसीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 1 फरवरी को किया गया है । नवयुवक विघ्नविनाशक समिति बेन्द्रीडीह के तत्वाधान मे आयोजित रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में एकल, युगल और सामुहिक वर्ग मे विभिन्न पुरस्कार रखे गए है । प्रतियोगिता मे प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है । कार्यक्रम का शुभारंभ 1 फरवरी को शाम चार बजे से शुरू होगा ।

यातायात का पालन कराने

यमराज बनकर सड़क पर उतरी यातायात पुलिस

खैरागढ़ /नवप्रदेश। शहर से होकर गुजरने वाले वाहन चालको को यातायात के नियमों का पालन कराने यातायात पुलिस ने नवाचार करते शहर के मुख्य मार्गो मे यमराज और चित्रगुप्त की वेशभुषा मे लापरवाह वाहन चालको को नियमों का पाठ पढ़ाया । इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालको को जागरूक करते कहा कि यातायात नियम पालन नहीं करने से व्यक्ति को गंभीर चोट लगने और मृत्यु होने का नुकसान होने डर है । इसका काल्पनिक दृश्य दिखाकर लोगो को जागरूक किया गया । सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जारी अभियान मे यातायात पुलिस यातायात नियम का पालन कराने, सड़क दुर्घटना रोकथाम हेतु हर संभव प्रयास कर रही है। यातायात जागरूक करने हेतु शहर के मुख्य मार्ग में लोगों के द्वारा यातायात नियम पालन नहीं कर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट पहन कर चलने से सड़क दुर्घटना में होने वाले नुकसान को बताने के लिए यमराज एवं चित्रगुप्त बनाकर सड़क में लोगों को जागरूक किया । आने-जाने वाले लोगों को बिना हेलमेट से होने वाल नुकसान की जानकारी दी । मौत और दुर्घटना की जानकारी भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दर्शाया । शहर के शहर के अमलीपारा , इतवारी बाजार, बस स्टैंड ,दुर्गा चौक में लोगों को जागरूक किया गया यातायात पुलिस जवानों ने लोगों और वाहन चालको को जागरूक कर हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने प्रोत्साहित किया ।

नगरीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आदर्श आचार सहिता लागू होते ही नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा में सम्पत्ति विरूपन के तहत् बैनर, पोस्टर, वाल पेंटिंग हटाने/मिटाने का कार्य किया जा रहा है, अभी तक निकाय क्षेत्रान्तर्गत कुल 450 बैनर, पोस्टर, वाल पेंटिंग हटाया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की प्रकिया दिनांक 22.01.2025 से 28.01.2025 तक प्रातः 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाना है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) दिनांक 29.01.2025 को किया जावेगा, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख दिनांक 31.01.2025 निर्धारित है साथ ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबटन दिनांक 31.01.2025 को किया जावेगा। मतदान की तारीख 11.02.2025 तथा मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा दिनांक 15.02.2025 को निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन का कार्य नवीन तहसील कार्यालय भवन गोबरा नवापारा में किया जा रहा है।

गरियाबंद जिला में संस्कृत सम्भाषण का प्रचार-प्रचार

गरियाबंद। संस्कृत भाषा अतिप्राचीन भाषा है जिसमें सभी वेद, पुराण ,उपनिषद् ,लिखा हुआ है । जिसे पढ़कर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। इसके लिए संस्कृत भारती संस्कृत सम्भाषण कौशल से सरल तरीका से संस्कृत सम्भाषण कौशल 10 दिन में सीखातें है। संस्कृत को जनभाषा बनानें के शिशु वाटिका गरियाबंद में सरस्वती शिशु मन्दिर के शिक्षकों एवं समाज के प्रबुद्ध जनों से चर्चा किया गया एवं सढ़ौली गांव में बालिकाओं को संस्कृत सम्भाषण कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

राम राज युवा संगठन गरियाबंद के तत्वावधान में रामोत्सव प्रथम वर्षगांठ भव्यता के साथ मनाया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। 22 जनवरी वो ऐतिहासिक दिन 500 वर्षो के त्याग तपस्या बलिदान और संघर्षो के पश्चात पुरे भारत वर्षो के राम भक्तों के प्रयासों से अवधपुरी धाम अयोध्या में दिव्य एवं भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ तथा 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हिन्दूत्व सनातन परंपरा वैदिक अनुष्ठान विधिवत पूजा अर्चना कर श्री राम लाल के बाल स्वरूप का विग्रह किया गया। प्रथम वर्षगांठ रामोत्सव 2025 के उपलक्ष्य पर नगर में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गरियाबंद के माटी में जन्मे ऐसे कलाकार जो पुरे छत्तीसगढ़ के मानस मंचों मे तथा आरू साहू जैसे बड़े बड़े मंचों मे अपना कार्यक्रम किया है ऐसे आन बान शान गरियाबंद नगर के जान स्वर सम्राट दुर्गेश तिवारी नाइट शो एवं रायपुर की टीम के साथ आर्केस्ट्रा भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। रामराज युवा संगठन के अध्यक्ष श्री प्रकाश सोनी जी* ने बताया प्रभु श्रीराम धर्म के मूर्तिमन्त स्वरूप हैं वे भारत की आत्मा है श्री रामजन्मभूमि पर भव्य श्री राममंदिर भारतीय मन की शान्वत प्रेरणा है परिणाम स्वरूप 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के परिणाम स्वरूप 22जनवरी 2025 को प्रभु श्रीराम के बालरूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसके एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर दिनांक 22जनवरी 2024. बुधवार को प्रथम वर्षनांत समारोह 2025 का भव्य आयोजन रखा गया जिसमें समस्त नगरवासी भजन संध्या में झूमे तथा भक्तिमय वातावरण रहा भव्य महाआरती प्रसाद वितरण आतिशबाजी कर दीपोत्सव दिवाली मानाया गया कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए

जिला प्रशासन एवं समस्त नगरवासी जनप्रतिनिधि व्यापारी संघ का अभार एवं धन्यवाद।

कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने विशेष योगदान रहा दुर्गेश तिवारी, भानु प्रकाश सिंह राजपूत, खीर सिंह यादव, आकाश तिवारी, रोमी सिन्हा, मुरली सिन्हा,भीम साहू, नवीन सिन्हा, आयुष सोनी, गजानन नागेश ,निखिल साहू, प्रवीण सिन्हा, शुभम देवांशी , आदित्य साहू, हेमंत निषाद, राहुल साहू, मुकेश सोनी, हेमंत सिन्हा, कुणाल देवांगन, शुभम, सौरभ साहू, मानस ध्रुव, कुशाल साहू,वैभव सोनी, मुकेश नायक, रूपनारायण, सौरभ भुवार्य, तेजनाथ सिन्हा, रोहन यादव,गगन सिन्हा,सतीश, राहुल,शुभम भोसले, प्रकाश राजपुत, रितिक सोनी,यश सिन्हा, खेमेश सिन्हा, एवं समस्त श्री रामराज परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिकायत सेल को एक्टिव रखें

निष्पक्ष होकर पारदर्शी तरीके से निर्वाचन कराना हम सबकी जिम्मेदारी : कलेक्टर

■ नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आम निर्वाचान की तरह इस नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन की जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सूचनाओं का आदान प्रदान आयोग के दिशा-निर्देश के तहत निर्देशों का अध्ययन कर किया जाएं, किसी प्रकार की गलत व भ्रामक जानकारी न दी जाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के कार्यों की अपनी गरिमा होती है। इसलिए चुनाव के दौरान आचार संहिता का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी होकर मतदान की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने आचार सहिता प्रभावशील होने के साथ ही सम्पति विरूपण के तहत की जा रही कार्यवाही, आदर्श आचरण संहिता का पालन, मतदाताओं को जागरूक करने जाबो कार्यक्रम सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने की जानकारी ली गई। उन्होंने स्वच्छता वाहनों में मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश प्रचारित करने, दीवार लेखन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिकायत सेल को एक्टिव रखने और फोन नंबर से शिकायतों को सुनने तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी की समीक्षा की।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों की व्यवस्था सहित प्रशिक्षण में अधिक से अधिक ईव्हीएम का हैण्ड्स ऑन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। अनुपस्थिति पर सक्षम अधिकारी को सूचना दी जाए। अनुपस्थिति पर पर्याप्त कारण नहीं होने पर आवश्यक कार्यवही की जाए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के बैंक खाते में मानदेय वितरण, चिकित्सा व्यवस्था, परिचय पत्र, रिजर्व दल आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके परिवार व रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हो, उन्हें निर्वाचन कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए।

श्रीराम महिला मंडल के मातृ शक्तियों द्वारा बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार छोटे बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने बाल संस्कारशाला का संचालन कर रहा है। आज ओम शांति महिला मंडल नवापारा की मातृ शक्तियों द्वारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ का प्रयाग राज त्रिवेणी संगम के इस पावन धरा नवापारा नगर के प्रत्येक वार्डो में एक आदर्श युवा की छवि का निर्माण के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए गायत्री परिवार के सौजन्य से बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य किशोरावस्था से ही बच्चों को अच्छा संस्कार और व्यवहार का बोध हो सके। जिससे उसके जीवन में भटकाव का स्थिति पैदा नहीं हो। अखिल विश्व भारतीय गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रतिस्पर्धा आग भाग दौड़ की जिंदगी में किशोरावस्था में ही भटकाव की स्थिति पैदा हो जाती है। बच्चे को अपनी प्रतिभा का एहसास नहीं हो पाता है और बच्चे कुसंगति का शिकार हो जाते है। जिससे बचने के लिए बच्चों को सही माहौल और संस्कार देने की जरूरत होती है।

इस बाल संस्कार शाला शुभारंभ के अवसर पर सम्पत साहू, हीराराम हिरवानी, हरिशंकर सिन्हा, प्रेम साहू (मीडिया प्रभारी), बाल संस्कार शाला प्रभारी ज्योति देवांगन निशा सेन, यशोदा देवांगन, सुनीता दीदी ये सभी मातृ शक्तियों की उपस्थिति में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्कारों का महत्व बताया और प्रति रविवार को बाल संस्कार शाला में आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। बाल संस्कार शाला का संचालन ज्योति देवांगन और यशोदा देवांगन, सुनीता दीदी इनके द्वारा किया जाएगा।

भारती अग्रवाल को फिर मिला हसदेव पर्यावरण संरक्षण पर गोल्डनबुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

नवापारा/नवप्रदेश। राजिम। डॉ भारती अग्रवाल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल गोंडपारा अभनपुर के द्वारा मध्य भारत का फेफड़ा-हसदेव' कीर्तिमान पुस्तक पेड़ और वन संरक्षण पर पहली कविता पुस्तक में अपने सृजन के माध्यम से सहयोग किया जो गोल्डन बुक आफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इस ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन 19 जनवरी 2025 छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान के तत्वावधान में वृंदावन सभागार रायपुर में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उदयभान सिंह चौहान भगीरथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण, मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, अति विशिष्ट अतिथि गण में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज, डॉ. विनय कुमार पाठक, डॉ. स्नेहलता पाठक, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, प्रधान संपादक डॉ.आशा आजाद ÷कृति÷और अजय जैन थे। संयोजक डॉ. मंगल उरांव, आयोजक राज कुमार छापड़िया मुम्बई तथा विशेष सलाहकार पुष्पराज साहू 'राज' की उपस्थिति रही। मंच का संचालन डॉ. गुलशन खम्हार ने किया। डॉ भारती अग्रवाल को एक बार पर्यावरण संरक्षण हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सम्मान मिला है तो साहित्य के क्षेत्र में दो बार गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ इसके अलावा साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत-नेपाल मैत्री अंतरराष्ट्रीय सम्मान, हिंदी आइडल सम्मान, हिंदी शिरोमणि मानद उपाधि सम्मान मिल चुका है।

सप्ताह के कलमकार सम्मान

'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड' में दर्ज 'मध्य भारत का फेफड़ा-हसदेव' इस कीर्तिमान काव्यमयी विश्वस्तरीय साझा संकलन में 101 रचनाकार, 300 पृष्ठ समाहित है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य ही नहीं अपितु अन्य राज्यों और विदेश से भी सहभागिता सुनिश्चित हुआ है।

तीन दिवसीय रामायण 2 फरवरी से

भाटापारा। नयापारा धुरंधर वार्ड में बसंत पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 2 फरवरी से किया जा रहा है किंकर रामायण मंडली के आयोजक दुखित रामजायसवालराजाराम यादव चैतराम जायसवाल ने बताया कि यह वर्ष रामायण का पांचवा वर्ष है और उसे बेहतर बनाने सबका सहयोग भी जरूरी है। रामायण आयोजकों ने बताया कि 2 फरवरी से रामायण प्रारंभ 4 को दीपदान 5 फरवरी को हवन पूजन व विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

पार्षद पदों के लिए भाजपा-कांग्रेस में नामों का पैनल तैयार, अध्यक्ष पद के लिए कश्मकश जारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। पंचायत सहित नगरीय निकाय चुनाव मे प्रत्याशी बनने और बनाए जाने की कवायद शुरू हो गई । सत्ताधारी भाजपा सहित विपक्ष मे बैठी कांग्रेस मे भी नगरीय निकायों और जनपद , जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनने दावेदारों की होड़ मची है । कांग्रेस मे जिपं क्षेत्रवार दावेदारो से नाम मंगाकर जीत सकने वाले उम्मीदवारो की तलाश जारी है। तो भाजपा मे बुधवार को जिला स्तरीय बैठक कर दावेदारो के नामों को टटोला गया। भाजपा मे जिले के छुईखदान और गंडई नगर पंचायत मे हो रहे चुनाव के लिए पार्षदों के नाम पर लगभग सहमति बनने की खबर है। पार्षदों के लिए यहाँ काफी जददोजहद की स्थिति बनी है। दोनो नगर पंचायत मे पार्षदों के लिए दो से चार दावेदारी सामने आई है । लेकिन जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम लगभग फाइनल कर लिए गए है । नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए छूईखदान मे सबसे ज्यादा गहमागहमी की स्थिति भाजपा मे बताई गई है। यहाँ दो से ज्यादा दावेदार के बीच समन्वयन नही बनने से भाजपा दावेदारो के नाम रायपूर भेजेगी। कांग्रेस मे भी छूईखदान नगर पंचायत मे अध्यक्ष पद को लेकर स्थिति साफ हो गई है। पार्षदों के लिए कूछ वार्डो मे दावेदारो के नाम नही आने से पशोपेश की स्थिति बताई गई है।

नक्सल प्रभावित गांव में सिविक एक्शन एवं थाना बकरकट्टा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास और मित्रता बढ़ाने जारी प्रयास के तहत जिले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल नें गाताभर्री, झिलमिली के ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के सामानों, सर्दी से बचने के कम्बल, मिठाई एवं स्कूली ब%चो को टिफिन वितरित किया। एसपी बंसल ने इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुन जिला पुलिस द्वारा उनकी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया । थाना बकरकट्टा मे कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल

श्री नक्सल सेल प्रभारी अम्बरीश शर्मा कैलाश साहू थाना प्रभारी बकरकट्टा, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया । कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया । जिसमें मजगांव की टीम विजेजा ,नवागांव उपविजेता धसगांव तीसरे स्थान पर रही। प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता टीम को नगद पुरूष्कार , शील्ड व बैग एवं बकरकट्टा के स्कुली ब%चो के खिलाडियों को सांन्तवना स्वरूप बैग वितरण किये गये। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने ग्रामीणों को संबोधित कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित यह कबड्डी प्रतियोगिता अवसर देती है कि स्थानीय समुदाय के साथ एक मजबूत और सकारात्मक संबंध बनाएं। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

शैक्षणिक भ्रमण... स्वामीजी का जवाब सुनकर अंग्रेजों का सिर शर्म से झुक गया

मार्ग से भटकाने वाले लोगों पर ध्यान न दें, अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें : दीपक सिंह

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी शहर में संचालित ओम लक्ष्मी फाउंडेशन के द्वारा विद्यार्थी बच्चों का गणतंत्र दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम हिन्दू जागरण मंच युवा आयाम प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया । यात्रा के पूर्व दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कहीं जा रहे थे। वह जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे। उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वे साधुओं की भर-पेट निंदा कर रहे थे। साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे। उनकी सोच थी कि चूँकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे। इसलिए उन अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला-बुरा कहा। हालांकि उन दिनों की हकीकत भी थी कि अंग्रेजी जानने वाले साधु होते भी नहीं थे। दीपक सिंह ठाकुर आगे कहा कि रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया। उस स्टेशन पर विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान् एवं अधिकारी भी थे। यहाँ उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर स्वामीजी अंग्रेजी में ही दे रहे थे। इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलते देखकर उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया, जो रेल में उनकी बुराई कर रहे थे। अवसर मिलने पर वे विवेकानंद के पास आये और उनसे नम्रतापूर्वक पूछा आपने हम लोगों की बात सुनी। आपने बुरा माना होगा ? स्वामीजी ने सहज शालीनता से कहा -मेरा मस्तिष्क अपने ही कार्यों में इतना अधिक व्यस्त था कि आप लोगों की बात सुनी भी पर उन पर ध्यान देने और उनका बुरा मानने का अवसर ही नहीं मिला स्वामीजी की यह जवाब सुनकर अंग्रेजों का सिर शर्म से झुक गया और उन्होंने चरणों में झुककर उनकी शिष्यता स्वीकार कर ली। दीपक सिंह ठाकुर ने विद्यार्थी बच्चों से कहा कि हमें अपने आसपास कुछ नकारात्मक लोग जरूर मिलेंगे।

8 चुनावों में 5 बार कांग्रेस, 2 बार भाजपा, 1 निर्दलीय के हाथ रही पालिका की सत्ता

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। 1 सितंबर 1972 में नगर पंचायत से नगर पालिका के अस्तित्व में आने के बाद से अब तक 8 चुनाव संपन्न हुए है। इन 8 चुनावों में 5 बार कांग्रेस के हाथ पालिका की सत्ता रही है वहीं दो बार भाजपा एक बार निर्दलीय और दो बार प्रशासक ने पालिका की बाग डोर सम्हाली। इस तरह भाजपा को अब तक नवापारा पालिका में कोई खास सफलता नहीं मिली जबकि प्रदेश में कई बार भाजपा की सरकार रही। अभनपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली गोबरा नवापारा क्षेत्र की बड़ी पालिका है जो कि भाजपा के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। इसी नगर की जनता ने कई बार भाजपा के विधायक और सांसदों के प्रति विश्वाश जताते हुए विजय दिलाई है। परंतु पिछले 20 वर्षों में पालिका के 4 चुनावों में भाजपा जीत के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है बावजूद इसके निराशा ही हाथ लगी। ऐसा भी नहीं है कि नगर की जनता किसी पार्टी या जातिगत समीकरणों में उलझी हुई रही। जनता ने निर्दलीय उम्मीदवार पर भी भरोसा जताया।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने प्रकाश का किया सम्मान

भाटापारा। नगर के प्रमुख व्यवसाई, पारस टीवी चैनल के संचालक एवं भारत सरकार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी को वरूर कर्नाटक में आयोजित भव्य विशाल कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गहलोत ने शाल , मोमेंटो देकर सम्मान किया। महामहिम ने प्रकाश मोदी के द्वारा मीडिया के क्षेत्र में पारस टीवी चैनल के द्वारा जो धर्म की प्रभावना पूरे विश्व में की गई है, एवं अल्पसंख्यक आयोग में सभी समुदाय के लिए जो कार्य किया है उसके लिए उन्हें सम्मानित किया है। कार्यक्रम में गणचार्य कुन्थू सागर महाराज, गणधरनंदी महाराज, आचार्य अनेकांत सागर, आचार्य देवनंदी महाराज एवं अनेक आचार्य गण सहित हजारों भक्त जन उपस्थित थे।

प्रायोगिक परीक्षा स्थगित

बालोद। छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बालोद वनमंडल अंतर्गत वाहन चालक के सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत वाहन चालन एवं मशीनी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा स्थगित की गई है। वनमण्डलाधिकारी श्री बीएस सरोटे ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार बालोद वनमंडल अंतर्गत वाहन चालक के सीधी भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत वाहन चालन एवं मशीनी ज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 29 जनवरी एवं रिजर्व तिथि 30 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई थी। किंतु 20 जनवरी 2025 से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण वाहन चालक की प्रायोगिक परीक्षा स्थगित की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षा की तिथि पात्र अभ्यर्थियों को पृथक से सूचित किया जाएगा।

पुलिस की सयुक्त कार्यवाही

राजनांदगांव। दिनेश कुमार पटेल पिता रवि पटेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम भटगुना थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 5.11.2024 को यह अपने मोटर सायकल एक्टिवा क्रमांक सीजी 08 एयू 5332 से अपने मित्र से मिलने राजनांदगांव आया हुआ था तथा अपने मोटर सायकल को करीबन 11 बजे उर्जा पार्क के पास रोड किनारे खडी कर अपने दोस्त शेखर यादव के साथ उर्जा पार्क में घूमने गया। करीब 01 घंटा बाद वापस आकर देखा तो इसका मोटर सायकल नही था। कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 521/2024 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने ईलेश कामडी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया तथा चोरी की एक्टिवा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

नगरीय निकाय चुनाव: भाजपा प्रभारियों ने ली बैठक

■ चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है, अपनी सरकार बनाने का अवसर न खोवे : देवजी

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी एवं पंडरिया के पूर्व विधायक मोतीलाल चंद्रवंशी, नगर पालिका के चुनाव प्रभारी धरसीवा के पूर्व विधायक देवी भाई पटेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की उपस्थिति में हुई

उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मोतीलाल चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि देश एवं प्रदेश में हमारी सरकार आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही बनी है और अब आप सबके लिए बड़ा अवसर आया है कि आप सब मिल जुल कर संगठित होकर शहर में अपनी सरकार बनावे।

केंद्र व राज्य की सरकारों की योजनाओं को धरातल स्थल पर पहुंचने के लिए अब आप सब कार्यकर्ताओं की जवाबदारी बनती है कि अपने शहर में भी अपनी सरकार बने ताकि हम केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुचा सके। चुनाव प्रभारी धरसीवा के पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि चुनाव का बिगुल फूंका जा चुका है और हमारे पास समय भी कम है आप सब कामों को छोड़कर नगर में अपनी सरकार बनाने का अवसर न खोवे। विधानसभा चुनाव में हुई गलतियां को सुधार कर आगामी चुनाव में कमल छाप को जीताने के लिए कड़ी मेहनत करें। प्रत्याशी जो भी हो हमारा एक ही निशान होगा वह है कमल का निशान हमें अपना पूरा ध्यान कमल के निशान पर ही केंद्रित करना है और उसे ही जीता कर भेजना है।

प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि जैसे ही पार्टी अपने प्रत्याशियों का नाम घोषित करेगी हम सब मिल जुल कर एक साथजुलस के रूप में नामांकन भरने जाएंगे और वार्ड के प्रत्याशियों को यह ध्यान देना होगा कि दीवाल पेंटिंग के साथ साथ अपना एवं अपने पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष प्रत्याशी का भी नाम दिवालो में लिखवावे तथा अपने साथ-साथ अध्यक्ष के लिए भी वोट मांगे। जो भी टिकट के दावेदार हैं वह सब एक साथ मिलकर पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करें एवं मतदाता सूची का अध्ययन करें। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

हत्या का प्रयास, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

राजनांदगांव। धारदार चाकू से प्राणघातक हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 22 जनवरी को रात लगभग 9:30 बजे कुआं चौक नंदई थाना बसंतपुर निवासी मनोज साहू के मोबाईल पर फोन कॉल आई जिसके बाद वह मोबाईल पर बातचीत करते हुए नंदई कुंआ चौक की तरफ गया था। रात 10 बजे आरोपी मोनू यादव ने मनोज साहू पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला किया। लहूलुहान मनोज साहू को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में भर्ती कराया गया। मनोज की पत्नी मीनू साहू ने बसंतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला पंजीबद्ध होने के बाद एसपी मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में महज 4 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

महापौर पद हेतु 4 एवं पार्षद हेतु 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया प्राप्त

■ अब तक कुल महापौर हेतु 7 एवं पार्षद पद हेतु 61अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया प्राप्त

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु आज कुल 4 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र पत्र प्राप्त किया। नगर पालिका निगम महापौर पद के लिए निर्दलीय दीपा रामटेके, निर्दलीय संदीप शुक्ले, निर्दलीय केवल रजक, आम आदमी पार्टी से कमलेश स्वर्णकार ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 7 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। नगरीय निकाय अंतर्गत नपा राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड 7 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सरला मेश्राम, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय प्रदीप कुमार चौहान, वार्ड 3 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से शैलेष कुमार ठावेर, वार्ड 10 के पार्षद पद हेतु इंडियन

नेशनल कांग्रेस पार्टी से पूर्णिमा नागदेवे, वार्ड 4 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से बैना बाई टुरहाटे, वार्ड 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राजा तिवारी, वार्ड 2 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राकेश कुमार देवांगन, वार्ड 6 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अरविंद कुमार वर्मा, वार्ड 7 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से रितिका बंजारी, वार्ड 1 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय कमल मिश्रा, वार्ड 13 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से हफीज खान, वार्ड 5 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से सरोज यादव, वार्ड 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सुरेन्द्र कुमार साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड 25 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रतिभा सौरभ खंडेलवाल, वार्ड 17 के पार्षद पद हेतु भाजपा से संजय शंकर मोरे, वार्ड 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयालाल देवांगन, वार्ड 23 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय गुरूमुखदास वाधवा, वार्ड 15 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रामनाथ रजक, वार्ड 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्यामती, वार्ड 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से देवकी यादव, वार्ड 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जयनारायण सिंह राजपूत, वार्ड 22 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रियंका कुरंजेकर, वार्ड 25 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निकहत परवीन ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

वार्ड 43 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से कुसुम साहू, वार्ड 48 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से भगवान दास, वार्ड 47 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से अवधेश प्रजापति, वार्ड 44 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से हरिशंकर नेताम, वार्ड 41 के पार्षद पद हेतु भाजपा से सतीश कुमार, वार्ड 42 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से कीर्ति साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड 37 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से राजेश जैन (बैद), वार्ड 30 के पार्षद पद हेतु भाजपा से चन्द्रशेखर लश्करे, वार्ड 39 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय, भाजपा से अशोक कुमार शर्मा, वार्ड 35 के पार्षद पद हेतु भाजपा से भागनदास साहू, वार्ड 36 के पार्षद पद हेतु भाजपा से हेमराज साहू, वार्ड 39 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से दुर्गा देवांगन, वार्ड 29 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से सुषमा सिंह चौहान, वार्ड 39 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय ललित जैन, वार्ड 39 के पार्षद पद हेतु आम आदमी पार्टी से पवन पटवा, वार्ड 37 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से मो. कादिर बडगुजर, वार्ड 27 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से प्रज्ञा गुप्ता, वार्ड 28 के पार्षद पद हेतु भाजपा से रामूलाल सोनकर ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

जनता व नेताओं का मिल सकता है समर्थन

आम आदमी के महापौर प्रत्याशी ने भरा नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनंदगांव। शहर में सक्रिय तीन राष्ट्रीय पार्टी में से एक आम आदमी पार्टी के मेयर पद के उम्मीदवार कमलेश स्वर्णकार ने आज समर्थकों के साथ पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कर दिया है।उनकी इस उम्मीदवारी से यह कयास लगाए जा रहे हैं। कि कांग्रेस बीजेपी इन दोनों राष्ट्रीय दलों से नाराज बड़ी संख्या में मतदाता और कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार श्री स्वर्णकार की तरफ अवश्य पलटी मारेंगे। इससे आम आदमी पार्टी बड़े फायदे में रहेगी। इसको लेकर आम आदमी पार्टी में हर्ष व्याप्त है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय हेतु कमलेश स्वर्णकार ने महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी से नाम निर्देशन फार्म लेने के दौरान आम आदमी पार्टी लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, चंद्रमणि वर्मा,चित्र गुरुदेव, ललित गुप्ता, मंजू मिश्रा, सुरजीत सिंह भाटिया, अशोक चौबे, प्रभांशु खोबरागड़े, सोमेश्वर रामटेके, आरिफखान,विवेक सिंह, कुलेश्वर साहू, शाहिद भाई, राजू यादव, बृजकिशोर शर्मा, धीरेंद्र राजपूत, पंचराम साहू, पवन पटवा, विजय गुप्ता, अर्चना ठाकुर, वरुण तिवारी, हेमराज वर्मा, ललित साहू, अधिवक्ता विनोद शुक्ला, रमेश यादव,शुभम शर्मा, मोहित राजपूत, सुदामा साहू, विक्रांत उमरी, राहुल गजभिए,राजू रामटेके, भूपेंद्र साहू, राजेश देशमुख, यीशु चांदनी, खपरीराम साहू, भागवत साहू, दीपक तिवारी, सहित पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बाजार मार्गों का निरीक्षण कर सड़क पर सामान न रखने के दिए निर्देश

■ पहले व्यापारियों को समझाइश दे, फिर कठोरता से नियमानुसार कार्यवाही करें

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज सुबह कवर्धा शहर के मुख्य बाजार मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान सराफा लाइन, गुरुद्वारा मार्ग, रायपुर मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों का जायजा लिया गया। कलेक्टर के साथ नगर पालिका अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी और यातायात पुलिस बल भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दुकानदारों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा सड़क पर रखे गए सामान को हटाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सड़कों के दोनों ओर दुकान संचालकों द्वारा सामान रखने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है और इससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यापारियों को समझाइश दी कि वे अपने सामान को केवल दुकानों के भीतर ही रखें, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके।

कलेक्टर ने इस दौरान नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिया कि पूरे शहर में अभियान चलाकर सड़कों पर रखे गए सामान को हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी व्यापारियों को विनम्रता से समझाया जा रहा है, लेकिन यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन होता है तो संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में नगर पालिका अधिकारी श्री रोहित साहू ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार कवर्धा शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में सड़क पर सामान रखने से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि इससे व्यापार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों को अंदर से सजाएं और सड़कों पर सामान रखने से बचें।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को सुधारना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें सभी व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी अभी से अपने व्यापार स्थल को व्यवस्थित कर लेते हैं तो प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सकता है। इस अवसर पर व्यापारी संगठन ने भी प्रशासन का सहयोग करने की अपील की

पराक्रम दिवस पर आयोजन

भाटापारा। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने नेताजी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। डॉ राजन तिवारी ने आजाद हिंद फौज और नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ शशिकरण कुजूर, मनीष कुमार सरवैया, रेखा कष्यप, डॉ दीपिका त्रिपाठी, खिलौना कनौजे, विनय देवांगन, पूजा गुप्ता, आशीष तिवारी, सत्यम डोडे के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। संचालन डॉ दीपक यादव एवं इंद्राणी मरकाम ने आभार ज्ञापित किया।

वीवी पेड नहीं होने से जनता को भ्रम से बचाना आवश्यक

■ एक मशीन में दो वोट वाले ईवीएम का प्रदर्शन व प्रयोग कराए : रूपेश दुबे

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने वर्तमान में नगरीय निकायों के चुनाव को पहले बैलेट फिर ईवीएम से कराने के निर्णय को राज्य सरकार की भ्रमित प्रशासनिक व्यवस्था करार देते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार आम जनता के बीच में निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित एवं शंकास्पद फिर बना

दिया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव पहले बैलेट से चुनाव करने की बात कही थी और उसके बाद ईवीएम से चुनाव कराने की बात कह कर भाजपा की दोहरी मानसिकता प्रदर्शित तो कर ही दिए थे अब चुनाव घोषणा के बाद भी ईवीएम मशीन को वार्डों में शहर के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है क्योंकि इस चुनाव में महापौर अध्यक्ष एवं पार्षदों का बैलेट यूनिट एक ही होगा वी वी पैड की व्यवस्था इस चुनाव में नहीं की गई है जिससे जनता के वोट डालने के बाद वीवीपीएटी देखने की जो आदत बन गई है उससे भी वे वंचित होंगे ऐसी दशा में निर्वाचन में आम जनता का विश्वास फिर से नहीं रहेगा। एक ही मशीन में मतदाता दो बार बटन दबाकर मतदान करेंगे तो संभव है कि एक महापौर /अध्यक्ष के लिए एक बार वोट देने के बाद पार्षद हेतु दूसरे वोट देने की मनसा भी आम जनता पूरी तरह से समझ ना सके। ऐसी दशा निर्मित ना हो अतः अभी मतदान तिथि के पूर्व प्रत्येक चौक चौराहे में मतदाता दिवस 25 तक आम जनता के बीच में नगरीय निकायों के वोटिंग मशीन का प्रदर्शन एवं प्रयोग कराने की मांग की है।

भव्य एवं गरिमामय रूप से आयोजित हो गणतंत्र दिवस समारोह : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल आज कार्यक्रम स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल

स्टेडियम में पहुँचकर वहाँ चल रहे आयोजन के तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से आयोजन के तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां भी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाली झाँकियों का निर्माण, पुरस्कार वितरण, परेड व्यवस्था, साउंड सर्विस सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्री सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री देवांश राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

ननि चुनाव 2025 | **कलेक्टर ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों, जपं एवं नपा अधिकारियों को दिए निर्देश**

जनप्रतिनिधियों को आबंटित किए वाहनों को तत्काल वापस लेने निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 हेतु आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत जिले के जनप्रतिनिधियों को आबंटित किए गए सभी वाहनों को तत्काल वापस लेने के निर्देश जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा 20 जनवरी को की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा तिथि से परिणाम घोषित

होने की तिथि तक राज्य शासन के उपक्रम, स्वायत्तशासी संस्थाओं, नगर पालिकाओं के ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अंश निवेश किया गया हो इन वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति विधानसमा सदस्यों, संसद सदस्यों, रजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी भी व्यक्ति को नहीं दिये जाने का आदेश दिए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए उक्त आदेश के परिपालन में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश है। कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

एसडीएम कार्यालय का लिया जायजा

कलेक्टर चन्द्रवाल ने आज नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के गुरूर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने वहाँ बनाए गए विभिन्न काउंटर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही को नियमानुसार गंभीरतापूर्वक संपादित करें, निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न होने दें। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर श्रीमती प्राची ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

110 प्रकरणों के 1459-368 किग्रा से अधिक के गांजे का नष्टीकरण

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 23 जनवरी को दीपक कुमार झॉ पुलिस महानिरीक्षक) अध्यक्ष उच्च स्त्रीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी राजनांदगांव रेंज की अध्यक्षता में भिलाई इस्पात संयंत्र डै.03 भस्मीकरण यंत्र भिलाई जिला दुर्ग छग में रेंज के जिलों के कुल 1459-368 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं कैप्सूल 4032 नग टेबलेट 60 नग को जलाकर व अन्य नशीली दवाईयाँ सीरप 235 नग एवं इंजेक्शन 60 नग को प्लांट के पास जेसीबी से गड्ढा खोदकर, दबाकर व पाटकर विधिवत् नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि राजनांदगांव रेंज के कुल 110 प्रकरणों में से जिला के 70 प्रकरण जिसमें 1033-69 किलोग्राम गांजा 2548-8 मिलीग्राम ब्राउन शुगर, 235 नग सीरप, 4032 नग कैप्सूल, 60 नग टेबलेट, जिला कबीरधाम के 09 प्रकरण जिसमें 338-325 किलोग्राम गांजा, 60 नग इंजेक्शन, खैरागढ छुईखदान गण्ई के 19 प्रकरणों में 50-375 किलोग्राम तथा मोहला मानपुर अं-चौकी के 12 प्रकरणों में 36-978 किलोग्राम गांजा जिनकी कुल कीमत करीबन 17407000 रूपये थी। नष्टीकरण कार्यवाही में दीपक कुमार झॉ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक, धमेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, वायपी सिंह पुलिस अधीक्षक मोहला मानपुर अंचौकी, त्रिलोक बंसल पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ छुईखदान गण्ड्ई जीके भगत संभागीय उपायुक्त आबकारी दुर्ग, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी कार्यालय छग पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई, गीता वाधवानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, तनुप्रिया ठाकुर उपपुलिस अधीक्षक अजाक, संजय धुरव उपपुलिस अधीक्षक कबीरधाम सहित राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़, छुईखदान, गण्हई, मोहला मानपुर,अं-चौकी पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज़ गैलरी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी को

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को नामांकन की प्रक्रिया का पहला दिन था। पहले दिन कुरूद नगर पंचायत से के पार्षद पद के लिए वार्ड क्रमांक 11 से 1 नामांकन फॉर्म खरीदा। इसके साथ ही दूसरे दिन गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 नामांकन फॉर्म खरीदे गए। और पार्षद पद के लिए 5 नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पंचायत के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र खरीदना भी शुरू हो चुका है। इस सबके बीच भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन इन दलों के लोगों ने भी नामांकन पत्र खरीदना शुरू कर दिया है। जिसमें से पहले दिन पार्षद पद के लिए वार्ड क्रमांक 11 से ज्ञानचंद सिन्हा ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं आज दूसरे दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए पूर्व पार्षद एवं पत्रकार मूलचंद सिन्हा ने और विनोद सचदेवा ने नामांकन पत्र खरीदा। इसके साथ ही कुरूद नगर पंचायत में पार्षद पद के लिए वार्ड क्रमांक 6 थानेश्वर प्रसाद सिन्हा, वार्ड क्रमांक 4 से नरेंद्र कुमार गायकवाड़, वार्ड क्रमांक 7 से कल्याणी देवेंद्र देवांगन ने नामांकन पत्र खरीदा। इस प्रकार दो दिनों में अध्यक्ष पद के लिए 2 तो पार्षद के लिए 5 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा।

डोंगरगांव पर्यवेक्षक निखिल द्विवेदी ने कांग्रेस पार्षद /अध्यक्ष प्रत्याशियों से की मुलाकात

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज डोंगरगांव के पर्यवेक्षक निखिल द्विवेदी ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया सभी दावेदारों से वन टू वन के माध्यम से पूरी की जहां सभी वार्डो के नामों पर चर्चा हुई और लगभग सभी वार्डो के सिंगल नाम तय कर लिए गए । प्रत्याशियों से हुई चर्चा के बाद निखिल द्विवेदी ने बताया कि पूरी पार्टी एकजुटता से चुनाव लड़ेगी और लगातार चौथी बार नगर की सत्ता में कांग्रेस काबिज होगी एवं इस बार टिकिट वितरण में युवाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

जिपं क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड से हैट्रिक के लिए महेंद्र यादव ने पेश की मजबूत दावेदारी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (तुमड़ीबोड) के प्रत्याशी चयन हेतु आवश्यक बैठक लेने पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष व क्षेत्र क्रमांक 7 के पर्यवेक्षक पदम सिंह कोठारी के समक्ष जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (तुमड़ीबोड) हेतु तीसरी बार पुनः महेंद्र यादव ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश किया व उपस्थित क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से मांगा समर्थन व आशीर्वाद मांगा।

बात करें महेंद्र यादव की तो वे वर्ष 2005 से 2010 महामंत्री ओबीसी सेल जिला राजनादगाँव कांग्रेस,वर्ष 2015 से 2018 प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस छ.ग., वर्ष 2023 से अब तक महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण। वर्ष 2018 से 2021 अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनादगाँव,वर्ष 2021 से अब तक महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस हैं। जिस हिसाब से महेंद्र यादव की लगातार सक्रियता है विगत 10 वर्षों से जिला पंचायत सदस्य के रूप में उन्होंने क्षेत्र की आम जनता की विभिन्न समस्याओं सहित उनके दुख सुख में हमेशा सहभागी बने हैं। इस वजह से क्षेत्र वासियों की मांग उन्हें तीसरी बार फिर से जिला पंचायत सदस्य बनाने की उठ रही है और जीत भी सुनिश्चित मानी जा रही है।

दामाखेड़ा में 2 से 15 फरवरी तक होगा विशाल संत समागम मेला

कलेक्टर -एसपी ने दिए तैयारी के निर्देश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। धर्मनगर दामाखेड़ा में 2 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने गुरुवार क़ो पंथ प्रकश छोटे साहब डॉ भानुप्रताप साहब की उपस्थित में सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशवली प्रतिनिधि सभा प्रांगण में अधिकारियों की बैठक लेकर संत समागम समारोह क़ी तैयारी के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोनी ने सभी संबधित अधिकारियों क़ो शत प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा है ताकि समय सीमा के पूर्व सभी तैयारी पूर्ण हो सके। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। मेला के दौरान निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रांसफार्मर के साथ जनरेटर का इंतजाम भी रखे रहने को कहा गया है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। भाटापारा और बलौदाबाजार से एम्बुलैंस और संजीवनी एक्सप्रेस वाहन मुस्तैद रहेंगे।मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा। बैरिकेडिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीएम अंशुल वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कांग्रेस में दावेदारों की होड़, बता रहे बैंक बैलेंस

कुरुद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ः नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद, कुरुद नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी ने पहली बैठक माहेश्वरी भवन में आयोजित की। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों, नगर पंचायत दावेदारों और जिला प्रभारी नेताओं ने भाग लिया, जो चुनावी तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण संकेत दे रहे थे।

बैठक की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस के सचिव और धमतरी जिला प्रभारी विनोद तिवारी ने की, जिन्होंने सभी दावेदारों का स्वागत करते हुए कहा, "दावेदारी पेश करना पार्टी के लिए एक सकारात्मक कदम है, इससे नेतृत्व का विकास होता है और चुनावी रणनीति को मजबूती मिलती है।" इसके बाद, धमतरी जिला पंचायत उपाध्यक्ष और कुरुद नगर पंचायत चुनाव प्रभारी निशु चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की नाकामियों पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस इस बार एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेगी और जनता के बीच जाएगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी इस बार आपसी मतभेदों को भुलाकर पूर्व निकाय चुनावों में मिली सफलता को फिर से दोहराएगी। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कार्यकर्ताओं की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, और हमें सभी को एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरना होगा।

ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ नेताओं को आश्वस्त किया कि कुरुद ब्लॉक में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।

बैंक बैलेंस दिखाकर दावेदारी पेश करने वाली घटना : बैठक का सबसे चर्चित और रोचक पल वह था जब एक दावेदार ने अपने बैंक बैलेंस की जानकारी पर्यवेक्षकों के सामने पेश की। इस दावेदार ने अपनी आर्थिक स्थिति को चुनावी दावेदारी के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे यह घटना नगर में चर्चा का केंद्र बन गई।

यह कदम न केवल राजनीति के एक नए पहलू को उजागर करता है, बल्कि यह भी सवाल उठाता है कि क्या अब चुनावी दावेदारी का हिस्सा आर्थिक स्थिति और संसाधनों के प्रदर्शन के रूप में देखा जाएगा। इस कदम ने सभी को चौंका दिया और राजनीतिक हलकों में यह बात चर्चा का विषय बन गई।

बैठक में प्रमुख रूप से राजकुमारी दीवान (पूर्व राज्यमंत्री), नीलम चंद्राकर (पूर्व मंडी अध्यक्ष), यशवंत गुरु (जिलाध्यक्ष सेवादल), राजा देवांगन (जिलाध्यक्ष एनएसयूआई), तपन चंद्राकर (नपं अध्यक्ष), मंजू साहू (नपं उपाध्यक्ष), प्रहलाद चंद्राकर (वरिष्ठ कांग्रेसी), रमेसर साहू (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के बाद, दावेदारों ने पर्यवेक्षकों और वरिष्ठ नेताओं के समक्ष बंद कमरे में अपनी दावेदारी पेश की।

जैतपुरी निवासी रुपेन्द्र कुमार कोर्राम का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए चयन

नगरी/नवप्रदेश। ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत जैतपुरी निवासी रुपेन्द्र कुमार कोर्राम का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए चयन हुआ है जो शिव कुमार कोर्राम शहीद परिवार से भतीजा है देश सेवा करने की सपना थी वह सफल हुआ और भारत माता की रक्षा करने के लिए ग्राम वासियों ने सम्मान के साथ बिदाई दी और इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सरपंच केशरी नेताम, रिटायर्ड फौजी डोमार सिंह नेताम, आरक्षक जितेन्द्र कोर्राम,पत्रकार साथी महेश नेताम, माता मालती कोर्राम, पिता आसू लाल कोर्राम ,भगवान सिंह कोर्राम,लखनतीन कोर्राम,सहादेव कोर्राम, ज्ञानेंद्र कोर्राम, गीता कोर्राम, दुखिया कोर्राम,मनोतीन कोर्राम, ईश्वरीय, सत्यनारायण,लोकेश, हेमंत, लीला ,टिकेश्वरी ,माही, सोनाऊ राम, अमित्रा ,बिसंतीन , मिथलेश, रविकांत, गरिमा, महिमा, माधुरी,नब्या,कंवली मरकाम, कृतिका,व समस्त साथी,व ग्राम वासी उपस्थित थे।

निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार के लिए शासकीय वाहनों का उपयोग प्रतिबंधित

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की घोषणा उपरांत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान निर्वाचन प्रचार करने के लिये शासकीय वाहनों का प्रयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेशानुसार वह वाहन जो केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या उनके सार्वजनिक उपक्रमों, स्थानीय निकायों या विपणन बोर्ड, सहकारी समितियों, स्वायत्त-शासी परिषदों या अन्य किसी निकाय के हो, का किसी भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार या निर्वाचन (प्रचार) से संबंधित किसी भी व्यक्ति द्वारा, निर्वाचन (प्रचार) से जुड़े किसी प्रयोजन के लिये उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 की घोषणा 20 जनवरी 2025 से लेकर निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं के समापन तक उपरोक्तानुसार शासकीय वाहनों का निर्वाचन प्रचार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी अभ्यर्थी या अन्य पदाधिकारी द्वारा जिन्हें उनके पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिये शासकीय वाहन आबंटित है ।

प्रीति चन्द्रा को मिली पीएचडी की उपाधि

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। जोगीडीपा (धनसीर) के प्रीति चन्द्रा पति हेमंत चन्द्रा को डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान कि गई है इन्होंने अपना शोध कार्य स्टडी ऑफ इंटीग्रल ट्रांसफॉर्मस एसोसिएटेड विथ सम स्पेशल फंक्शन्स शीर्षक पर पूर्ण किया हैं अपने शोध कार्य में इंटीग्रल ट्रांसफॉर्म एवं स्पेशल फंक्शन्स के विभिन्न प्रकार के फंक्शन्स का अध्ययन किया है।

झंडा लगाने विद्युत विभाग के मना करने पर बजरंग दल में आक्रोश

धर्मध्वज को राजनीति बता कर लगाने से किया मना

साजा/नवप्रदेश। जिलें के ग्राम कोदवा में मुख्य मार्ग पर सड़क में हिंदू धर्म का ध्वज लगाने से मना करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता में भारी आक्रोश, कर रहे विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन की तैयारी।

मामला हैं 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर जिलें के ग्राम कोदवा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम में भगवा ध्वज व झंडा लगाया गया। वहीं भव्य पूजा अर्चना भी की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव ने बताया कि बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम के दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग पर सड़क में विशाल ध्वज लगाया जाना था, जिसके लिए विद्युत विभाग को पूछ कर अनुमति लेना चाहा गया, जिस पर विद्युत विभाग साजा के उच्च अधिकारी मनीष शुक्ला द्वारा साफ साफ आचार सहिंता की बात करते हुए मना कर दिया गया। जबकि यह ध्वज किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं हैं, बल्कि हिंदू धर्म का हैं। जबकि उनके मना करने के बाद जिला सह संयोजक श्री वैष्णव ने जिला दंडाधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा से पूरी बात बताए जाने पर उनके द्वारा ध्वज लगाने की बात कहीं गई। मगर फिर भी कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की बातों को दरकिनार करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी बात पर अड़े हुए ध्वज को नहीं लगाने की ही बात करते रहें। उनका यह रवैया हिंदू धर्म व समाज के खिलाफ लग रहा हैं। इससे ग्राम के सैकड़ो हिन्दू भाईयों व सनातनियों में भारी गुस्सा व आक्रोश व्याप्त हैं। जिसको लेकर वे सभी विद्युत विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन व प्रदर्शन करने की बातें कह रहें हैं।

अंतागढ़ का वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ मेला समिति के द्वारा अंतागढ़ का वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को संपन्न कराने का निर्णय लिया गया था। परंतु इसी बीच नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा की गई जिसमें 11 फरवरी को ही मतदान होना तय हुआ और मेला और चुनाव एक ही दिन होने के चलते वोटिंग में दिक्कत आने की संभावना जताई गई क्योंकि मतदान का समय सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होना है इसलिए चुनाव के बीच देवी देवताओं की परिक्रमा में दिक्कत को देखते 22 जनवरी सुबह ग्यारह बजे अंतागढ़ के देवनी डोकरी मंदिर में अंतागढ़ मेला समिति का बैठक पुनः रखा गया। जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की अंतागढ़ का ऐतिहासिक वार्षिक देवमेला परंपरा अनुसार क्षेत्र के देवी देवताओं के अनुमति से मांगी पूर्णिमा के दिन ही मनाते आ रहे है ऐसे में मेला को अन्य तिथि को नही हटाया जा सकता जिसके चलते अंतागढ़ का वार्षिक देव मेला 11 फरवरी को ही मानने का निर्णय लिया गया है। चुनाव प्रभावित न हो इसको ध्यान में रखकर मेला शाम को शुरू होगा।

धूमधाम से मनाया गया रामलला स्थापना वर्षगांठ

साजा/नवप्रदेश। जिलें के ग्राम कोदवा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बजरंगी भाईयों के द्वारा ग्राम में भगवा ध्वज व झंडा लगाया गया। ग्रामवासियों व बजरंगी भाईयों द्वारा ग्राम के मंदिर में सुबह से ही पूरे ग्राम में ध्वज, तोरण आदि लगाया गया। वहीं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाल कर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया।

मंदिर में पंडित से पूरे विधि विधान से भव्य पूजा अर्चना भी की गई। पूजन पश्चात सभी को प्रसादी बांटी गई। साथ ही सभी ने पूरे उत्साह से एक दूसरे को गले लग कर बधाई व शुभकामनाएं दिया गया। कोदवा के इस आयोजन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव ने बताया कि बजरंगी भाईयों व ग्रामवासियों के द्वारा पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन कर अयोध्या में उनकी बाल स्वरूप प्रतिमा की प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों व हिंदुओं में आयोजन का अपना ही अलग जोश देखने को मिला। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह संयोजक गणेश वैष्णव, जित्तु कुर्रे, हेमंत साहू, रमाकांत जोशी, शंकर साहू, देवेंद्र साहू, नंदलाल साहू, संदीप वर्मा, महादेव यादव सहित सैकड़ों बजरंगी भाई, ग्रामवासी महिला पुरुष बच्चें युवा शामिल रहें। वहीं ग्राम के दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग पर सड़क में विशाल ध्वज लगाया जाना था, जिसके लिए विद्युत विभाग ने अनुमति नहीं देते हुए मना कर दिया गया।

साहू समाज का फरमान टिकट समाज के लोगों को दें

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में नगर साहू समाज द्वारा नगरी चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस बीजेपी दोनों पार्टी से साहू समाज से प्रत्याशी अधीकृत करने की मांग की। कहा कि, साहू समाज को टिकट नहीं मिलने पर रणनीति तैयार कर निर्णय लिया जाएगा। नगर साहु समाज आरक्षण की प्रक्रिया पूरे होते ही आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा-कांग्रेस सहित अलग -अलग राजनैतिक दल के लोग अपना दावेदारी पेश कर दी। हालांकि कोई भी पार्टी किसी एक दावेदार को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करेगी। वहीं निर्वाचन आयोग ने निकाय और पंचायत चुनाव के लिए चुनाव के तारीखों का ऐलान भी कर दिया है। ऐसे में चुनावी सरगर्मी और भी तेज हो गई है। यहां अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अनारक्षित मुक्त होते ही है।

स्थानीय निर्वाचन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व में जारी आदेश में किया आंशिक संशोधन

निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम।जिले में नगरपालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2025 के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी पुनः निर्धारित की है। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए, कुछ अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापना के बाद नई नियुक्तियां की गई हैं। इस आदेश के तहत नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों का सुचारू रूप से संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपने दायित्वों का पालन पूर्ण निष्ठा और तत्परता से करें, ताकि नगरपालिकाओं और पंचायतों के आम चुनाव-2025 को व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी, कबीरधाम द्वारा जारी आदेश के अनुसार, आदर्श आचरण संहिता के पालन, कानून व्यवस्था, मतदान और मतगणना से जुड़े कार्यों के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकरी श्री अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर सुश्री मोनिका कौडो,श्री विनय पोयाम और श्री नरेंद्र पैकरा

सहित अन्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, सहायक नोडल अधिकारियों के रूप में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत और नगरपालिका अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है।

निर्वाचन कार्यों के लिए प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण और मतगणना दल के गठन जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मतपत्रों की व्यवस्था, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र का वितरण, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दलों का गठन, और आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था, वाहनों की अधिग्रहण प्रक्रिया, रूटचार्ट तैयार करना, और नियंत्रण कक्ष में शिकायतों के समाधान जैसे कार्यों पर भी जोर दिया गया है। स्ट्रांग रूम और सामग्री वितरण केंद्रों की तैयारी के साथ मतगणना स्थलों पर माइक्रोफोन, लाइट और टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। चुनाव प्रक्रिया के मीडिया प्रबंधन के लिए जिला जनसंपर्क अधिकारी को प्रेस विज्ञप्ति जारी करने, समाचार पत्रों की रिपोर्टिंग और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है। वहीं, मतदान कर्मियों और रिजर्व दल की व्यवस्था, मतदान प्रतिशत की रिपोर्टिंग और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा

कुरूद/नवप्रदेश। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा... का नारा देने वाले स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती कुरूद प्रेस क्लब द्वारा मनाई गई। रविवार 23 जनवरी को क्लब के सदस्यों व पत्रकार साथियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा कचहरी चौक में स्थित नेता जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही सभी ने नेताजी के नारे जय हिन्द,,, तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा आदि नारे के साथ सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर वरिष्ठ संपादक कृपाराम यादव , प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा,उपाध्यक्ष चंदन शर्मा महासचिव रूपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष जमाल रिजवी, धनसिंह सेन गणेश साहू, रवि शर्मा , यशवंत गंजीर,दीपक साहू घनश्याम साहु, तारणी चंद्राकर ,ज्योति चंद्राकर,भानु चंद्राकर ,आशीष शर्मा, विकास चंद्राकर, संजू चंद्राकर, प्रमोद शर्मा, खिलेंद्र चंद्राकर, प्रदीप यादव कृष्णकांत साहू ,शशांक क्रिदत , मनीष साहू, संजय केला भोजराज चंद्राकर प्रभात बैंस थानेश्वरसाहू यशवंत साहू ,कमलेश रेड्डी, आदि उपस्थित थे।

शिकार करने लगाए थे करंट, फंसा साथी, घटना को छुपाने जंगल में किया दफन

कवर्धा/नवप्रदेश। जंगली जानवर का शिकार करने लगाए थे करेंट फंस गया उन्हीं का साथी घटना 20 जनवरी 2025 को सर्चिंग के दौरान, गांव के पास के जंगल में छिप रहे दो संदिग्ध, संतराम बैगा और हीरालाल बैगा, मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए। उनसे गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि 10 जनवरी की रात को महासिंह बैगा और 10 अन्य लोग जंगली जानवर का शिकार करने की योजना बनाकर जंगल गए थे और शिकार करने तार लगाया जिसमें एक व्यक्ति उन्हीं का साथी फंस गया और करेंट से उसकी मौत हो गई। घटना को छुपाने जंगल में ही उसे दफ्ना दिया गया। ज्ञात हो कि थाना कुकदूर में संरक्षित बैगा जनजाति के गुमशुदा व्यक्ति महासिंह बैगा (उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम सेंदूरखार) की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनकी पत्नी द्वारा 11 जनवरी 2025 को दर्ज कराई गई।

रिपोर्ट के अनुसार, महासिंह बैगा 10 जनवरी 2025 की रात्रि करीब 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। इस पर थाना कुकदूर में गुम इंसान क्रमांक 02/25 दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचित किया गया। गुमशुदा व्यक्ति संरक्षित बैगा जाति से संबंधित होने और मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से) के निर्देश पर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, तथा अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव एवं कृष्णकुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए उनके गांव और आसपास के जंगलों में सघन सर्च अभियान चलाया। 20 जनवरी 2025 को सर्चिंग के दौरान, गांव के पास के जंगल में छिप रहे दो संदिग्ध, संतराम बैगा और हीरालाल बैगा, मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए। उनसे गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि 10 जनवरी की रात को महासिंह बैगा और 10 अन्य लोग जंगली जानवर का शिकार करने की योजना बनाकर जंगल गए थे। उन्होंने अवैध बिजली कनेक्शन के माध्यम से जानवरों का शिकार करने का प्रयास किया। इसी दौरान, महासिंह बैगा बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना को छिपाने के उद्देश्य से, महासिंह बैगा के शव को जंगल के एक नाले में गाड़ दिया गया और साक्ष्य मिटाने के लिए उस स्थान पर एक मृत गाय का शव रख दिया गया।

संदेहियों की निशानदेही पर टीम ने मध्य प्रदेश के बजाग थाना क्षेत्र (ग्राम धुरकुटा, जिला डिंडौरी) में घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहां गाड़ा हुआ शव बरामद किया गया, जिसे संदिग्धों ने महासिंह बैगा का बताया। विधिसम्मत कार्रवाई के तहत शव का पंचनामा तैयार किया गया और मामला थाना बजाग (म.प्र.) को ट्रांसफर किया गया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, आरक्षक कृष्णकुमार ध्रुवे, आरक्षक पंचम बघेल, आरक्षक संदीप पांडेय, आरक्षक दूजराम सिंद्राम, और डीएसएफ आरक्षक शिवचरण का योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

बलौदाबाजार जिले में अनुवीक्षण समिति गठित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए जिले के समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों से शस्त्र जमा कराने एवं शस्त्र के संबंध में प्राप्त आवेदन, शिकायत इत्यादि का निराकरण किए जाने हेतु जिले में अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बलौदाबाजार-भाटापारा अध्यक्ष,पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार -भाटापारा सदस्य,अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार -भाटापारा सदस्य सचिव एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार -भाटापारा सदस्य होंगे।

कमल कराते एकेडमी ने मेडल प्राप्त किया

राजनांदगांव। एकेडमी आफमार्शल आर्ट के माध्यम से राजस्तरीय ओपन कराते दो दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 18 व 19 जनवरी 2025 को कमला देवी कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित की गई जिसमें सभी जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया व राजनांदगांव कमल कराते एकेडमी ममता नगर कराते स्कूल राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लेकर अपने-अपने वर्ग में मेडल प्राप्त किया।

1. लव्यांश लहरी फाईट में कॉपर पदक व काता इवेंट में सिल्वर पदक
2. अर्पणनाथ फाईट में कॉपर मेडल 3. सुभाता श्रीवास्तव फाईट में कॉपर मेडल प्राप्त किया तथा इस स्कूल से काजल यादव रेफी व अपूर्वा नाथ कोच रहे उपरोक्त सभी खिलाड़ियों व ऑफिसियल जिला- कराते संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी व सेनसई कमल पूजन (उपाध्यक्ष) एवं सिहान मुरली सिंह भारद्वाज (सचिव) ने जीत पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपरोक्त सभी खिलाड़ी सेनसई कमल पूजन मुख्य कराते प्रशिक्षक राजनांदगांव प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत आदेश किया जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय व अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं, बैनर लगाये जाते हैं, पोस्टर चिपकाये जाते है तथा विद्युत एवं टेलीफोन खम्भों पर चुनाव से संबंधित झण्डियां लगायी जाती हैं। जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में शासन द्वारा छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 पारित किया गया है। इस अधिनियम की धारा-3 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपए तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

रात 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर निषिद्ध

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए जारी अधिसूचना के साथ ही जिले में निर्वाचन होने वाले ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दीपक सोनी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा, किंतु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होंगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किए जाएंगे। लोग शांति को देखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी

पुलिस की आदर्श चुनाव आचार सहिंता प्रभावशील होते ही अंतर्राज्यीय शराब तस्कर पर बड़ी कार्यवाही

- चांदाहाण्डी उड़िसा के ढ़ाबा संचालक के अर्टिगा कार में मिला लाखों का अंग्रेजी शराब
- सम्पूर्ण कार्यवाही थाना अमलीपदर पुलिस टीम

जप्त समाग्री

उडिसा का विभिन्न ब्रांड का 223 लीटर बियर एवं अन्य शराब कीमती 01 लाख 36 हजार व एक नेवी ब्लू कलर का अर्टिगा कार वाहन क्रमांक सी0जी0-23-जे-9643 कीमती 09 लाख रूपये *कुल जुमला* 10 लाख 36 हजार रूपये।

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार सहिंता प्रभावशील होते ही इंटरस्टेट बार्डर में चेक पोस्ट लगा कर चेकिंग की जा रही है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब,गांजा,जुआ,सट्टा जैसे अन्य अपराधों पर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में आज थाना प्रभारी अमलीपदर निरीक्षक फैजुल शाह हो मुखबीर से सूचना मिला कि एक नेवी ब्लू कलर के अर्टिगा कार में उड़ीसा का भारी मात्रा में अवैध शराब छ.ग. में बिक्री हेतु रखा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर मुखबीर द्वारा बताये गये कार के हुलिया के अधार पर अमलीपदर के पेट्रोल पंप में पूछताछ एवं तलाशी लेने पर एक नेवी ब्लू कलर का अर्टिगा कार वाहन क्रमांक सी0जी0-23-जे-9643 को कवर से ढंक कर रख था। जिसकी तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड की बियर एवं शराब लगभग 60 लीटर मिला आरोपी का नाम पता पूछने पर अपना नाम दिनेश सिंह (ढ़ाबा संचालक) निवासी कोयलीमुंडा थाना चाँदाहाण्डी (उड़िसा) का रहने वाला बताया। आरोपी से कड़ाई से पुछताछ करने पर बीरीघाट के खेत में छिपाया हुआ विभिन्न प्रकार के 163 लीटर बियर एवं शराब कुल-223 लीटर शराब कीमती 01 लाख 30 हजार रूपये एवं एक नेवी ब्लू कलर का अर्टिगा कार वाहन क्रमांक सी0जी0-23-जे-9643 कीमती 09 लाख रूपये कुल जुमला 10 लाख 36 हजार रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का उक्त कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी दिनेश सिंह निवासी कोयलीमुंडा को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगे भी कार्यवाही जारी रहने की बात बताई गई है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक फैजुल शाह, प्रआर. कुबेर बंजारे, प्र.आर. राजेशचंद्र बघेल, आर. पवन यादव, पवन मरकाम, लेखन पटेल की विशेष भूमिका रही।

नाम आरोपी -दिनेश सिंह पिता लयबाने राम सिंह उम्र 35 साल निवासी ग्राम कोयलीमुंडा थाना चाँदाहाण्डी (उड़िसा)।

आचार संहिताः डोंगरगांव थाना क्षेत्र में घूमते 3 संदिग्ध गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ाहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्र में आगामी चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने पर बाहरी व्यक्तियों एवं संदिग्ध रूप से घूमने वालों पर धारा 128 bnss की कार्यवाही कर ह्यस्रद्व महोदय के समक्ष पेश किया गया जिन्हें जेल भेजा गया दिनांक 22/1/25 को मोबाइल से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो बाहरी प्रतीत होते हैं उनके द्वारा एनजीओ को दान देने के नाम पर पैसे लिए जाने का प्रयास किया जा रहा है सूचना तस्दीक करने पर गोल-मोल जवाब देने लगे संदिग्ध आरक्षण पाए जाने एनजीओ के कार्य क्षेत्र से बाहर कार्य करने संदिग्ध गतिविधियां परिलक्षित होने पर थाने में बिना मुसाफिर दर्ज कारण संदिग्ध रूप से घूमने पर धारा 128 bnss की कार्वाई की गई। जिनके नाम आरोपी गण 1. देवदास दम बारस्कर उम्र 47 वर्ष निवासी पोस्ट खापा तहसील मोहाली थाना कुमारसर जिला भंडारा 2. बिजेंद्र कुमार पिता ईश्वर साहू उम्र 31 वर्ष निवासी समदा कॉलोनी थानाबसंतपुर 3. मनीष रंगारी पिता शंकर लाल रंगदारी उम्र 39 निवासी बजरंगपुर चिकली थाना कोतवाली राजनांदगांव ज्ञात हुआ। आरोपियों के विरुद्ध धारा 128 ड्ठह्यह्य की कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपियों को भेजा गया जेल थाना क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूमने पर थाना डोंगरगांव की कार्यवाही उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उप निरीक्षक लाभाराम साहू महिला प्रधान आरक्षक कल्पना अम्बादे का विशेष योगदान रहा है।

महापौर के दावेदार हाशमी ने जल विभाग अध्यक्ष के रूप में दिखाया बेहतर कार्य का जज़्बा

- 2005 में शहर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाशमी का पांच साल का कार्यकाल भी उल्लेखनीय रहा

धमतरी/नवप्रदेश। महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद भाजपा-कांग्रेस दोनो ही पार्टी में दावेदारों की लंबी कतार है। दावेदारी पुख्ता करने के लिए दर्जनों नेता कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। इन सब के बीच कुछ नाम लोगो की जुबां पर खुद ही सामने रहे है, जो कि उनके विकास की सोच और जनसेवा के जज्बे के साथ कार्य कर दिखाने का परिणाम है। ऐसा ही एक नाम नगर निगम जल विभाग अध्यक्ष का 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पार्षद अवैश हाशमी का है, उनके विकास की सोच के चलते आम जनमानस के बीच चर्चा ने उन्हें महापौर का दमदार दावेदार बना दिया है। फिर जनता की पसंद को पार्टी के द्वारा भी खास तवज्जो दी जा सकती है। कड़ी मेहनत, संघर्षशील छवि, विकास के लिए जी-जान लगाकर कार्य करने का उनका जज्बा लोगो ने नवागांव वार्ड के पार्षद और जल विभाग अध्यक्ष के रूप में देखा है। नगर निगम जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी फिल्टर प्लांट की समस्या दूर करने आधी रात प्लांट जाना हो या शहर में पानी की समस्या होने पर जहां समस्या होता उन वार्डो में अधिकारी, कर्मचारियों के साथ रात भर जाग जागकर सुधार कार्य पूर्ण करवाना हो या फिर दिन भर डटे रहकर लीकेज सुधारना हो अवैश हाशमी ने हमेशा अपने कार्य के प्रति समर्पण भावना दिखाई।कार्य कराने की सोच को धरातल पर उतारकर दिखा दिया कि इच्छाशक्ति हो तो मुश्किल कार्य भी सम्भव हो जाता है।उनके नेतृत्व में शहर में भव्य तीन विशाल ओवर हैंड टैंक निर्माण कार्य पूर्ण हुआ और एक नया फिल्टर प्लांट जिसका 70 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण हो गया है एवं बेजुबान जानवरों के लिए हर साल गर्मी में कोटना वितरण किया गया और जनता को शुद्ध पेयजल में लापरवाही न हो इसके लिए शहर के हर वार्डो का सर्वे करवाकर नाली से नल कनेक्शन व्यवस्थित करने लगभग 85 लाख स्वीकृति करवाए जिस पर कार्य जारी है इस कार्य के लिए शहर वासियों का पैसा नहीं लगेगा इस कार्य को नगर निगम करवाएगी। अवेश हाशमी शहर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पांच साल के कार्यकाल में भी इन्होंने शहरहित के लिए किए गए कार्य उल्लेखनीय है।

निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

गरियाबंद। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं सुचारू संपादन के लिए प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आम नागरिक शिकायत सेल में संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए मोबाईल नम्बर भी जारी किये गये है। श्री चंदन कुमार राय उप संचालक कृषि मोबाईल नम्बर 9340799749 को नोडल बनाया गया है।

परशुराम कप 2025 खिलाड़ियों की नीलामी समाप्त गोपेश ब्राह्मण योधा विजेता की प्रबल दावेदार

राजनांदगाँव/नवप्रदेश।। आयोजक प्रशांत शर्मा जी , अभिषेक शर्मा जी , तथागत पांडेय , दीपेश मिश्रा जी , विकास श्रीवास्तव जी द्वारा 22 जनवरी से मुनिसपल स्कूल राजनांदगाँव में परशुराम क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों की नीलामी एवीस ग्रीन्स होटल में 17 जनवरी शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक चली जिसमे बीजेपी नेता गोपेश शर्मा - बीजेपी नेता ऋषिदेव चौधरी आयोजकों के साथ शामिल हुए - सबसे महँगे खिलाड़ियों में मुख्य नाम अभिषेक शर्मा , शुभम् बनाफ़र , विवेक बोरकर , राहुल शर्मा , सलीम , आशीष जैन रहे - रिटेन प्लेयर्स में राजनांदगाँव के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर में एक गिने जाने वाले सत्यम शर्मा एवं शीतल यादव गोपेश ब्राह्मण योद्धा टीम के सदस्य बने जिससे गोपेश ब्राह्मण योद्धा परशुराम कप 2025 विजेता की प्रबल दावेदार मानी जा रही है ।

चाइनीज मांझा को लेकर पर प्रशासन सख्त, प्रशासनिक टीम ने दुकानों का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पतंग में उपयोग किये जाने वाले खतरनाक चाइनीज मांझे की बिक्री को लेकर जिला प्रशासन कड़ाई से निगरानी कर रही है।कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश पर नगरपालिका एवं राजस्व की टीम द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी सहित जिले के अन्य शहरों के बाजारों और पतंग दुकानों का निरीक्षण किया गया। टीम को किसी दुकान में चाइनीज मांझे बेचने या दुकान में रखे जाने की पुष्टि नहीं मिली। दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री न करें।

चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पाया गया तो संबंधित दुकान पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल किया जाता है।पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा।सूती मांझे की तुलना में चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है।चाइनीज मांझा नायलॉन के धागे से बना होता है और इस पर कांच या मैटेलिक पाउडर की परत चढ़ाई जाती है। यही वजह है कि इसमें धार ज्यादा होती है और इसका त्वचा पर असर बहुत जल्दी दिखाई पड़ता है।

एक्शन... संरक्षण मण्डल रायपुर तथा औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग क़ी टीम पहुँची

कलेक्टर, एसपी पहुंचे खपराड़ीह,स्कूल व अस्पताल में छात्रों क़ी स्थिति का लिया जायजा

- पीड़ित छात्रों के बेहतर ईलाज सहित पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था के भी निर्देश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह के स्कूली बच्चों का अचानक तबियत ख़राब होने क़ी सूचना मिलते ही कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल बुधवार को खपराडीह पहुंचे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूल खपराडीह में बच्चों तथा शिक्षकों से मिलकर जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि सयंत्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण बेचैनी, घबराहट क़ी समस्या हो रही है। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला में भर्ती पीड़ित छात्रों एवं अभिभावकों से मिले और अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से जानकारी लेकर बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। 18 पीड़ित छात्रों में से 12 को सीएचसी सुहेला में तथा 6 को बलौदाबाजार एवं भाटापारा के अस्पताल में स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर एरिया को सीलबंद करने क़ी कार्यवाही क़ी गई। कलेक्टर ने श्री सीमेंट सयंत्र के अल्टरनेट फ्यूल रिसोर्स सेंटर के प्रमुख से पूछ- ताछ क़ी और सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर तथा औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग क़ी टीम पहुँच गई है जो सयंत्र के एएफआर क़ी जांच करेगी।इसके साथ ही वायु प्रदुषण स्तर क़ी भी जांच करने के साथ निगरानी करेगी।उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रो के पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए अन्य स्थान पर पढ़ाई के वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि ग्राम खपराडीह में हायर सेकेण्डरी स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर क़ी दूरी पर श्री सीमेंट सयंत्र स्थापित है। इस सयन्त्र से निकलने वाली गैस क़ी दुर्गन्ध के कारण स्कूल आने वाले कुछ छात्रों क़ी तबीयत ख़राब होने क़ी आशंका जताई जा रही है।

अंतर की राशि 917रू दे साय सरकार : प्रदेश किसान संघ

राजनांदगाँव/नवप्रदेश।। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917रू देने की मांग प्रदेश किसान संघ ने दोहराई है । उल्लेखनीय है कि रविवार को साय केबिनेट ने फरवरी के दूसरे सप्ताह में अंतर की राशि का भुगतान 800रू प्रति क्विंटल के हिसाब से करने का निर्णय लिया है । प्रदेश किसान संघ ने बुधवार को कार्यकारिणी बैठक कर अंतर की राशि में 117रू कटौती को दुर्भाग्य जनक एवं किसान विरोधी बताया है एवं इसे लेकर सड़क की लड़ाई तेज करने का निर्णय लिया है। विदित है कि पिछले साल अंतर की राशि 917 रु प्रति क्विंटल की दर से कृषक उन्नति योजना के माध्यम से भुगतान की गई थी। इस साल मोदी सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में 117रू की बढ़ोत्तरी की है। जिससे समर्थन मूल्य बढ़कर 2300रू प्रति क्विंटल हो गया है।

न्यूज गैलरी

तीन दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

धमतरी /नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग धमतरी में पदस्थ भृत्य श्री शशांक वच्छानी बीते 5 फरवरी 2024 से अनाधिकृत रूप से कर्तव्य पर अनुपस्थित रहे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा उक्त भृत्य को इस संबंध में चार बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, किन्तु कारण बताओ सूचना पत्रों का अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही कार्यालय में अपनी उपस्थिति दी गई। सहायक आयुक्त ने अंतिम रूप से कारण बताओ नोटिस जारी कर उक्त भृत्य को तीन दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नियत समयावधि में उपस्थिति नहीं देने पर उक्त भृत्य के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा से पृथक किया जाएगा, जिसके लिए वे स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की त्रैमासिक बैठक 30 जनवरी को

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की त्रैमासिक बैठक आगामी 30 जनवरी को आहूत की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह बैठक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शाम चार बजे से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने उक्त बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल में एक्स-रे जांच के जरिए टी.बी. मरीजों की पहचान

धमतरी/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में टी.बी. उन्मूलन के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके मद्देनजर धमतरी जिले में टीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए ÓÓनिक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि अभियान के तहत टी.बी. के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन कर एक्स-रे जांच के माध्यम से टी.बी. मरीजों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 34 लोगां का एक्स-रे जांच किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में कुल पंजीकृत एक हजार 364 मरीज हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

तीन दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग धमतरी में पदस्थ भृत्य श्री शशांक वच्छानी बीते 5 फरवरी 2024 से अनाधिकृत रूप से कर्तव्य पर अनुपस्थित रहे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा उक्त भृत्य को इस संबंध में चार बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, किन्तु कारण बताओ सूचना पत्रों का अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही कार्यालय में अपनी उपस्थिति दी गई। सहायक आयुक्त ने अंतिम रूप से कारण बताओ नोटिस जारी कर उक्त भृत्य को तीन दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नियत समयावधि में उपस्थिति नहीं देने पर उक्त भृत्य के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा से पृथक किया जाएगा, जिसके लिए वे स्वतः जिम्मेदार होंगे।

कन्ट्रोल रूम स्थापित, दूरभाष क्रमांक - 07706-241288

गरियाबंद /नवप्रदेश। नगर पालिका एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए जिला कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07706-241288 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के आदेश के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी को कन्ट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए चाईल्ड हेल्पलाईन के समन्वयक तुलेश्वर साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायक नोडल अधिकारी तुलेश्वर साहू कन्ट्रोल रूम के निर्देशानुसार कन्ट्रोल रूम का प्रतिदिन निरीक्षण एवं संचालन की तैयारी करेंगे।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम

गरियाबंद /नवप्रदेश। जिले में नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वीप गतिविधियों अंतर्गत मतदाताओं में मतदान की महत्ता व मतदान के प्रति जागरूकता लाने जाबो कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री घासीदास मरकाम ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतिभागियों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने को कहा है। इनमें 27 जनवरी को जिले के समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्रा अंतर्गत स्वसहायता समूह के महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व समस्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा कलश यात्रा, शपथ संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 28 जनवरी को जिले के समस्त महाविद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राएं द्वारा नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण गीत कार्यक्रम, 29 जनवरी को जिले के समस्त जनपद, ग्राम पंचायत व महाविद्यालय में स्व सहायता की महिलाएं एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं द्वारा महिलाओं एवं युवाओं का क्वीज टेस्ट, 30 जनवरी को जिले के समस्त ग्रामीण व नगरीय निकायों में नागरिकों द्वारा स्टीकर कवरेट प्रोग्राम और 31 जनवरी को जिले के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में नागरिकों द्वारा डोर टू डोर विजिट कार्यक्रम जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन : सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण

मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश

रैम्प, छाया एवं पेयजल की सुविधा पर विशेष ध्यान दे

गरियाबंद/नवप्रदेश। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नियुक्त 55 सेक्टर अधिकारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने मतदान केन्द्र के भौतिक सत्यापन के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए दिए गए सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा जैसे रैम्प, छाया, शौचालय, पानी, पर्याप्त प्रकाश, बिजली, फर्नीचर आदि की सुविधा हो यह भी सुनिश्चित कर ले। जर्जर भवन में मतदान केंद्र न बनाए, उसी परिसर में अच्छे भवन को मतदान के लिए उपयोग करे। मतदान के पहले और उसके बाद की कार्यवाहियों को भी अच्छे से तैयारी कर ले। निर्वाचन के लिए आवश्यक रिपोर्ट, फॉर्म और दस्तावेजों की भी अच्छे से जानकारी रख कर समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित करे। मतपेटियों की उपलब्धता, स्थिति आदि की तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को संबंधित मतदान दलों का अच्छे से प्रशिक्षण पूर्ण हो जाए यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्र पर अद्यतन मतदाता सूची महिला-पुरूष की जानकारी अंकित करे। सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों में आने-जाने या कही खामिया है तो उसकी जानकारी जनपद सीईओ एवं एसडीएम से समन्वय कर दूरस्थ कराये। संबंधित अधिकारियों का समन्वय के लिए वाट्सअप ग्रुप बना ले। सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन संपादन के लिए उपलब्ध कराई गई पुस्तिका को अच्छे से पढ़े। मतपेटी को बंद करने और खोलने की प्रक्रिया को भी अच्छे से जान ले। सेक्टर अधिकारी मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केन्द्रों का कम से कम दो बार अनिवार्य रूप से निरीक्षण कर रिपोर्टिंग करें। मतदान समाप्त होने के उपरांत तुरंत मतगणना कराये। इस दौरान प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्री घासीदास मरकाम, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर बंटी राय, आर.पी. मिश्रा एवं श्री छन्नुलाल तारक एवं सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, कन्ट्रोल रूम, रिटर्निंग आफिसर कक्ष, एमसीएमसी एवं अनुवीक्षण इकाई का किया निरीक्षण

व्यय और मीडिया मॉनिटरिंग के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बनाये जा रहे स्ट्रांग रूम और मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैम्प निर्माण, विद्युत, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, मतदान के लिए सामग्री वितरण, मतगणना के लिए टेबल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थापित कन्ट्रोल रूम, रिटर्निंग आफिसर कक्ष, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) इकाई, व्यय अनुवीक्षण इकाई एवं शिकायत शाखा का निरीक्षण किया। संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 71 में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और एफएम आकाशवाणी अनुवीक्षण इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा, परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर अग्रवाल ने व्यय अनुवीक्षण इकाई के निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। उन्होंने व्यय मॉनिटरिंग के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश सिंह राजपूत, सहायक संचालक जनसंपर्क एवं एमसीएमसी सदस्य सचिव हेमनाथ सिदार सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति की टीम मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 को

उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेबल अधिकारियों का किया जाएगा सम्मान

हम और नथिंग लाईक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर थीम पर

धमतरी/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जाएगा। इस दिन जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों सिहावा, कुरूद और धमतरी के सभी मतदान केन्द्रों में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम और नथिंग लाईक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय गांधी मैदान धमतरी में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नये मतदाताओं के स्वागत के साथ ही उन्हें रंगीन मतदाता फोटो परिचय पत्र का वितरण किया जाएगा तथा उपस्थित सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही बैच का भी वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-जामपानी के बूथ लेबल अधिकारी चित्ररेखा नेताम, विधानसभा कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 159-नवागांव के बूथ लेबल अधिकारी खेमनसिंग कंवर और विधानसभा धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 47 परेवाडीह के बूथ लेबल अधिकारी उमेश कुमार जोशी को प्रशस्ति पत्र तथा नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह महाविद्यालय में स्वीप के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के प्रोफेसर और नोडल ऑफिसर (स्वीप) डॉ.यशोदा साहू को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई

13 दुकानों पर 2 हजार रूपये से अधिक का लगाया जुर्माना

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार तम्बाकू नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एम.ए.नसीम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बस स्टैण्ड, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा, रामबाग, अंबेडकर चौक के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की गई। की जांच की विभिन्न तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल शॉप, टी-स्टॉल, किराना दुकानों मे तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 13 दुकानों पर दो हजार 300 रुपए का जुर्माना किया गया। इस अवसर पर औषधी निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रिटर्निंग अधिकारी ने किया चुनावी स्थलों का निरीक्षण

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों के लिए प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। निर्वाचन अधिकारियों ने मतदान केंद्रों, स्ट्रांगरूम और मतगणना स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की संजीदगी से समीक्षा की और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए।

गुरुवार को, रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कुरूद, सुश्री बेरनदत्ता एक्का. तहसीलदार दुर्गा साहू और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीएमओ महेन्द्रराज गुप्ता ने चुनावी स्थलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने इंडोर स्टेडियम में बनाए गए स्ट्रांगरूम का मुआयना किया, जहां मतपेटियों को सुरक्षित रखने, सुरक्षा बलों के लिए आवास व्यवस्था और मतगणना प्रक्रिया के लिए समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने पर चर्चा की। अधिकारियों ने स्ट्रांगरूम में सुरक्षा के विशेष उपायों को और मजबूत करने, मतदान के बाद मतपेटियों की सुरक्षित निगरानी और चुनाव परिणामों की पारदर्शिता को लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। टीम में शामिल पीडब्ल्यूडी एसडीओ श्री गंजीर, नगर पंचायत इंजीनियर बीआर साहू, टीआई अरुण साहू और अन्य अधिकारियों ने भी स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल पर व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने मतगणना की व्यवस्था में बदलाव करने और उम्मीदवारों के लिए पूरी प्रक्रिया को सटीक एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में काम किया।

कोपेडीह और कापसी सरपंच पद के लिए गोविंद साहू ने की दावेदारी

दुर्ग। कोपेडीह/नवप्रदेश। ग्राम कोपेडीह और कापसी सरपंच के प्रत्याशी गोविंद साहू ने वादा किया कि वह ग्राम कोपेडीह और कापसी जो अनेक विकास कार्यों से दूर है उसे पूरा करना ही उनका लक्ष्य है। गोविंद साहू सरपंच पद के प्रत्याशी है। उन्होंने बताया की जो वर्तमान में स्कूल नवीन प्राथमिक शाला पांचवीं तक है। और वह भी गांव के बीच जो पक्की सड़क निकलती है वहां पर है। जिससे हादसे का भी खतरा बना रहता है। उसका स्थानांतरण करना जरूरी है। स्कूल के अलावा जो खेल मैदान कोपेडीह में है उसके चारों ओर बाउंड्री वाल होना जरूरी बताया ताकि भविष्य में बच्चों का खेल मैदान सुरक्षित रहे।

सरपंच पद के प्रत्याशी गोविंद साहू ने एक विज्ञप्ति कर जारी कर बताया कि वह ग्राम के विकास के लिए कटिबद्ध है ग्राम में जहां पानी की समस्या है नाली की समस्या है बच्चों के लिए स्कूल भवन तथा खेल का मैदान के लिए कटिबद्ध है इसके लिए समस्याओं के निराकरण के लिए वादा किया है । गोविंद साहू ग्राम कोपेडीह और कापसी के निवासी है, उनकी छवि स्वच्छ है। जिसके कारण सरपंच पद की दौड़ में आगे दिखाई दे रहे है।

शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश प्रतिबंधित

एक से अधिक दिन के अवकाश के लिए कलेक्टर से लेनी होगी अनुमति

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेशानुसार अति आवश्यक होने पर कार्यालय प्रमुख एक दिन का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर सकेंगे, परंतु मुख्यालय छोडऩे की अनुमति नहीं देंगे। एक दिन से अधिक अवकाश स्वीकृत एवं मुख्यालय छोडऩे की अनुमति के लिए कार्यालय प्रमुख अनुशंसा सहित मूल आवेदन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। प्राप्त आवेदन पत्रों पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा परीक्षण कर नस्ती निराकरण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अवकाश एवं मुख्यालय छोडऩे की अनुमति प्राप्त किए मुख्यालय से प्रस्थान नहीं कर सकेंगे।

ओपन चौंपियनशिप *जिले के दिव्यांग बच्चों ने ग्वालियर में किया बेहतर प्रदर्शन*

ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म-रेसलिंग कप में दृष्टि बाधित

जिले के 14 दिव्यांग बच्चों ने मेडल जीते

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल से जिले के आर्म-रेसलिंग खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने बच्चो को आर्म-रेसलिंग खेल से संबंधित जानकारी लेते हुए उन्हें और अधिक मेहनत करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रिय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, संस्था प्रमुख रामगुलाल सिन्हा, सक्षम स्कूल के प्रधान पाठक उमेश्वरी साहू और संस्था के सदस्य कोमल उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि ओपन चौंपियनशिप आर्म-रेसलिंग में सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम के दृष्टि बाधित बालक-बालिकाओं ने ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म-रेसलिंग कप 2025 ऑर्गेनाइज्ड ग्वालियर आर्म-रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन अंडर द ऑस्पिसेज ऑफ मपावा एंड पाफ़ी 18 एवं 19 जनवरी में आयोजित प्रतियोगिता में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। पैरा पाफी के प्रेसीडेंट प्रीति झंगियानी, जनरल सेक्रेटरी डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। जिसमें जिले के 14 दिव्यांग बच्चों ने मेडल जीते। जिसमें भीष्म नारायण अंडर 55 किलो जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल, अंडर 60 किलो राइट हैंड जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल, अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल, रामशरण ने अंडर 70 किलो लेफ्ट हैंड में ब्रांच मेडल, अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में गोल्ड मेडल, अंडर 65 किलो जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल, हरित लोहार ने अंडर 50 किलो जूनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल, अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में सिल्वर मेडल, राइट हैंड में गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल जीते।

एमुनिया निषाद ने अंडर 60 किलो लेफ्ट हैंड में ब्रांस मेडल, अंडर 50 किलो जूनियर लेफ्ट हैंड में ब्रांस मेडल, राईट हैण्ड सिल्वर मेडल, ब्रांस मेडल जीते।

संक्षिप्त खबरें..

जब्त पनीर गायब होने पर अधिकारी सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी परीसर से लगभग ढाई हजार किलो पनीर गायब होने के मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया है। खाद्य नियंत्रक चंदन कुमार ने निलंबन आदेश जारी किया है। साथ ही पूरे मामले में जांच बिठा दी गई है। इस बात की पड़ताल की जा रही है की आखिर सरकारी परिसर से नकली पनीर चुराने वाला और खबर प्रसारण के बाद बड़ी मात्रा में पनीर वापस पहुंचाने वाला कौन है। इस मामले में नटकीय घटक्रम सामने आया था। बुधवार को अधिकारियों के आने के पहले अज्ञात व्यक्ति ने बड़ी मात्रा में 50-50 किलो वाली पनीर की 16 पेटियां वापस पहुंचा दी हैं। संबंधित अधिकारी मीडिया के सामने नहीं बता पा रहे हैं की आखिर कौन सी गाड़ी पेटियां छोड़ कर गई, उसका मालिक कौन है और पेटियों में बंद पनीर कहीं बदल तो नहीं दिया गया।

गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन की बिक्री

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर रायपुर नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्वच्छता निरीक्षक मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने जोन में मांस-मटन की दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

सीएम साय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा कि नेताजी के द्वारा देश के लिए किए गए अतुल्य योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेताजी अपने साहसिक नेतृत्व और देश प्रेम के लिए जाने जाते थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' जैसे नारों से देशवासियों में उत्साह का संचार किया और आजादी के लिए देशवासियों को अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा जीवन आज भी युवाओं को देश की सेवा के लिए अथक परिश्रम करने हेतु प्रेरित करता है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेता जी का योगदान युवाओं को सदैव प्रेरित करते रहेगा।

कलेक्टर ने कार्य से रायपुर निगम आए आमजनों से चर्चा की

रायपुर /नवप्रदेश। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन पहुंचे.नगर निगम प्रशासक ने नगर निगम कार्यालय में कार्य से आये आमजनों से चर्चा कर जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों के कार्यों को समय पर करवाएं. उन्हें कार्य करवाने इधर - उधर भटकना ना पड़े। आमजनों के साथ अधिकारी एवं कर्मचारीगण अच्छा व्यवहार करें। अपने दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करें. जिला कलेक्टर एवं प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने भूतल पर नगर निगम लोक सेवा केन्द्र की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा की उपस्थिति में किया. वहाँ कार्य से पहुंचे नागरिकों से चर्चा की।

पूर्व पार्षद ने जमीन पर किया अवैध कब्जा-बृजलाल

रायपुर/नवप्रदेश। कमलाबाई पति बैसाखू ढीमर बृजलाल वल्द जद्दूराम सपहा निवासी महामाईपारा पुरानी बस्ती रायपुर के निवासियों ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया कि पूर्व पार्षद सालिकराम सिंह ठाकुर एवं उनके 20 साथियों ने पहन. 00062 रानिमं -रायपुर 12 रायपुर व तहसील जिला रायपुर छग में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर-1715/31 रकबा 0.172 हेक्टेयर भूमि जिसके विक्रेता पुनऊराम वल्द मुकुंदीलाल पटेल निवासी कंकाली पारा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16 अक्टूबर 1990 को क्रय किया था। उक्त भूमि के चारों ओर बड़ा दरवाजा एवं बाऊंड्रीवाल करवाया गया था जिसे चार दिन पूर्व सालिकराम सिंह ठाकुर एवं उनके साथियों द्वारा तोड़कर जबरिया कब्जा फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर किया गया है। उक्त मामले को लेकर पुरानी बस्ती थाना में भी रिपोर्ट दर्ज करायी गई है किंतु पुलिस स्टॉफ द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। सीएसपी पुरानी बस्ती थाना को दिये गये आवेदन में वार्ताकारों ने उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवा कर उन्हें वापस करवाने की मांग की है।

तेज रफ्तार वाहन ने मासूम को कुचला, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना तिल्दा-सिमगा मार्ग पर ग्राम बिलाड़ी के पास की है। मृतक की पहचान मयंक यादव के रूप में हुई है, जो हरीश यदु का पुत्र था। दुर्घटना उस समय हुई जब मयंक अपनी दादी के साथ खेत से घर लौट रहा था। सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार हाइवा (नंबर ष्टत्र 28 क्क 1028) ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने हाइवा को रोक लिया और आक्रोश में सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश जारी है।

दिल्ली तक पहुंची धमतरी के कमारों की धमक

राष्ट्रीय मंच पर सरोज ने सुनाई जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा

प्रधानमंत्री जनमन कॉन्क्लेव में शामिल हुए कमार जनजाति के सदस्य

धमतरी/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति कही जाने वाले धमतरी की कमार जनजाति की पहुंच अब दिल्ली तक हो गई है। पहली बार इस जनजाति के सरोज नेताम ने भारत मण्डपम में आयोजित प्रधानमंत्री जनमन कॉन्क्लेव में अपने जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा सुनाई। कमार जनजाति के सामाजिक-आर्थिक सहित सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कामों का प्रजेंन्टेशन भी देशभर के आईएएस अधिकारियों और कलेक्टरों के समक्ष प्रस्तुत किया। नेताम ने कमार जनजाति के सदस्यों के आगे बढ़ने में आने वाली बाधाओं- परेशानियों को कॉन्क्लेव में सभी के साथ साझा किया और इन चुनौतियों से निपटने के लिए जनमन योजना द्वारा मिले लाभ के बारे में भी सभी को बताया। धमतरी जिले में 130 बसाहटों में 7 हजार से अधिक कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। एक हजार आठ सौ परिवारों का यह कुनबा दूरस्थ वनांचलों के अलग-अलग इलाकों में बिखरा पड़ा है। जनमन योजना से शिक्षा, स्वास्थ्य, सबको घर, खेती-किसानी की सुविधाएं, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज बनाने से लेकर हितग्राही मूलक योजनाओं को इन तक पहुंचाकर विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल धमतरी जिले में साकार से हो पाई है। इन योजनाओं को कमार जनजाति के लोगों तक पहुंचाने में खुद सरोज कुमार नेताम का विशेष योगदान रहा है और वे अब अपनी जनजाति के लिए ''जनमन मिते, जमाय चो हिते,'' के रूप में स्थापित हो गए हैं। जनमन पैकेज से बदला माहौल, हमारी चिंता करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवादः- नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित कॉन्क्लेव में देशभर के प्रशासनिक अधिकारियों को अपने जनजातीय समुदाय की विकास गाथा बताते हुए कमार समाज के प्रमुख श्री सरोज नेताम ने कहा कि अशिक्षा और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण कमार समाज विशेष पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में शामिल है। घुमंतू जीवन जीने, स्थायी आवास नहीं होने, खेती-किसानी का अभाव, बाल विवाह जैसी कुप्रथा और प्रशासन की पहुंच से दूर होने के कारण लंबे समय से यह जनजाति पिछड़ेपन का दंश झेल रही है। श्री नेताम ने बताया कि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के नेतृत्व में प्रशासन ने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत कमार जनजाति के विकास के लिए परिणाममूलक योजना तैयार की। निर्धारित समय अवधि में योजना अनुसार घटकों की पूर्ति की गई और जनमन योजना का एक पूरा पैकेज हमारी जनजाति को मिला। कमार गांवों में सड़क, लोगों को रहने के लिए स्थायी घर, बिजली और पानी के साथ बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षक भी मिले। श्री नेताम ने इन सभी सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की चिंता करने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जनमन पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया। कमारों की सहभागिता और जरूरतों के हिसाब से बनी योजना के प्रशासनिक स्तर पर क्रियान्वयन का परिणाम यह हुआ कि आज 7 हजार एक सौ से अधिक कमार सदस्यों के आधार कार्ड बनाए जा चुके हैं। 650 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलना शुरू हो गई है।

विकास योजनाएं बनाने और क्रियान्वयन तथा मॉनिटरिंग के लिए कमार समुदाय की सहभागिता से मिला रिजल्ट

कमार जनजातीय समुदाय की विकास गाथा को बताते हुए नेताम ने आगे कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में विकास कार्यों को करना अपने आप में एक चुनौती थी, परन्तु जिला प्रशासन की योजना काम कर गई। योजना में कमार समुदाय की पूरी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय भाषा में संवाद का प्रयास किया। जनमन योजना में परिणाम पाने के लिए प्रशासन ने समयबद्ध प्लानिंग की। कमार बसाहटों के दस सर्किलों के अध्यक्षों और हर गांव के ग्राम अध्यक्ष को योजना में शामिल किया गया। विकास योजनाएं बनाने और उनके क्रियान्वयन तथा मॉनिटरिंग के लिए भी कमार समुदाय की सहभागिता स्टैक होल्डर के रूप में सुनिश्चित की गई। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। कई स्तरों की बैठकों और संवाद के बाद जनमन कार्यक्रम से कमार समाज और प्रशासन के बीच की दूरियां कम हुई और उनके मनोविचारों में भी बदलाव आया।

बिलासपुर हाईकोर्ट का फैसला- सिविल जज की परीक्षा

बार काउंसिल में नामांकन या एनरोलमेंट न होने पर भी ले सकते हैं परीक्षा में भाग

सरकारी नौकरी में है इसलिए वकालत के तौर पर उनका नामांकन बार काउंसिल में नहीं हो सका

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सिविल जज की परीक्षा में वह उम्मीदवार भी भाग ले सकते हैं जिनका बार काउंसिल में नामांकन या एनरोलमेंट नहीं है। कोर्ट ने साफ शब्दों में आदेशित किया है कि सिविल जज की परीक्षा के लिए किसी भी विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री ही अनिवार्य होगी। इसके साथ ही इन सिविल जज की परीक्षाओं में सरकारी नौकरी में रहते हुए भी भाग लिया जा सकता है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही सीजीपीएससी को सिविल जज की परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि को 24 जनवरी 2025 से एक महीने तक के लिए आगे बढऩे का आदेश दिया है।

बार काउंसिल की अनिवार्य पात्रता

बता दें कि जबलपुर निवासी विनीता यादव ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है। दायर याचिका में कहा गया है कि सीजीपीएससी ने 23 दिसंबर 2024 को सिविल जज परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है परीक्षा में आवेदन करने की की अंतिम तिथि 24 जनवरी 2025 रखी गई है। सीजीपीएससी की ओर से इसमें एक शर्त रखी गई है जिसमें कहा गया है कि किसी भी विश्वविद्यालय से ला की डिग्री के साथ ही आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का बार काउंसिल में

नामांकन जरूरी है और वह वकील के तौर पर प्रैक्टिस भी कर रहे हो। इस शर्त को विनीता यादव ने चुनौती दी थी इसमें कहा गया कि वह सरकारी नौकरी में है। उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से ला की डिग्री ली हुई है। क्योंकि वह सरकारी नौकरी में है इसलिए वकालत के तौर पर उनका नामांकन बार काउंसिल में नहीं हो सका है। बार काउंसिल की अनिवार्य पात्रता होने के कारण वह इस सिविल जज की परीक्षा से वंचित हो रही है।

शर्त को हटाने और आवेदन किए जाने की छूट की मांग

अपनी याचिका में उन्होंने इस शर्त को हटाने और आवेदन किए जाने की छूट की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि इस तरह की शर्त किसी भी और दूसरे राज्यों में नहीं है। यहां तक की हरियाणा, राजस्थान,उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली में भी इस तरह की कोई शर्त नहीं है और वहां सिविल जज की परीक्षा के लिए अनिवार्य पात्रता या अहर्ता सिर्फ किसी भी विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री होना ही है। हालांकि मध्य प्रदेश में इसे आवश्यक नहीं बल्कि ऑप्शनल के तौर पर जरूर रखा गया है। याचिका के बाद हाईकोर्ट ने मामले में सीजीपीएससी, राज्य के विधि विधाई विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। शासन की ओर से इस शर्त को अनिवार्य बताते हुए अपना पक्ष रखा गया।

नामांकन में छूट प्रदान करने का फैसला

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिंह और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डीबी ने मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हाई कोर्ट ने बार काउंसिल में सरकारी नौकरी वालों को नामांकन में छूट प्रदान करने का फैसला दिया है। डीबी ने अपने फैसले में कहा है कि इस तरह की शर्त की कोई जरूरत नहीं है। सिविल जज की परीक्षा में शामिल होने के लिए ला की डिग्री होना ही पर्याप्त है। कोर्ट ने अपने फैसले में याचिका करता विनीता यादव को आवेदन करने की छूट दी है और इस संबंध में सीजीपीएससी को भी आदेशित किया है । हाईकोर्ट ने सीजीपीएससी को कहा है कि इस भर्ती के लिए आवेदन की तिथि को 24 जनवरी 2025 से 1 महीने के लिए आगे बढ़ाया जाए। यह फैसला उन अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा जिन्होंने याचिका दायर नहीं की है और जो की सरकारी नौकरी में है।

दावेदारों की चर्चा : पांच निगमों में महिलाएं होंगी महापौर, ठोकी ताल

रायपुर /नवप्रदेश। नगरीय निकाय-त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की डुगडुगी बजते ही राजनीतिक दलों ने भी योग्य प्रत्याशी के लिए मंथन तेज कर दिया है। प्रदेश के 14 में से 10 नगर निगमों में महापौर पद चुनाव हो रहा है। इनमें पांच निगमों इस बार महिला के लिए आरक्षित किया गया है। 10 नगर निगमों में अभी चुनाव होंगे और बाकी चार नगर निगमों में दिसंबर 2025 में चुनाव होंगे। अभी जिन निगमों में चुनाव होना है, उनमें दावेदारों की चर्चा तेज हो गई है।

रायपुर नगर निगम में भाजपा की ओर से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहीं मीनल चौबे, रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकीं लक्ष्मी वर्मा, विश्वनंदिनी पांडेय सहित अन्य महिलाओं के नामों की चर्चा है। कांग्रेस की तरफ से पूर्व में रायपुर की महापौर रह चुकीं डॉ. किरणमयी नायक, सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे, परमजीत कौर, निशा देवेंद्र यादव सहित अन्य के नामों की चर्चा है। इसी तरह दुर्ग नगर निगम, कोरबा नगर निगम सहित अन्य निगमों में भी दावेदारों की चर्चा हो रही है। राज्य के 14 नगर निगम में महापौर, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायत में अध्यक्ष के आरक्षण की प्रकिया मंगलवार को पूरी हो गई। दीनदयाल आडिटोरियम में कुल 192 नगरीय निकायों के लिए आरक्षण तय करने के लिए लाटरी निकाली गई। इस बार पांच नगर निगमों में महिला महापौर चुनीं जाएंगी।

इनमें रायपुर, कोरबा और बिरगांव में सामान्य वर्ग की महिलाएं चुनाव लड़ सकेंगी। जबकि रिसाली में अनुसूचित जाति और दुर्ग में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला को महापौर के लिए चुनाव लडऩे का मौका मिलेगा। भिलाई, भिलाई-चरोदा, बिलासपुर नगर निगम को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। जगदलपुर, चिरमिरी को सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। रायगढ़ नगर निगम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति के लिए

14 में से 10 निगमों में ही होगा चुनाव

भले ही 14 नगर निगमों में लाटरी निकाली गई है, लेकिन 14 नगर निगमों में से केवल 10 निगमों में ही चुनाव होंगे। रिसाली, भिलाई, बीरगांव और भिलाई-चरोदा निगम में अभी चुनाव नहीं होंगे, क्योंकि इन निगमों का कार्यकाल दिसंबर 2025 में पूरा हो रहा है।

महादेव सट्टा एप के आरोपियों को हाईकोर्ट से मिला बड़ा झटका

एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत अर्जी खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप चलाने में प्रमोटर्स के लिए काम करने वाले आरोपी एएसआई और हवाला कारोबारी की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। एएसआई पर आरोपियों के साथ ही अफसरों और राजनेताओं के बीच संपर्क कराने और उनके लिए काम करने का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में सार्वजनिक जुआ अधिनियम और ईडी ने केस दर्ज की थी। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। दरअसल, महादेव सट्टा ऐप केस में ईडी ने आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने छत्तीसगढ़ के राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों के साथ महादेव ऑनलाइन बुक प्रमोटरों के लिए संपर्क सूत्र के रूप में काम किया। ईडी ने जांच के दौरान हवाला किंग अनिल कुमार दम्मानी और सुनील कुमार दम्मानी को भी पकड़ा। सभी आरोपी जेल में बंद हैं। इनमें से चंद्रभूषण वर्मा और सुनील दम्मानी ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने जमानत का विरोध किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। दुर्ग पुलिस ने 29 फरवरी 2022 को मोहन नगर थाने में आलोक सिंह राजपूत, रामप्रवेश साहू, खडग़ उर्फ राजा सिंह, अभिषेक और पिंटू के खिलाफ सार्वजनिक जुआ (छ.ग. संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 4ए, आईपीसी की धारा 420, 120बी और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत दर्ज की गई थी।

केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल, लखमा और देवेंद्र यादव से मिले ?

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल ने लखमा और देवेंद्र यादव से मुलाकात की। एक्स में मुलाकात की जानकारी साझा करते बघेल ने कहा, आज केंद्रीय जेल, रायपुर पहुँचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, आदिवासियों की मुखर आवाज़ कवासी लखमा एवं युवा नेतृत्व, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। यह तानाशाह सरकार जनहित और अधिकार के लिए उठने वाली आवाजों को षड्यंत्र कर खामोश कर देना चाहती है. लेकिन अंत में विजय सत्य की होगी।

मौसम *शुष्क हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी, ठंड का असर कम होने लगा*

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, चढ़ने लगा पारा

दिन में गर्मी का अहसास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज गुरुवार को मौसम शुष्क रहेगा। शुष्क हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे ठंड का असर धीरे-धीरे कम होने लगा है। इन दिनों न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि की तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी है, लेकिन अब न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव के असर नहीं है।

न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोत्तरी

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसम में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। शुष्क हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे ठंड कम होने लगी है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

दिन और रात होने लगी गर्म

बीते दिनों की तुलना में आज से कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लगभग ठंड भी कम लगने लगी है। इन दिनों प्रदेश में मौसम साफ है। शुष्क हवा के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि होगी। पारा बढऩे से ठंड कम होगी। दिन का पारा बढऩे से हल्की गर्मी महसूस होने लगेगी।

सबसे ठंड इलाका अंबिकापुर

प्रदेश में सबसे ठंड इलाका अंबिकापुर रहा है। यहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं सर्वाधिक अधिकतम तापमान बीजापुर में 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आगामी कुछ दिनों का मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। हालांकि तापमान में बढ़ोतरी होगी। आज राजधानी रायपुर में मौसम साफ रहेगा। इसके साथ ही यहां न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

सहकारी बैंक में शासकीय राशि गबन, शाखा प्रबंधक और सहयोगी गिरफ्तार

बलरामपुर रामानुजगंज/नवप्रदेश। बलरामपुर रामानुजगंज पुलिस को सहकारी बैंक में करोड़ो रुपये के गबन मामले में सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे मास्टर माइंड ब्रांच मैनेजर शंकर राम भगत को अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। मामले में सहयोगी मनोज विश्वास को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक, अंबिकापुर कॉपरेटिव बैंक के शाखा प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव (54) रामानुजगंज थाने में लिखित आवेदन पेश कर शिकायत दर्ज कराया। जिसमें रामानुजगंज को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक शंकर राम भगत, कैशियर विजय कुमार उइके, कैशियर राजेश पाल, कम्प्यूटर आपरेटर पंकज विश्वास के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर किसानों एवं समितियों को मिलने वाली लोन की राशि एवं समितियों के लाभांश को गैर वित्तीय एवं गैर बैंकिंग नियम के तहत समितियों के खाता धारकों व किसानो के शासकीय रकम को गबन किया गया। जिसके बाद रामानुजगंज पुलिस ने जांच के बाद अपराध क्रमांक 157/2024 धारा 409, 34,120 (बी) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में ली। पुलिस की जांच में पाया गया कि को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक घटना के मुख्य आरोपी शंकर राम भगत (53) जिला सरगुजा निवासी अपने एक संगठित गिरोह बनाकर गबन कर रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999